4 | रायपुर संभाग
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कार्यालय में भ्रष्टाचार का खुला...

6 | अभिमत
पीओके में अशांति अमित शाह का बयान

09 | विविध
छत्तीसगढ़ के स्कूलों में समर कैंप का आयोजन

10 | संस्कारधानी
निगम की अंधेरगर्दी, यातायात सुधरने की कवायद और...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 19 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-266 मूल्य 3.00 ₹

चिक न्यूज

चिनूक हेलीकॉप्टर का मॉडल गायब होने की ख़बर गलत : रक्षा मंत्रालय

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने वायु सेना के बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टर चिनूक के मॉडल के लखनऊ में गायब होने की खबरों का खंडन किया है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट कर मीडिया में इस संबंध में आई खबर को भ्रामक बताते हुए इसका खंडन किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ में 2020 में आयोजित रक्षा प्रदर्शनी से चिनूक हेलीकॉप्टर के मॉडल के गायब होने की खबर भ्रामक है। अमेरिकी कंपनी चिनूक हेलीकॉप्टर बनाती है और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने लखनऊ में कभी भी इस हेलीकॉप्टर का मॉडल न तो प्रदर्शनी में लगाया और न ही इसका प्रदर्शन किया गया।

उप-मुख्यमंत्री शर्मा ने किर्गिस्तान में रह रहे छत्तीसगढ़ के छात्रों से बात की

रायपुर। उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मध्य एशियाई देश किर्गिस्तान में हिंसा के समाचारों के बीच वहां मेडिकल की पढ़ाई करने गए छत्तीसगढ़ के छात्रों से फोन पर

बात की। एक छात्र ने खुद को रायपुर का होना बताया। उप-मुख्यमंत्री शर्मा ने छात्रों से उनकी कुशलता जानी और किसी भी सहायता की आवश्यकता होने पर तत्काल संपर्क करने की बात कहते हुए अपना मोबाइल नंबर सेव करने के लिए कहा। उप-मुख्यमंत्री शर्मा ने छात्रों से उनके परिवारजनों का भी फोन नंबर मांगा और अपना नम्बर उन्हें भी देने के लिए कहा, ताकि उनसे भी संपर्क बनाए रखते हुए आवश्यक सहायता सुनिश्चित की जा सके।

पुलिस नक्सलियों के बीच मुठभेड़ , एक नक्सली ढेर

सुकमा। सुकमा में टेटराई तोलनाई के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है।

पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य नक्सली सामाग्री भी बरामद की है। मामले की जानकारी देते हुए सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि नक्सलियों की एक पार्टी जंगल मे मौजूद है। जिसके बाद पुलिस को तोलनाई एवं टेटराई के बीच जंगल पहाड़ी में भेजा गया। जैसे ही पुलिस टीम वहां पहुंची पहले से घात लगाए नक्सलियों ने उनपर हमला कर दिया। पुलिस के द्वारा भी जवाबी कार्रवाई की गई।

भाई-भतीजावाद की राजनीति से सावधान रहे देश की जनता : मोदी

पायनियर संवाददाता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर दिवालेपन का आर्थिक एजेंडा अपनाने और भाई-भतीजावाद की नीति पर चलने का आरोप लगाते हुये जनता को उनके प्रति आगाह किया है। मोदी ने पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की चुनाव रैली को संबोधित करते हुये कहा, यह चुनाव भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का चुनाव का है। यह देश की अर्थव्यवस्था को उन ताकतों से बचाने का चुनाव है, जो अपनी आर्थिक नीतियों से भारत को दिवालिया कर देना चाहती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार गरीब और मध्य वर्ग के जीवन को आसान बनाने और उनके लिये खुशियां लाने के काम में लगी है, पर विपक्षी दल लोगों की सम्पत्ति छीनना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि यह चुनाव भारत के युवाओं के लिये नये अवसर बनाने के लिये है, उस परम्परा और सोच को पराजित करने के लिये है, जिसने वर्षों तक भाई-भतीजावाद, परिवारवाद को बढ़ावा देकर युवाओं का भविष्य बर्बाद किया है। उन्होंने जनता से ऐसी ताकतों को परास्त करने की अपील की जो देश को कमजोर करना चाहती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने जब पांच-छह दशक पहले अपना घर-बार छोड़कर जीवन यात्रा शुरू की थी, तो उन्हें पता नहीं था कि वह एक दिन लाल किले पर तिरंगा फहरायेंगे और 140 करोड़ भारतीय उनका परिवार बन जायेंगे। मोदी ने कहा कि वह अपने लिये बल्कि देश के बच्चों के भविष्य उज्जवल बनाने के लिये अपना जीवन लगा रहे हैं। उन्होंने दिल्ली के विकास के लिये उनकी सरकार की ओर से किये गये कार्यों का उल्लेख करते हुये कहा कि जी-20 सम्मेलन में दुनिया के शीर्ष नेता चकित थे। दिल्ली में आज भारत मंडपम और यशोभूमि जैसे आधुनिक सम्मेलन केन्द्र बन रहे हैं और नया संसद भवन हमारी शान बढ़ा रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक और पुलिस मेमोरियल की स्थापना का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया में कोई भी जगह हो। इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश लेकर आता है, छोटे से छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े से बड़े बिजनेसमैन तक सभी फायदे में हैं, क्योंकि केन्द्र सरकार दिल्ली का चौतरफा विकास कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में अनधिकृत कालोनियों को नियमित करने का काम चल रहा है और झुग्गियों की जगह पक्के घर बनाने का अभियान भी जारी है। उन्होंने कहा कि मध्य वर्ग के जो साथी अपना घर बनाना चाहते हैं, उन्हें सरकार बड़ी आर्थिक मदद देने जा रही है।

मोदी जेल का खेल बंद कर हमें एक साथ जेल में डाल दें: केजरीवाल

एजेंसी ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि रोज-रोज जेल का खेल खेलना बंद कीजिए और रविवार को अपने सांसदों, विधायकों समेत सभी बड़े नेताओं को लेकर भाजपा मुख्यालय आ रहा हूं, आप सबको जेल में डाल दीजिए। केजरीवाल ने ने अपने निजी सहायक बिभव कुमार को गिरफ्तार किए जाने पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली और देश की जनता देख रही है कि किस तरह से ये लोग आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ गए हैं। ये लोग एक के बाद एक हमारे नेताओं को जेल में डालते जा रहे हैं। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा अभी लंदन से लौटे हैं और ये कह रहे हैं कि उनको भी जेल में डालेंगे। ये कह रहे हैं कि कुछ दिन बाद सौरभ भारद्वाज और आतिशी को भी जेल में डालेंगे। उन्होंने कहा कि मैं यह सोच रहा था कि हम सब लोगों को ये जेल में क्यों डालना चाहते हैं।

एक युवक ने एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या, की खुदकुशी

पायनियर संवाददाता ◂ सारंगढ़-बिलाइगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में शनिवार को एक युवक ने एक परिवार की तीन महिलाओं सहित पांच लोगों की हत्या कर दी। इस नृशंस हत्याकांड के बाद हत्यारे ने खुद भी फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल है। मौके पर पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे और मामले की जांच की जा रही है। सारंगढ़-बिलाइगढ़ जिला के पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा के अनुसार यह घटना सलिहा थाना क्षेत्र के ग्राम थरगांव (चादंन) का है जहां एक ही परिवार के पांच लोगों की टांगी और हथौड़े से एक व्यक्ति ने हत्या कर दी। मृतकों में तीन महिलाएं, एक बच्चा और एक पुरुष शामिल है। उसके बाद हत्यारे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोपी का नाम मनोज साहू उर्फ़ पप्पू टेलर बताया जा रहा है। मृतकों में हेमलाल साहू, जागमुखी साहू, पुत्री मीरा साहू, पुत्री ममता और उसका पुत्र पांच वर्षीय बालक शामिल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफएसएल की टीम भी पहुंच गई है। हत्याकांड का सभी एंगल से जांच किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार हत्यारा मृतक के परिवार की एक युवती से प्रेम करता था। युवती की शादी कहीं और तय हो जाने से वह नाराज चल रहा था। बदला लेने की नियत से आरोपी ने परिवार के पांच लोगों की हत्या की, फिर खुद भी आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

हिमाचल की चारों सीटों पर प्रचंड बहुमत से कमल खिलेगा : नड्डा

एजेंसी ◂ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों की नामांकन वापसी के बाद प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कांगड़ा जिले के फतेहपुर के रैहन पहुंचे। नड्डा कांगड़ा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर राजीव भारद्वाज की रैली के लिए पहुंचे हैं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। बाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि नीति आयोग के अनुसार, भारत के 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए, यह बदलता भारत और इसकी बदलती छवि है। क्या आपने कभी सोचा था कि यहां हाईवे आएगा? क्या अब हाईवे का काम नहीं चल रहा है। कई परियोजनाएं चल रही हैं। जब यह बुनियादी ढांचा बनेगा, तो गांवों का विकास होगा। नड्डा ने हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा के नूरपुर और चंबा तथा सोलन के कुनिहार में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और हिमाचल की कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोला तथा इंडी गठबंधन की परिवारवादी, भ्रष्टाचारी तथा तुष्टिकरण की मानसिकता पर इंडी गठबंधन के घटक दलों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि जनता का उत्साह उमंग देखकर यह स्पष्ट होता है कि जनता ने भाजपा के सभी सीटों पर कमल खिलाने का मन बना लिया है।

मैंने रणनीति के तहत लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ा : प्रियंका गांधी

पायनियर संवाददाता ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अमेठी तथा रायबरेली को अपने परिवार का घर बताते हुए कहा है कि उन्होंने रणनीति के तहत चुनाव नहीं लड़ा है और यदि वह दोनों भाई-बहन चुनाव लड़ते तो इसका सीधा फ ायदा भारतीय जनता पार्टी को होता। वाड्रा ने कहा कि रायबरेली और अमेठी को गांधी परिवार कभी छोड़ ही नहीं सकता इसलिए उनके भाई राहुल गांधी के चुनाव क्षेत्र रायबरेली में वह दिन-रात उनकी जीत के लिए मेहनत कर रही है। उनका यह भी कहना था कि भाजपा ने राहुल गांधी को बदनाम करने के लिए पूरी ताकत लगाई है और उसे इसका जवाब देने के लिए वह रायबरेली में डटी हुई हैं। वाड्रा ने एक निजी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा, मैं कभी भी अमेठी और रायबरेली नहीं छोड़ सकतीं। मै कांग्रेस के लिए प्रचार करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहती थीं इसलिए चुनाव नहीं लड़ी हूं। दूसरी बात अगर हम दोनों भाई-बहन चुनाव लड़ते तो इसका सीधा फायदा भाजपा को होता। भाजपा पर राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए पूरी ताकत लगाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, राहुल गांधी जी की छवि खराब करने के लिए भाजपा ने बहुत संगठित तरीके से काम किया और इस पर करोड़ों रुपए खर्च किए। राहुल गांधी जी के बारे में भाजपा ने ढेरों गलत बातें फैलाई। उन्हें घर और संसद से निकाला गया, न जाने कितने सारे मुकदमे लगाए गए। इतना सब होने के बावजूद, राहुल गांधी न डरे और न झुके। उन्होंने कहा आज पूरा देश जानता है कि चाहे कुछ भी हो जाए- राहुल गांधी ऐसा आदमी है जो सच बोलेगा, किसी से नहीं डरेगा।

लोकसभा की 49 सीटों के लिये पांचवें चरण का चुनाव प्रचार थमा

वार्ता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोक सभा चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों तथा ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर प्रचार अभियान शनिवार शाम छह बजे थम गया। इन सीटों पर मतदान सोमवार को होगा। इस चरण में 49 लोकसभा सीटों पर 695 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। इसके साथ ही ओडिशा विधानसभा की कुल 147 सीटों में से दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर भी इसी दिन मतदान होगा। इन सीटों पर कुल 265 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य विधानसभा के चुनाव के पहले चरण में 13 मई को 28 सीटों पर मतदान हुआ था। लोकसभा के पांचवें चरण के चुनाव के लिये 49 सीटों के लिये कुल 1586 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था, इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच के बाद 749 उम्मीदवार रह गये और नामांकन पत्र वापस लेने के बाद चुनावी मैदान में 695 रह गये। इस चरण में प्रमुख उम्मीदवारों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान, केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, साध्वी निरंजन ज्योति, कौशल किशोर, डॉ प्रवीण भारती पवार, शान्तनु ठाकुर, कपिल पाटिल, अन्नपूर्णा देवी , भाजपा नेता राजीव प्रताप रूड़ी, राष्ट्रीय जनता दल की रोहिणी आचार्य शामिल हैं। कुल सात चरणों के इस चुनाव में पांचवें चरण के मतदान के साथ आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित 18 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की सभी लोक सभा सीटों पर मतदान कराने का काम काम पूरा हो चुका होगा। चुनाव परिणाम चार जून को आयेंगे। चुनाव आयोग ने पांचवें चरण की वोटिंग को लेकर पूरी तैयारियों कर ली हैं और इसमें मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये हैं। चौथे चरण के मतदान के साथ कुल 543 सीटों में से 379 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है। पहले चरण में 102, दूसरे में 88, तीसरे में 93 और चौथे में 96 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव कराये गये हैं। पहले चार चरणों में 45.1 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अभी तक मतदान किया है और इन चरणों में औसतन 66.95 प्रतिशत मतदान हुआ है। छठे और सातवें चरण में क्रमशः 25 मई और एक जून को मतदान कराये जायेंगे।

पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है व हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

एजेंसी ◂ ललितपुर
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के ललितपुर में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे। झांसी ललितपुर संसदीय क्षेत्र के पांचवें चरण में 20 मई को होने वाले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा के समर्थन में तुवन मंदिर परिसर में जन सभा को सम्बोधित करते हुए गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा है कि पाकिस्तान को सम्मान दो उनके पास एटम बम है व उनसे पीओके मत मांगों लेकिन पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है व रहेगा और हम उसे लेकर रहेंगे, यह नरेंद्र मोदी की सरकार है व हम एटम बम से नहीं डरते हैं। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव के 4 चरण समाप्त हो चुके हैं व मोदी 270 सीटें लेकर ट्रिपल सेंचुरी की ओर आगे बढ़ गए हैं व राहुल बाबा के इंडी अलायंस का सूपड़ा साफ हो गया है, अब यह निश्चित हो गया कि मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा इस चुनाव में एक तरफ 12 लाख करोड़ का घपला करने वाली राहुल बाबा एंड कंपनी है व निमंत्रण देने के बाद भी यह श्रीराम कि प्राण प्रतिष्ठा में नहीं पहुंचे दूसरी ओर 10 साल काम करने करने वाले पीएम नरेंद्र मोदी हैं, वहीं दूसरी ओर चांदी के चम्मच लेकर पैदा होने वाले राहुल बाबा और अखिलेश हैं, एक ओर गोली चलाने वाली समाजवादी पार्टी है, दूसरी ओर राम मंदिर बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी है । उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश के विकास, धर्म और संस्कृति की रक्षा, गरीबों का कल्याण करने व बुंदेलखंड की प्यास बुझाने का चुनाव है, एक जमाने में बुंदेलखंड से बाहुबली पूरे देश में जाते थे, आप तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बना दीजिए, हमारा बुंदेलखंड यहां से बाहुबली की जगह उद्योगपति पूरे देश में भेजने का काम करेगा।

एसीबी की चार कार्यवाही, पांच को ट्रेप कर भेजा जेल, ईई और संयुक्त संचालक जैसे बड़े अफसर गए जेल

विष्णु सरकार ने भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारियों, भ्रष्टाचार के खिलाफ ईओडब्लू व एसीबी को किया फ्री हैंड

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

एंटी करप्शन ब्यूरो ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 4 मामलों में 5 भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारियों को जेल भेज दिया। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद यह पहला मौका होगा, जब एसीबी ने एक दिन में चार-चार कार्रवाइयां की। एसीबी और ईओडब्लू का पूरा सिस्टम महादेव सट्टा ऐप समेत कई जांचों में उलझा हुआ है। उसके बाद भी पूरे प्रदेश में कार्रवाइयां की गई। विष्णु सरकार ने गुड गवर्नेंस के लिए ईओडब्लू और एसीबी को फ्री हैंड दे दिया है। सरकार ने भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। हालांकि कहने के लिए ईओडब्लू और एसीबी राज्य सरकार की स्वतंत्र जांच एजेंसी है। उसे अपने हिसाब से भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है। मगर ये सिर्फ कहने के लिए है। बिना सरकार से इजाजत लिए एसीबी का कोई कार्रवाई नहीं करती। राज्य सरकारें ऐसा चाहती भी नहीं कि ईओडब्लू और एसीबी ताकतवर होकर कार्रवाइयां करें। पिछले पांच साल में ईओडब्लू, एसीबी के हाथ-पैर बांध दिए गए थे। आलम यह रहा कि पांच साल में एसीबी और ईओडब्लू ने पांच कार्रवाइयां नहीं की। विष्णु सरकार ने 2005 बैच के आईपीएस अमरेश मिश्रा को एनआईए के डेपुटेशन से आनन-फानन में वापिस बुलाया, तभी लग गया था कि सरकार करप्शन के खिलाफ बड़ी कार्रवाइयां करना चाहती है। अमरेश को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सिफारिश लगाकर रातोरात उनकी वापसी पर दस्तखत कराया गया। अमरेश ने ज्वाईन करते ही ईओडब्लू और एसीबी को रिचार्ज कर दिया। शराब घोटाले और महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप में कई गिरफ्तारी की, बल्कि अब भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ भी मुहिम शुरू कर दी है। उन्होंने ईओडब्लू और एसीबी का ईमेल और हेल्पलाईन नंबर जारी कर लोगों से शिकायतें भ्रष्ट और रिश्वत मांगने वाले सरकारी कर्मचारियों तथा अधिकारियों की शिकायत दर्ज कराने कहा है। ईओडब्लू, एसीबी चीफ अमरेश मिश्रा ने कहा कि ईओडब्लू और एसीबी अपने दायित्वों के प्रति बेहद सजग है। प्रदेश में कार्रवाइयां की जा रही है, ये आगे भी जारी रहेंगी। आम लोगों को अगर काम-धाम के सिलसिले में कोई अगर पैसे के लिए परेशान कर रहा या रिश्वत मांग रहा तो उसकी शिकायत वे हेल्पलाइन या ईमेल पर कर सकते हैं। आईपीएस अमरेश मिश्रा के एंटी करप्शन ब्यूरो के चीफ बनते ही भ्रष्टाचारियों की लगातार शामत आ गई है। लगातार भ्रष्टाचारियों पर रेड और ट्रैप की कार्यवाही एसीबी कर रही हैं। एसीबी ने अलग-अलग जिलों में चार कार्रवाई करते हुए पांच भ्रष्ट अफसर व कर्मियों को पकड़ा है। एसीबी की कार्यवाही की शुरुआत कोंडागांव जिले से हुई है। कोंडागांव जिले में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता टीआर मेश्राम के शासकीय बंगले में एसीबी की टीम ने छापामार कार्यवाही की है। कार्यपालन अभियंता द्वारा विभाग में सप्लीमेंट्री कार्य के एवज में 50 हजार रुपए की रिश्वत ठेकेदार तुषार देवांगन से मांग रहे थे।

आम आदमी पार्टी , 'एंटी औरत पार्टी' बन चुकी है : शहजाद

वार्ता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी द्वारा अपनी ही पार्टी की सांसद स्वाती मालीवाल का चरित्र हनन किये जाने पर तीखा हमला किया और कहा कि इस पार्टी में नेताओं का अभद्रता करने का लंबा इतिहास है और आम आदमी पार्टी अब 'एंटी औरत पार्टी' बन चुकी है। भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में 'आप' की नेता आतिशी मर्लेना द्वारा पीड़िता मालीवाल का चरित्र हनन करने की आलोचना की और इस मामले में 'आप' संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित इंडिया समूह के नेताओं की चुप्पी साधने पर जमकर प्रहार किया। पूनावाला ने कहा, दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास पर एक महिला सांसद के साथ इतनी भयानक घटना घटती है और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अबतक कुछ बोल नहीं पाए। जबकि इस मामले का आरोपी बिभव कुमार उनके साथ लखनऊ एयरपोर्ट पर भ्रमण करते नजर आए। दिल्ली पुलिस आरोपी को मुख्यमंत्री आवास से पकड़ कर ले जाती है, सवाल उठता है कि एक महिला सांसद से दुर्व्यवहार करने वाला आरोपी केजरीवाल के आवास पर क्यों था? उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने 14 मई को बयान दिया था, कल एक बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। स्वाती मालीवाल, केजरीवाल जी के घर गई थीं और उनके ड्रॉइंग रूम में प्रतीक्षा कर रही थीं, लेकिन बिभव कुमार ने उनके साथ मारपीट और अभद्रता की, मुख्यमंत्री केजरीवाल ने मामले का संज्ञान लिया है।

बाबरी मस्जिद पर टिप्पणी के लिए उद्धव खेद जताये, मुस्लिम संगठनों ने की मांग

एजेंसी ◂ मुंबई
www.dailypioneer.com

मुस्लिम समुदाय के दो प्रमुख संगठनों ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से उनके उस बयान पर खेद जताने की मांग की जिसमें कहा गया था कि उन्हें (उद्धव) बाबरी मस्जिद विध्वंस पर गर्व है। मुस्लिम वोटर्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एमवीसीआई) और ऑल इंडिया उलेमा मशाईख फेडरेशन (एआईयूएमएफ) ने संवाददाता सम्मेलन में यह मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि माफी नहीं मांगने का मतलब वोट नहीं मिलना है। एमवीसीआई के अध्यक्ष अब्दुल बारी खान ने कहा, हम इस बात से भी नाराज हैं कि विपक्ष के इंडिया समूह ने मुसलमानों को एक भी लोकसभा टिकट नहीं दिया। एआईयूएमएफ के प्रवक्ता आसिफ अजीज सरदार ने कहा कि मुस्लिम समुदाय सांप्रदायिक पार्टियों का विरोध करता है। उन्होंने कहा , हम चाहते हैं कि महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी मुस्लिम समुदाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता लिखित रूप में दे। उन्होंने यह भी मांग की कि शिवसेना (यूबीटी) को यह लिखित में देना चाहिए कि वे संसद या महाराष्ट्र विधानमंडल के अंदर या बाहर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा का समर्थन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, आइए , हम उन उम्मीदवारों/पार्टियों के साथ एक नया अध्याय शुरू करें जो मुसलमानों के खिलाफ बयानबाजी और हिंसा के लिए बिना शर्त माफी मांगते हैं अन्यथा माफी नहीं तो वोट नहीं।

'शहजादे' को अपना इतिहास ही नहीं मालूम : मुख्यमंत्री यादव

पायनियर संवाददाता ◂ मुंबई, भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि 'शहजादे' को अपना इतिहास ही मालूम नहीं है।

डॉ यादव ने मुंबई में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि उन्हें इस बात को कहने में कोई गुरेज नहीं है कि अंग्रेज चले गए, लेकिन कांग्रेस छोड़ गए। कांग्रेस केवल आरोप लगाना जानती है। कांग्रेस का मूलतः जन्म ही अंग्रेजों द्वारा हुआ है। आज भी वह 'फूट डालो राज करो' की नीति के अंतर्गत अपनी सारी व्यवस्थाओं का संचालन करते हैं। वो भूल जाते हैं कि सरकार में रहते हुए उनकी सरकार द्वारा क्या हुआ। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से जैसे वो हैं, वैसे ही उनके साथ वाले हैं। ऐसे कई लोगों को जोड़कर वे 'घमंडिया' गठबंधन बनाकर देश में सरकार बनाने का सपना देख रहे हैं। वह बातें भी ऐसी ऐसी कर रहे हैं, जैसे लगता है जनता उनकी बातों को नहीं जानती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कल 'शहजादे' ने अमेठी में एक भाषण दिया और उस भाषण में बोला कि वे अपने पापा के साथ 42 साल पहले यहां आए तो देखा कि यहां सड़क नहीं थी, कोई भी विकास का काम नहीं हुआ था। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि 42 साल पहले आप आए तो ये भूल गए कि आपके दादा जी भी वहीं सांसद रहे, तो आप गलती किसकी बता रहे हो? स्वर्गीय फिरोज गांधी वहां से चुनाव लड़े थे, वे स्वर्गीय इंदिरा गांधी के कुछ लगते हैं कि नहीं। पूरा गांधी खानदान वहीं से चुनाव लड़ता रहा, लेकिन खुद को इतिहास नहीं मालूम। डॉ यादव ने कहा कि अब ये कहते हैं संविधान खतरे में है। संविधान में सर्वाधिक संशोधन कांग्रेस की सरकारों ने किए।

सीएम यादव ने मुंबई में किया चुनाव प्रचार

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुंबई प्रवास पर चुनाव प्रचार किया। भारतीय जनता पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार डॉ यादव इस दौरान शोभा यात्रा एवं जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव दोपहर लगभग 12 बजे मुंबई के नरिमन प्वाइंट स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया और दोपहर ढाई बजे वे मुंबई दक्षिण मध्य लोकसभा के शिवाजी पार्क दादर में आयोजित शोभा यात्रा में शामिल हुए। वे शाम को चार बजे मुंबई दक्षिण लोकसभा के लालबाग, मेघवाडी में समरूप सभा को संबोधित किया।

केएमपी एक्सप्रेस-वे पर बस में लगी आग से 10 लोगों की मौत

गुरुग्राम। हरियाणा में गुरुग्राम जिले के नूंह क्षेत्र में गांव धुलावट के निकट कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर चलती बस में अचानक लगी आग से 10 लोगों को मौत हो गयी। पुलिस ने बताया बस पर बच्चों, महिलाओं समेत करीब 60 लोग सवार थे। आग से झुलसे लोगों को निकटवर्ती अस्पतालों में दाखिल कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया। हादसा रात करीब पौने दो बजे हुआ। मौके पर पहुंचे पुलिस और दमकल विभाग के जवानों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और बसों की खिड़कियां तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया।

लोकसभा चुनाव संविधान बचाने और खत्म करने वालों के बीच : सुप्रिया श्रीनेत

एजेंसी ◂ प्रयागराज
www.dailypioneer.com

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 संविधान बचाने वाले और उसे खत्म करने वालों के बीच लड़ा जा रहा है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने यहां संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि देश में 2024- लोकसभा चुनाव संविधान बचाने और उसे खत्म करने वालों के बीच लड़ा जा रहा है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का 400 पार का नारा वास्तव में संविधान बदलने और आरक्षण को समाप्त करने की योजना का है। उन्होंने दावा किया कि चार जून को नरेन्द्र मोदी न/न तो प्रधानमंत्री मंत्री रहेंगे और नहीं भाजपा की सरकार रहेगी। केवल इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि 2024 का चुनाव तय करेगा कि देश में लोकतंत्र रहेगा, देश की राजनीति के स्वरूप क्या रहेगा, संविधान से चलेगा अथवा डेढ़- दो लोगों की मर्जी की तानाशाही से चलेगा। यह चुनाव तय करेगा युवाओं, किसानो, श्रमिकों, महिलाओं और हाशिए पर रहने वाले लोगों की आवाज सुनी जाएगी कि अथवा उन आवाजों का दमन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह देश की बिडबंना है कि 73 साल के प्रधानमंत्री अपने लिए और पांच साल मांग रहे हैं जबकि देश में 24 साल के युवा को रिटायर होकर घर जाने की बात करता है। कांग्रेस के सत्ता में आने पर अग्निवीर योजना को खत्म किया जाएगा। भाजपा ने अग्निवीर योजना चलाकर फौज का मनोबल गिराने का काम किया है। अग्निवीर योजना को समाप्त कर सेना जैसी नौकरी बहाल की जाएगी। श्रीनेत ने कहा कि भाजपा के 10 सालों में जो भी अत्याचार महिलाओं के साथ हुआ उससे देश का सिर शर्म से झुक गया। चाहे हाथरस की घटना हो, उन्नाव, शाहजहांपुर, गुजरात की बिलकिस बानो, जंतर मंतर पर धरना पर बैठी महिला खिलाडियों के साथ अभद्रता या मणिपुर की महिला को निर्वस्त्र की घटना भाजपा नेत्री निर्मला सीतारमन और स्मृति ईरानी की आवाज बंद रहती है। महिलाओं के खिलाफअत्याचार को राजनीति के चश्में से नहीं देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान के लिए बड़ी बड़ी बातें करने वाली भाजपा ने उनका न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के बदले अपना अधिकार मांगने पर उनके ऊपर लाठियां बरसाई गई उनको गुण्डा, मवाली और आतंकवादी तक कहा गया, यही भाजपा का चाल और चरित्र है। भाजपा ने देश में केवल नफरत की राजनीति की है।

अमृतसर से कांग्रेस उम्मीदवार गुरजीत औजला की रैली में चली गोली, दो जखमी

अमृतसर। पंजाब की अमृतसर संसदीय सीट से कांग्रेस उम्मीदवार गुरजीत सिंह औजला की अजनाला में आयोजित रैली में गोली चलने से दो युवक घायल हो गये। औजला ने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप धालीवाल के रिश्तेदार पर गोली चलाने का आरोप लगाते हुये कहा कि पुलिस द्वारा चुनाव से पहले हथियार क्यों नहीं जमा किये गये। उन्होंने बताया कि शनिवार को वह अजनाला हलका में अपनी रैली करने जा रहे थे।

रास्ते में कुछ लोग उनके पास पहुंचे और बताने लगे कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं, इसमें दो लोग जख्मी भी हो गये। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोली चलने की सूचना मिलने पर हम घटनास्थल पर पहुंचे, जहां दो युवक जख्मी हुये हैं। मामला पुरानी रंजिश का है। घायल युवकों का उपचार कराया जा रहा है। पुलिस जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

सेब उद्योग को बचाने के लिए भाजपा को हराना जरूरी : रोहित

एजेंसी ◂ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों के चलते सेब की बाग़वानी हाशिए पर आ गई हैं। उन्होंने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सेब पर आयात शुल्क 100 फीसदी प्रतिशत करने की बात कही थी इसके विपरीत भाजपा ने 70 प्रतिशत से घटाकर 35 फीसदी तक कर दिया। आयात शुल्क घटने के बाद देश में लगभग 44 देशों से सेब आयात किया गया जिसका खामियाजा बागवानों को आर्थिक तौर पर उठाना पड़ रहा हैं। ठाकुर ने कहा कि एमआईएस के तहत सेब की देनदारी पिछली भाजपा सरकार देने में विफ़ल रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने एमआईएस की 98 करोड़ की बागवानों की देनदारी का भुगतान कर दिया हैं बची हुई देनदारी जल्द ही जारी होगी। रोहित ठाकुर ने कहा कि एमएसपी के तहत केंद्र से मिलने वाली 50 प्रतिशत सब्सिडी को समाप्त कर भाजपा ने बागवानों के जख्मों पर नमक मलने का काम किया हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के बाद सेब बाग़वानी के ज्वलंत मुद्दों का हल करने का प्रयास किया हैं। उन्होंने कहा कि सेब को बिक्री किलोग्राम से करने, यूनिवर्सल कार्टन लागू करने जैसे कई निर्णय लिए गए। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में बाग़वानी समृद्ध हो सकें इसके लिए सरकार ने विभिन्न जगहों पर सेब स्टोर बनाने का निर्णय लिया है। ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य हैं जहां दूध पर एमएसपी लागू किया गया हैं। शिमला लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि भाजपा की बाग़वान विरोधी नीतियों से सेब की बाग़वानी पर खतरों के बादल मंडरा रहें हैं। आयात शुल्क को बढ़ाने के लिए संसद में पूरी ताक़त से बागवानों की आवाज़ उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 2022 तक किसानों-बागवानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी आय तो बढ़ी नही लेकिन आज कृषि-बाग़वानी क्षेत्र में लागत दोगुना हो गई हैं। पूर्व विधायक कॉमरेड राकेश सिंघा व पूर्व मेयर संजय चौहान ने कहा कि प्रदेश की चारों लोकसभा व छह विधानसभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी की जीत होगी। राकेश सिंघा ने कहा कि 800 से अधिक आंदोलित किसानों की शहादत के लिए भाजपा जिम्मेदार हैं। पूर्व मेयर संजय चौहान ने कहा कि 2024 का चुनाव देश के लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई हैं। उन्होंने भाजपा को अग्निवीर योजना पर घेरा। सर्वश्री ठाकुर, कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी, कॉमरेड राकेश सिंघा व संजय चौहान ने जुब्बल क्षेत्र कोट--कायना, मंढोल, सारी कैंची, चेबड़ी, पटसारी, अन्टी शराचली क्षेत्र के भरोट, सेब मंडी अणु, दोची, सुंड़ली व नगर पंचायत जुब्बल का दौरा किया।

झारखंड में लव जिहाद, लैंड जिहाद, वोट जिहाद के बाद पॉलिटिकल जिहाद : प्रतुल शाहदेव

एजेंसी ◂ रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन पर पॉलिटिकल जिहाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। शाहदेव ने मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुस्लिम समुदाय के एक तबके के द्वारा भोली भाली आदिवासी लड़कियों को प्रेम जाल में फांसकर विवाह किया जाता है। बाद में आदिवासियों के लिए आरक्षित मुखिया, जिला परिषद, पंचायत ,सरपंच की सीटों पर उन्हें लड़ा कर सत्ता पर काबिज होने का पॉलिटिकल जिहाद होता है। उसके बाद से इस आदिवासी महिला की भूमिका को कम किया जाता है और सारा कामकाज उसके मुस्लिम पति देखने लगते हैं। शाहदेव ने पाकुड़ जिले के असंख्य उदाहरण देते हुए राज्य के दूसरे जिलों का भी उदाहरण दिया। उन्होंने बताया की पाकुड़ जिले में ऐसे कई दर्जन उदाहरण हैं जिस पर इन मुस्लिम कट्टरपंथियों ने अपनी आदिवासी पत्नियों को चुनाव जीता कर सत्ता में काबिज होने का षड्यंत्र रचा है। इनमें से कुछ ने तो इन भोली भाली आदिवासी बेटियों को फंसा कर दूसरी और तीसरी पत्नी के रूप में रखा हुआ है।

सरकार स्टेडियम में दो दिनी बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

रूद्रपुर/नैनीताल। उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में हंस स्पोर्ट्स के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ हो गया। जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पहले दिन विभिन्न आयु वर्गों में राज्य के विभिन्न हिस्सों से 250 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया । उद्घाटन मैच आर ए एन स्कूल के तेजस जोशी व अनस रस्तोगी देहरादून के बीच खेला गया जिसमें तेजस जोशी 12/15, 10/15 से विजयी रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी सिंह ने कहा कि खेल का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। है खेल से शरीर स्वस्थ और मन स्थिर रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क वास करता है। साथ ही खेल हमें अनुशासित बनाता है। वर्तमान समय में खेलों में भी कैरियर बनाने की अपार संभावनाएं हैं। इस मौके पर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हंस स्पोर्ट्स के अमन अरोडा एवं रेखा अरोडा भी उपस्थित रहे। संचालन पूर्व अतंरराष्ट्रीय खिलाड़ी शरद जोशी ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, ऊधम सिंह नगर बैडमिंटन संगठन के अध्यक्ष पुष्कर राज जैन, सचिव विष्णु सक्सेना, पूर्व सदस्य लोक सेवा आयोग प्रयागराज, ऊधम सिंह नगर देवभूमि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष डॉ. रामजी मौर्य के अलावा अनेक खिलाड़ी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

हिमाचल में मिला अफीम की खेती का जंगल, 13 खेतों में 17 हजार 106 पौधे

मंडी। हिमाचल प्रदेश स्टेट विजिलेंस व एंटी क्रप्शन ब्यूरो की टीम ने मंडी जनपद के दुर्गम इलाके में अफीम के जंगल का पर्दाफाश किया है। गोपनीय सूचना के आधार पर दबिश में विजिलेंस की टीम ने अफीम के 17,106 पौधे बरामद किए। परढंग के दुर्गम क्षेत्र चौहार थाटी के गढगांव में अवैध तरीके से अफीम की खेती की जा रही थी। वन विभाग की भूमि में तकरीबन 13 खेतों में अफीम के पौधे उगाए गए थे। लिहाजा, सीधे तौर पर किसी के खिलाफ मुकद्मा नहीं हुआ है। जानकार बताते हैं कि 17 हजार पौधों से बड़ी मात्रा में अफीम की पैदावार करने की तैयारी थी, जिसकी कीमत बाजार में करोड़ों रुपए हो सकती थी। जानकारी के मुताबिक मौके पर ही पौधों को नष्ट कर दिया गया। घटनास्थल पर हलके के पटवारी को तलब किया गया। राजस्व रिकॉर्ड में इस बात का खुलासा हो गया कि अवैध रूप से खेती वाली भूमि वन विभाग की मलकियत है। विजिलेंस ने मंडी थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। विजिलेंस के प्रवक्ता ने पुष्टि की है।

बाबरी मस्जिद पर टिप्पणी के लिए उद्धव खेद जताये, मुस्लिम संगठनों ने की मांग

मुंबई। मुस्लिम समुदाय के दो प्रमुख संगठनों ने शनिवार को शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से उनके उस बयान पर खेद जताने की मांग की जिसमें कहा गया था कि उन्हें बाबरी मस्जिद विध्वंस पर गर्व है। मुस्लिम वोटर्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एमवीसीआई) और ऑल इंडिया उलेमा मशाईख फेडरेशन (एआईयूएमएफ) ने संवाददाता सम्मेलन में यह मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि माफी नहीं मांगने का मतलब वोट नहीं मिलना है। एमवीसीआई के अध्यक्ष अब्दुल बारी खान ने कहा , हम इस बात से भी नाराज हैं कि विपक्ष के इंडिया समूह ने मुसलमानों को एक भी लोकसभा टिकट नहीं दिया। एआईयूएमएफ के प्रवक्ता आसिफ अजीज सरदार ने कहा कि मुस्लिम समुदाय सांप्रदायिक पार्टियों का विरोध करता है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी मुस्लिम समुदाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता लिखित रूप में दे। उन्होंने यह भी मांग की कि शिवसेना (यूबीटी) को यह लिखित में देना चाहिए कि वे संसद या महाराष्ट्र विधानमंडल के अंदर या बाहर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा का समर्थन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, आइए , हम उन उम्मीदवारों/पार्टियों के साथ एक नया अध्याय शुरू करें जो मुसलमानों के खिलाफ बयानबाजी और हिंसा के लिए बिना शर्त माफी मांगते हैं ।

स्वाति मालीवाल मामले पर राहुल, पंजाब कांग्रेस की चुप्पी शर्मनाक : डॉ सुभाष शर्मा

एजेंसी ◂ नवांशहर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के आनंदपुर साहिब से लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुभाष शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों दल एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं, जो पंजाब की भलाई के लिये नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रोकने और अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के उद्देश्य से एक साथ आये हैं। बौद्धिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये डॉ शर्मा ने कहा कि पंजाब में आप और कांग्रेस 'फ्रेंडली मैच' खेल रहे हैं, जबकि दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ में साथ हैं।

कांग्रेस को घेरते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि पिछले चार दिनों से आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ केजरीवाल के घर में हुये अत्याचार का मामला पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है, लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पंजाब कांग्रेस के किसी भी नेता ने इस गंभीर मसले पर कुछ नहीं बोला है। हैरानी वाली बात है की उत्तर प्रदेश में महिलाओं के मुद्दे पर मार्च निकालने वाले गांधी परिवार की पुत्री प्रियंका गांधी वाड्रा भी इस गंभीर मुद्दे पर चुप हैं। डॉ शर्मा ने कहा कि पंजाब में आज शहरों के साथ-साथ गावों में भी लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन कर रहें हैं, क्योंकि सभी उनके कार्यों से बहुत प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के प्रयासों से ही करतारपुर साहिब का गलियारा खुला है, 26 दिसंबर को दसवें सिख गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों की शहादत की याद में पूरा देश वीर बाल दिवस के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा सिख समुदाय को इतना मान-सम्मान दिया गया है। किसानों के मुद्दे पर बोलते हुये डॉ शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों के लिये सबसे ज्यादा कार्य किये हैं, जिसमें एमएसपी में आने वाली फसलों की गिनती तीन से बढ़ाकर पांच की है। इसके अलावा देश में सभी किसानों को 6-6 हज़ार भी मोदी सरकार हर वर्ष दे रही है।

पंजाब को विशेष अनुसूचित दर्जा देने की मांग

एजेंसी ◂ जालंधर
www.dailypioneer.com

शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने लोकसभा चुनाव,2024 के लिये चुनावी घोषणा पत्र जारी किया, जिसमें पंजाब की सहमति के बिना लिये गये सभी दरिया पानी समझौतों के फैसलों को रद्द करने, बाहरी लोगों पर पंजाब में जमीन खरीदने पर पाबंदी सहित पंजाब को विशेष दर्जा देने की मांग की गयी है। घोषणा पत्र में कहा गया है कि क्योंकि राज्य में सबसे अधिक अनुसूचित जाति आबादी है, इसलिये अकाली दल पंजाब में अनुसूचित जाति की भलाई के लिये विशेष राशि की मांग करेगा तथा पार्टी एससी छात्रों के लिये पोस्ट मैट्रिक के बैकलाग को क्लियर करवायेगी। यह नयी दिल्ली तुगलकाबाद में गुरु रविदास जी के मंदिर की तत्काल बहाली सुनिश्चित करेगा। घोषणा पत्र में कहा गया है कि पार्टी राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को संवैधानिक दर्जा देने की मांग करेगी और इसका कार्यकाल छह साल के लिये तय करने के अध्यक्ष के लिये कैबिनेट तथा सदस्यों के लिये राज्यमंत्री के दर्जे की मांग करेगी। पार्टी ने अल्पसंख्यकों के लिये राज्य आधारित व्यवस्था की विचारधारा का विरोध किया तथा कहा कि अल्पसंख्यक राष्ट्रीय अल्पसंख्यक हैं। शिअद ने अपने घोषणा पत्र जिसे पार्टी ने एक जून को होने वाले लोकसभा चुनावों के लिये 'ऐलान नामे' का नाम दिया है, में कहा कि पंजाब में पुलिस की बर्बरता का दौर लौट रहा है, आधी रात को पुलिस लोगों के घरों में घुस कर सिख नौजवानों को झूठे मुकाबले में मार रही है, राज्य की शांति तथा साम्प्रदायिक सद्भावना को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य में भड़काऊ नारों की मदद से डर, भय तथा दहशत का माहौल पैदा किया जा रहा है। बादल ने घोषणा पत्र जारी करते हुये कहा कि राज्य की शांति और साम्प्रदायिक सदभाव को बचाने की सख्त जरूरत है ताकि पंथ और पंजाब को बचाया जा सके। 'पंथक सिद्धांत राजनीति से ऊपर' तथा 'पंजाब पंजाबियों दा' के नारे लगाते हुये अकाली दल के घोषणा पत्र में घोषणा की गयी कि लोगों का जनादेश मिलने पर ऐसा कानून बनाया जायेगा कि पंजाब में नौकरियां सिर्फ पंजाबी नौजवानों को ही मिलेंगी। इस समय न सिर्फ नौकरियां बल्कि राज्य सभा सीटें भी बाहरी लोगों को तोहफे के तौर पर दी गयी हैं जो पंजाब को नफरत करते हैं। इस समय पंजाब को गुलाम कालोनी की तरह चलाया जा रहा है, जिसके संसाधनों को लूटा जा रहा है तथा दिल्ली से लेकर दिल्ली के लिये पंजाब को चलाया जा रहा है।

भाजपा का उद्देश्य संविधान को बदलना, आरक्षण को खत्म करना है : तिवारी

वार्ता ◂ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं चंडीगढ़ लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार मनीष तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का अंतिम उद्देश्य आरक्षण खत्म करने और बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के तैयार किये गये संविधान को बदलना है।

कांग्रेस के नेता तिवारी ने मलोया में एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि किस प्रकार अनंत हेगड़े, ज्योति मिर्धा और अन्य भाजपा नेताओं ने बार-बार कहा है कि एक बार भाजपा को लोकसभा चुनाव में 400 सीटें मिल जायें, तो वह देश के संविधान को बदल देगी।

कांग्रेस नेता ने कहा कि डॉ अंबेडकर के संविधान के प्रति घृणा भाजपा के डीएनए में गहराई से समाहित है। उन्होंने कहा कि न केवल भाजपा के आधुनिक नेता, बल्कि उनके वैचारिक पूर्वजों ने हमेशा संविधान का विरोध किया है और संविधान सभा की कार्यवाही को भी बाधित किया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी आरक्षण को खत्म करने का सुझाव दिया था। तिवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा देश में लोकतंत्र नहीं, बल्कि तानाशाही और निरंकुशता चाहती है, जिसका प्रदर्शन वह पिछले 10 वर्षों से कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि आरक्षण ही नहीं, अगर संविधान को बदला गया, तो उसके साथ ही सभी तरह की स्वतंत्रतायें भी खत्म हो जायेंगी, जिनकी कल्पना करना अभी मुश्किल है, क्योंकि लोगों ने ऐसी स्वतंत्रताओं को हल्के में लिया है, जो संविधान की बदौलत उन्हें स्वाभाविक रूप से मिली हैं।

उन्होंने लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के झूठे आश्वासनों से गुमराह न होने की चेतावनी दी कि संविधान में बदलाव नहीं किया जायेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा कि कभी भी इनके वादों पर भरोसा न करें, क्योंकि ये अभी कुछ कहेंगे और सत्ता में आने पर कुछ और करेंगे। उन्होंने कहा कि न तो भाजपा और न ही मोदी ने उन नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई की है, जिन्होंने सार्वजनिक रूप से संविधान को बदलने की बातें की हैं।

मनाली-लेह राजमार्ग यातायात की आवाजाही के लिए बहाल

केलांग। हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीती के जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त जिला लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि सीमा सड़क संगठन द्वारा मनाली-लेह राजमार्ग (एनएच-03) को यातायात की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। कुमार ने बताया कि वर्तमान सड़क की स्थिति के कारण अगले आदेश तक दारचा से सरचू तक यातायात को वैकल्पिक दिवस के अनुरूप ही नियंत्रित कर वाहनों का संचालन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बारालाचा दर्रा मार्ग का एक बड़ा हिस्सा बर्फ के कारण अभी वन-वे है, जिसके कारण प्रत्येक तरफ से वैकल्पिक दिनों में वाहनों की आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। कुमार ने कहा की 19 मई रविवार को वाहनों को दारचा से सरचू की ओर जाने की अनुमति होगी। जिस में फोर वाई फोर वाहन, चेन वाले फोर वाई टू और भारी वाहन यानी ट्रकों को केवल सुबह 7 बजे से 12 बजे तक अनुमति दी जाएगी।

विपक्ष के पास न कोई मुद्दा, न कोई नीति : अनुप्रिया पटेल

वार्ता ◂ कौशाम्बी
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में कौशांबी सुरक्षित लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विनोद सोनकर के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा की सहयोगी अपना दल एसकी राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि एनडीए गठबंधन चारसौ पार के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। विपक्ष के पास न तो कोई मुद्दा है न ही नीति यहां सिराथू विधानसभा क्षेत्र के कल्यानपुर गांव में आयोजित सभा में अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि विपक्ष के साथी दलों की राज्यों मे सरकार चलाई लेकिन जनता के मन उनके प्रति आक्रोश है। जिसका नतीजा है कि तीसरी बार राजग सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा के प्रत्याशी सामान्य नहीं रिकॉर्ड मत से जीतने की ओर बढ़ रहे हैं। यह मोदी जी के कार्यों के प्रति जन विश्वास का प्रमाण है। केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल लोकसभा कौशाम्बी में दो स्थानों पर जनसभा करने पहुंची पहली जनसभा उन्होंने सिराथू के कल्याणपुर में की, जबकि दूसरी जनसभा उन्होंने प्रतापगढ़ बाबागंज विधानसभा के मानिकपुर में हुई। जिसमे उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार की विकास नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया।

किसानों और ग्रामीणों की सुविधा हमारी प्राथमिकता, बकेला-क्रांति नहर का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण होगा : भावना बोहरा

बकेला-क्रांति नहर विस्तारीकरण कार्य का भावना बोहरा ने किया निरिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पंडरिया विधानसभा में सिंचाई व पेयजल हेतु पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए कुकदुर मंडल अंतर्गत निर्मित होने वाले बकेला-क्रांति फीडर केनाल के प्रस्तावित स्थल का पंडरिया विधायक ने यथास्थल पर जाकर निरिक्षण किया एवं ग्रामीणों व किसानों के साथ भी उन्होंने चर्चा कर अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान किसानों की मांग को लेकर भी भावना बोहरा ने अधिकारियों को संज्ञान में लेते हुए किसान हित को प्राथमिकता देने की बात कही साथ ही सर्वे के कार्य एवं पूर्व में हुए कार्यों की भी समीक्षा उनके द्वारा की गई। विदित हो कि पूर्व की कांग्रेस सरकार के दौरान ओपन नहर को बंद नहर के रूप में परिवर्तित कर दिया गया था इसके साथ ही विभाग द्वारा बिना टेंडर जारी किये पाइप लाइन की सप्लाई व

उसका भुगतान भी कर दिया गया था, परन्तु भावना बोहरा द्वारा इस विषय में हस्तक्षेप के बाद पाइप लाइन की सप्लाई को रोका गया। इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि किसानों का हित एवं क्षेत्रवासियों की सुविधा ही हमारी प्राथमिकता है। किसानों द्वारा सिंचाई हेतु पर्याप्त जल की आपूर्ति हेतु यह बहुप्रतीक्षित मांग थी, परन्तु पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान इस कार्य में हुए अनियमितता के कारण इसमें विलंब हुआ। सर्वे के कार्य में भी किसानों व ग्रामीणों द्वारा अनियमितता की जानकारी मिली है जिसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है वहीं किसानों व ग्रामीणों की मांग को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को केनाल निर्माण के कार्य को जल्द पूरा करने हेतु निर्देश दिए हैं। किसानों की फसल अच्छी हो और उन्हें सिंचाई व ग्रामीणों को निस्तारी कार्य के लिए पर्याप्त पानी मिल सके यही हमारा लक्ष्य है और इसी के तहत इस केनाल का जल्द निर्माण हो सके इसके लिए ग्रामीणों व किसानों के साथ हमने यथास्थल का निरिक्षण किया है। भावना बोहरा ने आगे कहा कि हमारे किसान भाई-बहन हर मौसम में चाहे वह तपती धूप हो या कड़ाके की ठण्ड या बारिश हर समय हमें भोजन उपलब्ध कराने के लिए कड़ा परिश्रम करते हैं, खून-पसीना एक कर फसल उगाते हैं ताकि कोई भूखा न रहें। ऐसे में हमारा भी दायित्व बनता है कि उनके अधिकार व हित के लिए हम अपने दायित्वों को पूरा करें। पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा इस परियोजना को माध्यम से अपने करिबियों व चहेतों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से भ्रष्टाचार करने का प्रयास किया गया, जिसके लिए हमने मिलकर आवाज उठाई। परन्तु अब छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की भाजपा सरकार है जहाँ किसानों व जनता का सर्वांगीण विकास एवं उनके हितों के प्रति कार्य करना ही हमारा एकमात्र उद्देश्य है।

पंडरिया ब्लाक के गांवों में 30 हजार एकड़ रकबा सिंचित होगा

भावना बोहरा ने बताया कि पंडरिया ब्लाक के करीब 40 गांव को सिंचाई सुविधा देने के लिए 43.81 करोड़ रुपए की लागत से बकेला- क्रांति फीडर केनाल प्रोजेक्ट का निर्माण किया जा रहा है। केनाल बकेला से करीब 30 किलोमीटर दूर बीजाभाठा तक के गांवों में गुजरेगी। इससे 12 हजार हेक्टेयर यानी करीब 30 हजार एकड़ रकबा सिंचित होगा। इसमें मोहतरा, किशुनगढ़, पुसेरा, बांधा, पौनी, तिलाईभाट, पेंड्री, तोरला, नेउरगांव, महली, नानापुरी, सूरजपुरा, बघरा, महका, भैंसबोड़, बीजाभाठा, नौरोली, नवगांव मुसऊ सहित दो दर्जन से अधिक गांवों को फायदा पहुंचेगा, जहां गर्मी में जल संकट ज्यादा रहता है। इससे सिंचाई क्षमता बढ़ने से किसानों को भी लाभ मिलेगा और उन्हें अच्छी फसलों के साथ अधिक आर्थिक लाभ भी मिलेगा।

किरंदुल जर्जर बस स्टैंड पर प्रवेश जोशी ने सीएम को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

प्रवेश कुमार जोशी द्वारा जर्जर किरंदुल बस स्टैंड की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, जिला प्रशासन ने नया बस स्टैंड बनाने की दिशा में कदम उठाए हैं।

जोशी ने 3 सितंबर 2023 को जर्जर बस स्टैंड, बसों को खड़ी करने की जगह की कमी,बैठने की व्यवस्था, टपकती छत,पीने के पानी की कमी, और स्वच्छ शौचालयों की कमी, गंदगी जैसी समस्याओं को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। 19 फरवरी 2024 को, कलेक्टर ने शिकायत को मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) किरंदुल को सौंप दिया।

सीएमओ ने 13 मई 2024 को वेबसाइट पर जवाब दिया कि,पुराने बस स्टैंड को 26 फरवरी 2021 को कंडम घोषित कर दिया गया था।शहीद स्मारक के पास एक नया यात्री प्रतीक्षालय बनाया गया है और नए बस स्टैंड के निर्माण के लिए वन विभाग से ग्राम पंचायत कोडेनार के समीप कक्ष क्रमांक आर .एफ . 1853 में 1.99 हेक्टेयर भूमि 1.99 हेक्टेयर भूमि पर नए बस स्टैंड के निर्माण के लिए वन विभाग से अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया चल रही है। भूमि व्यपवर्तन की प्रक्रिया प्रगति पर है। इस सकारात्मक और त्वरित कार्रवाई के लिए प्रवेश जोशी ने मुख्यमंत्री, जन शिकायत विभाग, जिला कलेक्टर और किरंदुल नगर पालिका का आभार व्यक्त किया है।उन्होंने उम्मीद जताई कि किरंदुल के लिए नया बस स्टैंड जल्द से जल्द बनकर तैयार हो, इसके लिए आग्रह भी किया। जिससे नगरवासियों को काफी सुविधा होगी। यह खबर किरंदुलवासियों के लिए राहत की बात है, जो लंबे समय से नए बस स्टैंड का इंतजार कर रहे थे।

बसना विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल ओडिशा में किए चुनावी जनसंपर्क

पायनियर संवाददाता ➤ बसना
www.dailypioneer.com

बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ओडिशा के बरगढ़ लोकसभा एवं पदमपुर विधानसभा में चुनाव प्रचार किए। वे ग्राम राजेन्द्रोपुर एवं डाभा हर्राटाल में चुनावी सभा में शामिल होकर देश भर में मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जन जन को अवगत कराये और अबकी बार 400 पार के महासंकल्प को पूरा करने हेतु भारतीय जनता पार्टी को भरपूर जन आशीर्वाद का आग्रह किये तथा लोकसभा प्रत्याशी प्रदीप पुरोहित एवं विधानसभा प्रत्याशी गोवर्धन भोय को प्रचंड मतों से जीत दिलाने कमल फूल छाप में सर्वाधिक मतदान करने हेतु आह्वान किये। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेतागण जयकुमार साहू, अशोक साहू, सुभाष गडतिया, युवा सेक्रेटरी संपादक सत्यभुषण साहू, मण्डल सह संपादक बसंत साहू, आदिवासी समाज अध्यक्ष नाथूराम सिदार, जीवन कैवर्त्य, सांसद प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष संजय भोई, हरजिंदर सिंह, सभापति पिताम्बर साहू,ब्लाक सभापति रतिराम सिदार, गोकुल सिदार आदि उपस्थित थे।

बचेली के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अरुण कुमार शुक्ला पहुंचे किरन्दुल

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी बचेली के पूर्व कार्यकारी निदेशक अरुण कुमार शुक्ला जी दो दिवसीय प्रवास पर दिनांक 15 मई को किरन्दुल आगमन हुआ। अरुण कुमार शुक्ला एनएमडीसी बचेली के उपरांत हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड में अध्यक्ष एवं कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी सेवायें दी। शुक्ला वर्ष 2021-22 में देश की प्रतिष्ठित एमजीएमआई पुरस्कार से सम्मानित हैं, तथा देश की विभिन्न संस्था जैसे इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियर्स, इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मेटल्स, एमईएआई, आईसीसी, फिक्की, आईसीडीसी इत्यादि श्रेष्ठतम संस्थाओं के सदस्य है या फिर संबद्ध हैं एचसीएल को वित्तीय संकट से उबार कर नॉन बैंकिंग सेक्टर में रू. 500 करोड़ का राजस्व अपने स्वयं के प्रयास से प्राप्त करवाने का श्रेय भी शुक्ल को जाता है साथ ही इनके स्वयं द्वारा विकसित तकनीक जिसके द्वारा वेस्ट कॉपर को प्रस्संकृत किया जाता है, को आज देश विदेश की लगभग सभी कंपनी अपना कर लाभांवित कर रही है। कमांडर वी. के. जेटली द्वारा लिखित एवं एक्सेल पब्लिसर्श द्वारा प्रकाशित पुस्तक 100 ग्रेट आईआईटीयंस डेडीकेटेड टू द सर्विस ऑफ नेशन में शुक्ला को स्थान प्राप्त होना ही इनके देश के प्रति निष्ठा व देशभक्ति का प्रमाण है, जिन्होंने विदेशों में मिलने वाले भारी-भरकम पैकेज का मोह त्याग कर देश की सेवा करना ही अपना धर्म समझा और जिनका गुगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने भी प्रशंसा की है।देश विदेश में 'माईनिंग विजार्ड' के रूप से पहचाने जाने वाले शुक्ला, एचसीएल से सेवानिवृत्ति उपरांत भी देश के विकास के प्रति उनका उन्माद व कर्तव्यनिष्ठा ही है जिसके फलस्वरूप वे वर्तमान में एनएमडीसी कोल डिवीजन में रांची में सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं।इनके किरन्दुल प्रवास की जानकारी प्राप्त होने पर उ.प्र. बिहार सांस्कृतिक परिषद ने अपने सदस्यों के आग्रह पर इनके स्वागत समारोह का आयोजन किया जिसका आमंत्रण अपने व्यस्ततम कार्यक्रमों के बावजूद शुक्ला जी ने सहर्ष स्वीकार किया।दिनांक 16 मई 2024 को उत्तरप्रदेश बिहार सांस्कृतिक परिषद के सभा कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। अपने मध्य देश के खनन विशेषज्ञ,साथ ही शिक्षाविद् तथा देश के गौख को पाकर सभी सदस्य आत्मविभोर थे। स्वागत समारोह के आरंभ में सर्वप्रथम शुक्ला के द्वारा दीप प्रज्जवलित की गई।इस स्वागत समारोह में अरूण कुमार शुक्ला के साथ पी नाईक सीजीएम,विवेक डीजीएम माइनिंग, प्रशांत वर्मा, डीजीएम वित्त अभिजीत घोष, एजीएम कार्मिक राकेश रंजन एजीएम कार्मिक, नवीन वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक आमंत्रित थे। सर्वप्रथम सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष रविन्द्र सोनी, सचिव उपेन्द्र त्रिपाठी, अतुल सिह तथा अन्य के द्वारा आमंत्रित सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। सांस्कृतिक परिषद की वरिष्ठ महिला सदस्य मीरा तिवारी व पुष्पा सिंह ने महिला सदस्यों के साथ आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया।इस कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति के साथ यूपी बिहार के वरिष्ठ नागरिक व राजनीतिज्ञ रामबाबू सिंह गौतम व बीटीओए अध्यक्ष राकेश सिंह गौतम तथा किरन्दुल के सर्वजनप्रिय शैलेन्द्र सिंह की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भव्यता प्रदान की।उपस्थित यूपी-बिहार के सदस्यों को आमंत्रित सभी सदस्यों ने संबोधित किया।अरूण कुमार शुक्ला जी ने अपने उद्बोधन में यूपी-बिहार सामाजिक परिषद को धन्यवाद देते हुए परिषद के कार्यों की प्रशंसा की तया अपनी ओर से आर्थिक योगदान भी दिया।कार्यक्रम के दौरान प्रशांत वर्मा ने अपने गायन से इस आयोजन में एक समां बांध दिया। अंत में सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम समाप्त किया गया।शुक्ला ने अपनी ओर से सामाजिक परिषद को हर संभव सहायता देने का भरोसा दिया तो उनको विदाई देते सामाजिक परिषद के सदस्यों के नेत्र सजल हो उठे ।

अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के लिए समाधान शिविर 22 को

■ मौके पर तैयार किए जाएंगे वांछित दस्तावेज

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निदेर्शानुसार विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए समाधान शिविर का आयोजन आगामी 22 मई को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। उक्त शिविर में अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का निराकरण मौके पर किया जाएगा।

अपर कलेक्टर एस.अहिरवार की अध्यक्षता में अनुकम्पा नियुक्ति हेतु गठित समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों से तत्संबंध में जानकारी प्राप्त कर प्रकरणों का संकलन किया गया। उन्होंने बताया कि अनुकम्पा नियुक्ति हेतु विभिन्न विभागों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, इनमें स्कूल शिक्षा विभाग के 22, स्वास्थ्य विभाग के 04, राजस्व, पशु चिकित्सा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कृषि एवं आदिवासी विकास विभाग के 02-02 और वन विभाग का 01 आवेदन प्राप्त हुआ है। अपर कलेक्टर ने बताया कि उक्त प्रकरणों के अलावा अनुकम्पा नियुक्ति हेतु यदि कोई पात्र अभ्यर्थी जो संबंधित पद की शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता रखता है, वह मौके पर उपस्थित होकर आवेदन कर सकता है। साथ ही यह भी बताया गया कि जिन आवेदकों के पास वांछित दस्तावेज जैसे जाति प्रमाण-पत्र, निवास, वारिसान आदि प्रमाण पत्र नहीं हैं, वे समाधान शिविर में उपस्थित होकर तत्काल तैयार करा सकते हैं। अपर कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को उक्त शिविर में आवश्यक दस्तावेजों एवं जानकारी सहित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

गजराज कैम्प में शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस कथावाचक ने सुनाई सती चरित्र की कथा

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल नगर के गजराज कैंप में विश्व कल्याण की कामना को लेकर संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है।जिसका समापन 21 मई को होगा।कथा के तृतीय दिवस शुक्रवार रात्रि को डोंडीलोहारा बालोद से पधारे प्रवचनकर्त्ता ज्योतिषी रूखमणी नंदन पंडित पूरन प्रसाद शर्मा द्वारा सती चरित्र,दक्ष वध, पार्वती जन्म,गुणनिधि कथा सुनाई गई।जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।इस आयोजन में भारी संख्या में धर्मप्रेमी व श्रद्धालु गण काफी बढ़ चढ़कर सम्मिलित हुए।

महज पांच दिन में ही पुलिस की टीम आरोपी तक पहुंच नाबालिग को बचाया

नाबालिग के अपहरणकर्ता को कांकेर पुलिस ने बिहार से किया गिरफ्तार, जबर्दस्ती शादी व दुष्कर्म का मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

पिछले दिनों 12 मई को प्राथीर्या द्वारा कोतवाली में आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि उनकी नाबालिक लड़की कुमारी उम्र 15 वर्ष 6 माह, 23 दिन जो कि 10 मई को रात्रि में प्रतिदिन की तरह खाना पीना खाकर सोये हुये थे जो कि 11 मई की सुबह 4 से 6 बजे के मध्य कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा प्राथीर्या के नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया जिसकी रिपोर्ट पर थाना कांकेर में अपराध क्रमांक 174/2024 धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया, मामले की गंभीरता को देखते हुये कांकेर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल टीम तैयार कर निर्देशन पर टीम द्वारा जांच पड़ताल शुरू की गई इस दौरान कांकेर से रायपुर तक लगभग 90 सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये जिसमें आरोपी द्वारा लगातार अपना लोकेशन बदलने व बार बार मोबाईल बदलने पर, आधार कार्ड के आधार पर आरोपी द्वारा खरीदे गये नये सीम कार्ड मोबाईल लोकेशन लेते रहना आरोपी द्वारा उपयोग लाये जा रहे मोबाईल का बार बार सीडीआर अवलोकन करने तत्पश्चात 1200 किलोमीटर दूर ग्राम चौरबर थाना कसार जिला सेखपुरा (बिहार) जाकर पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निदेर्शों का पालन करते हुये अपने सुझबुझ सर्तकता से पुलिस टीम

द्वारा आरोपी शिवा वाल्मिकी पिता स्व. तीजू वाल्मिकी उम्र 26 वर्ष निवासी टिकरापारा कांकेर को घेराबंदी कर पकड़ा गया व आरोपी के कब्जे से पीड़िता नाबालिक को 17 मई शुक्रवार को ग्राम चोरबर थाना कसार जिला सेखपुरा (बिहार) से बरामद किया गया है, बरामदगी बाद वैधानिक कार्यवाही करते हुये पीड़िता का कथन लिया गया कथन में पीड़िता द्वारा आरोपी शिवा वाल्मिकी के द्वारा आज से लगभग एक वर्ष पहले कांकेर में रात के समय बहला फुसलाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार करना बताया गया। 11 मई को उनके मकान कांकेर से बहला फुसलाकर अपहरण कर ग्राम चोरबर थाना कसार बिहार लेजाकर जबरदस्ती शादी कर किराये के मकान में जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार करना बताया विवेचना के दौरान प्रकरण में आरोपी के विरूध्द धारा 376, 376 (2) (ढ) भादवि, 4,6 लैंगिक अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 का अपराध सबुत पाये जाने से प्रकरण में उपरोक्त धारा जोड़ी गई है, आरोपी को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया जाता है।

प्रकरण के निकाल में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, अनुविभागीय अधिकार मोहसीन खान के निर्देशन में एवं थाना प्रभारी मनीष नागर के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक मनोरथ जोशी हमराह स्टाप प्रधान आरक्षक फकीर सिन्हा के द्वारा त्वरित कार्यवाही कर अपराध का निकाल किया गया है।

आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

कांकेर। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा 'छत्तीसगढ़ माओवाद उन्मूलन नीति' में उल्लेखित प्रावधान के तहत माओवादी हिंसा में मारे गए जिले के दो व्यक्तियों के आश्रितों के लिए पांच-पांच लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। इनमें पखांजूर तहसील अंतर्गत ग्राम मोरखण्डी के मृतक मनोज कोवाची की पत्नी प्रुमिता कोवाची के लिए पांच लाख रुपए और मृतक कुल्ले राम कतलामी की पत्नी नीला बाई कतलामी के लिए पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार कलेक्टर सिंह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए अंतागढ़ तहसील के ग्राम भैंसगांव निवासी इतवारू उइके के नदी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी लच्छोन्तीन के लिए चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कार्यालय में भ्रष्टाचार का खुला खेल

दोषियों पर अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं, उठ रहे सवाल

पायनियर संवाददाता ⮜ धमतरी
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा पूर्ववर्ती सरकार के समय से निर्माण कार्यों के लिये आबंटित की गई राशि को वापस बैंकों के माध्यम से किये जाने का आदेश प्रसारित किया गया है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा जिन निर्माण कार्यों के लिये राशि दी गई हैं उसमें से जो खर्च नहीं की गई है उसके लिये यह आदेश जारी किया गया है। लेकिन शासन की क्रियान्वित एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग द्वारा निविदा क्रमांक 13, कुल कार्यों की संख्या 47, निविदा खोलने की तिथि 4.7.23 निर्धारित थी, लेकिन यहां पदस्थ कार्यपालन अभियंता द्वारा यहां निविदा खोली ही नहीं गई जिसके कारण 47 कार्य प्रारंभ नहीं कराया जा सका। भविष्य में इन निर्माण कार्यों को संपन्न कराने में अधिक दरें प्राप्त होगी जिससे शासन को आर्थिक क्षति होगी जिसके लिये एच एल चतुर्वेदी पूर्णतः उत्तरदायी हैं। यह बात अधीक्षक अभियंता ग्रायांसेसं मण्डल रायपुर द्वारा अपने पत्र क्रमांक 259/725/मण्डल दिनांक 15.2.2024 के द्वारा कही गई है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग में भ्रष्टाचार इतना फला फूला है कि यहां एचआर मद, टेस्ट रिपोर्ट, निविदा आमंत्रण, फर्जी बिलों के नाम पर पदस्थ अधिकारियों द्वारा शासन की राशि का खूब बंदरबांट किया गया है। मुरूम फीलिंग कार्य, मरम्मत, रंग-रोगन कार्य जैसे कार्यों के लिये फर्जी बिलों का भुगतान भी आहरित किया गया है। चर्चा है कि उद्घाटन, शिलान्यास के पत्थर जिसकी बाजार में कीमत 1000 से 1500 रूपये तक है, उसे 6500 रूपये की कीमत बताकर यह नया कारनामा किया गया है। जिन निर्माण कार्यों का टेस्ट रिपोर्ट एक होना चाहिये उसे पांच-पांच बार टैस्ट करवाया गया है जिसमें शासन का

दर 400 रूपये है किंतु उसके स्थान पर 2500 से 3000 की वसूली की गई है। यहां तक अनेक जिन मैन्युअल या ऑनलाईन निविदाओं को आमंत्रित की गई थी और जिन ठेकेदारों को वर्कऑर्डर जारी कर दिया गया है, ऐसे कई ठेकेदारों के दस्तावेज भी पूर्ण नहीं है, बावजूद इसके उनके द्वारा उन्हें अनुचित लाभ पहुंचाने का कृत्य किया गया है। सूत्रों के अनुसार पता चला है कि पॉयनियर की खबर का असर यह रहा कि उपरोक्त भ्रष्टाचार के खबर पर यहां जांच टीम आई जिससे विभाग में हड़कंप मच गया। पूर्व में एकल निविदा की स्वीकृति कर इस विभाग के कार्यपालन अभियंता चतुर्वेदी ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है और शासन के साथ धोखाधड़ी कर मिलने वाले लाभ को वंचित किया है जिसके लिये ये पूरी तरह दोषी बताये जाते हैं। इस कार्य में उनके रिश्तेदार और विभाग में पदस्थ एक अधिकारी जो रिश्ते में दामाद के अलावा विभाग में पदस्थ एक अन्य अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका बताई जाती है। विकास आयुक्त कार्यालय ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग विकास भवन सेक्टर 19 रायपुर के पत्र क्रमांक 720/8186/तक/22/वि-3/ग्रायासे/2024 5.3.2024 के द्वारा हरमोहन लाल चतुर्वेदी कार्यपालन अभियंता ग्रायांसेसं धमतरी को अधीक्षक अभियंता ग्रायांसे मण्डल रायपुर के उपरोक्त पत्र क्रमांक के आधार पर प्रमुख अभियंता द्वारा लेख किया गया है कि 27.12.2023 से 28.12.23 तक वार्षिक निरीक्षण किया गया जिसमें गंभीर अनियमितता पाये जाने का लेख किया गया है। अनियमितताओं का समाधान कारक पालन प्रतिवेदन 15 दिवस में उपलब्ध कराने हेतु कार्यपालन अभियंता को कहा गया था लेकिन उनकी हठधर्मिता देखिये कि वे अपने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश का पालन नहीं किया। इस पर पुनः उक्त विकास आयुक्त कार्यालय ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा सात दिवस के भीतर फिर जवाब मांगा गया। इसके बाद भी कार्यपालन अभियंता ने अपने वरिष्ठ कार्यालय के पत्र का पालन नहीं किया जिससे साफ पता चलता है कि वे और उनकी कुंडली भ्रष्टाचार के दलदल में आकंठ तक डूबे हुए हैं। पूर्व में पॉयनियर में प्रकाशित स्वीकृत किये गये कार्य की सूची का प्रकाशन किया गया था जिसमें शा प्रा शाला चर्रा में 3 नग अतिरिक्त कक्ष विखं नगरी के कार्य का उल्लेख किया गया था। इसी तरह जो सूची प्राप्त हुई है उसमें 12 अन्य कार्यो को एकल निविदा के माध्यम से स्वीकृत किया गया है जो नियम विरूद्ध है। इनके पदस्थापना के बाद जितने दिन भी ये कार्यपालन अभियंता के पद में रहे अगर इनके कार्यों की जांच होती है तो करोड़ों रूपये के भयंकर भ्रष्टाचार का मामला उजागर हो सकता है।

कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग धमतरी के कार्यपालन अभियंता ने जिन एकल निविदाओं को नियम विरूद्ध स्वीकृत किया है उसमें शा प्रा शाल मरियामारी में 3 नग अतिरिक्त कक्ष विखं नगरी, शा प्रा शाला घोरागांव में 3 नग अतिरिक्त कक्ष, शा प्रा शाला फरसगांव में 3 नग अतिरिक्त कक्ष, खड़मा में 3 नग अतिरिक्त कक्ष, शा प्रा शाला उजरावन में 3 नग अतिरिक्त कक्ष, शा प्रा शाला बोईरगांव में 3 नग अतरिक्त कक्ष, मारागांव में 3 नग अतिरिक्त कक्ष, शा प्रा शाला तिर्रा में 2 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं अतिरिक्त कक्ष मरम्मत, शा प्रा शाला सटियापारा 2 नग अतिरिक्त कक्ष, स्कूल में लघु/दीर्घ मरम्मत कार्य ग्रुप एस-20, स्कूल भवनों में मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्य, ये सभी उपरोक्त कार्य विकासखंड नगरी, मगरलोड, धमतरी में कुल कार्य 4 करोड 52 लाख 38 हजार 79 रूपये से कराये गये हैं जिसमें कार्यपालन अभियंता द्वारा किसी भी निविदा दस्तावेजों, लिफाफा निविदा पंजी में तिथीयुक्त हस्ताक्षर नहीं किया गया है जिससे निविदा खोलने की वास्तविक तिथी ज्ञात हो सके। यह पत्र अधीक्षण अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मंडल द्वारा 15.2.24 को प्रेषित किया गया है जिसकी प्रतिलिपि कार्यपालन अभियंता धमतरी को भी प्रेषित की गई है। इन तमाम निर्माण कार्यों के अलावा इनके कार्यकाल में लगभग 900 कार्य करवाये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। खबर है कि उक्त कार्यपालन अभियंता का सेवानिवृत्ति का समय नजदीक है। जागरूक नागरिकों ने शासन और संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि इनके सेवानिवृत्ति से पूर्व इनके एवं इनके सहयोगियों द्वारा किये गये भ्रष्टाचार की तत्काल जांच कर उचित कार्यवाही किया जाये ताकि भविष्य में अधिकारी ऐसे कृत्य से तौबा करे और दोषियों को सजा मिल सके।

ऑफ सीजन में भी, सीजन जैसा

रोज 150 से 300 क्विंटल प्लास्टिक शीट्स, बदहाल कृषि उपज मंडी, परेशान किसान

पायनियर संवाददाता ⮜ भाटापारा
www.dailypioneer.com

150 से 300 क्विंटल हर रोज। यह आंकड़ा उस प्लास्टिक शीट्स का है, जो बीते 4 दिन से खूब मांग में है। कारोबार हैरत में इसलिए है क्योंकि सीजन की मांग, ऑफसीजन के दौर में ही निकली हुई है। कब प्रवेश द्वार खुलेगा? कब नीलामी होगी? और कब भराई होगी? जैसे सवालों के बीच मौसम का पल-पल बदलता मिजाज किसानों को उस प्लास्टिक शीट्स की खरीदी के लिए विवश कर रहा है, जिसकी मदद से प्रांगण के बाहर और प्रांगण के भीतर कृषि उपज को भीगने से बचाया जाना है।

इसलिए खरीदी को विवश

महिला श्रमिकों का आंदोलन खत्म हुए 3 दिन बीत चुके हैं। निपटान में होता विलंब और मौसम की प्रतिकूलता कृषि उपज के लिए नुकसानदेह हो सकती है। इसलिए प्रांगण के भीतर और बाहर दोनों जगह फौरी सुरक्षा के उपाय के तहत किसान प्लास्टिक शीट्स की खरीदी के लिए विवश हो रहे हैं। हालांकि कीमत ठहरी हुई है लेकिन बेवजह का व्यय माना जा रहा है।

ऑफ सीजन में सीजन जैसी मांग

प्लास्टिक शीट्स में फिलहाल, ऑफ सीजन का दौर है लेकिन जून अंत में शुरू होने वाले, प्लास्टिक शीट्स की मांग देखकर बाजार हैरान है। अमूमन सीजन में प्रतिदिन 150 से 300 क्विंटल प्लास्टिक शीट्स की खपत होती रही है लेकिन पहली बार मई मध्य में ही यह आंकड़ा पहुंच चुका है। कीमत 150 रुपए प्रति किलो पर ठहरी हुई है लेकिन मांग को देखते हुए अतिरिक्त ऑर्डर कंपनियों को दिए जा रहे हैं।

मंडी प्रशासन की लापरवाही

गर्मी के दिन हैं। बादलों का जमाव तो है लेकिन गर्मी के तेवर बाकायदा बने हुए हैं। ऐसे में पानी और विश्राम की जरूरत किसान महसूस कर रहे हैं लेकिन दोनों विश्रामगृह में ताले लगे हुए हैं। इसलिए पेड़ों की छांव या ट्रक-ट्रैक्टर के नीचे बैठकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करने के लिए विवश है किसान। आग्रह या शिकायत करना मना है।

15वीं राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ियो ने जीते पदक

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com

15वीं राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता 2024 का आयोजन राजनांदगाव जिले के डोंगरगढ़ में किया गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिलों से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रायपुर शहर के अग्रणी स्कूल, कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ियों ने रायपुर जिले की टीम का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में, वुशु तावलू बालिका सब जूनियर वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वाति कोसरे, लेखिका व रेयांशी द्विवेदी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं वुशु फाइट इवेंट में देव भाटिया नें कांस्य पदक प्राप्त किया। उपरोक्त सभी खिलाडी आगामी राष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता 2024 में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर रविंदर सिंग हूरा, प्राचार्य आईवन स्मिथ, जन प्रगति एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष किशोर जदवानी, सचिव हरजीत सिंह हूरा व खिलाड़ियों के वुशु कोच सीमा चौटेल, खेल शिक्षक नामेश कुमार साहू सहित समस्त कोलंबिया प्रबंधन ने खिलाड़ियों को बधाई दी व भावी प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएँ प्रदान की।

जनजातीय समुदाय के लिए वित्तीय साक्षरता पर तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ⮜ सरायपाली
www.dailypioneer.com

डॉ भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व आईक्यूएसी ,भारत सरकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा जनजातीय समुदाय के लिए वित्तीय साक्षरता पर आधारित तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 13 मई से 15 तक किया गया . डा. एल.एस गजपाल रासेयो समन्वयक पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के दिशानिर्देश एवं डा. मालती तिवारी के मार्ग दर्शन में आयोजित इस कार्यशाला का समापन प्राचार्य अनिता पटेल डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उमेश वर्मा थाना प्रभारी बलौदा व विशिष्ट अतिथि के रुप में डा.सुनील कुमार कुमेती प्रोजेक्ट प्रभारी पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर. रहे.सुमित पटेल व दीपक साहू रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा प्रति दिवस प्रत्येक सत्र के बाद छात्र छात्राओं का फीडबैक एवं विविध गतिविधियों के माध्यम उनके समझ का भी आकलन करते रहे. कमला बाई दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ने पूरे कार्यशाला का संचालन किये। कार्यशाला में छात्र छात्राओं को वित्तीय प्रबंधन, वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता, वित्तीय भूमिका, साइबर अपराध, बैंकिग व स्मार्ट बचत, सोशल मीडिया हैकिंग और उनकी सुरक्षा , वित्तीय साक्षरता का कानूनी ज्ञान, बीमा खाता जमा, एटीएम निकासी, चेक और एन ईएफटी, वित्तीय जोखिम आदि पर जानकारी दी गई . अंतिम दिवस सविता दास के द्वारा छात्र छात्राओं को लूडो -सांप सीढ़ी खेल के माध्यम से बैकिंग जानकारी दी गई। प्रतिभागियों का मूल्यांकन भी किया गया। और अतिथियों के हाथो प्रमाण पत्र वितरण कार्य भी हुआ। उक्त कार्यक्रम में हंसराज ठाकुर, ओमप्रकाश बघेल, पंकज साहू, रूपेश नाग, प्रतीक साहेब गुप्ता पं. रविशंकरशुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक जितेंद्र पटेल, गजानंद नायक, रमेश पटेल ,किरण कुमारी, एंजेला लकड़ा व रश्मि, प्रेरणा प्रधान, विद्याकांत कश्यप मुकेश, दुर्योधन तथा झरना स्वाई, देवेन्द्र यादव, चन्द्रहास बाघ, रविन्द्र, गीता नेताम सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी करुणा सागर जाल ने दी।

बैरन बाजार स्थित अल-फलाह टावर में 19 मई से 26 तक समर कैंप का आयोजन

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com

बैरन बाजार स्थित अल-फलाह टावर में हर साल की तरह इस साल भी बच्चो के लिए 19 मई से 26 मई तक एक सप्ताह का समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप में 6 साल से 12 साल तक के बच्चे शामिल होंगे। बच्चो को कैम्प में भाग लेने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा रखी गई। कैंप में बच्चों को नैतिक शिक्षा के साथ स्पोकन इंग्लिश, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, स्किल डेवलपमेंट, ड्राइंग, क्राफ्ट,आर्ट, गेम्स आदि एक्टिविटीज कराई जाएगी। कैंप ऑर्गेनाइजेशन जुवेरिया साहेबा ने बताया कि समर कैंप बच्चों को नैतिक और सामाजिक शिक्षा को बढ़ावा देने एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट के लिए लगाया जाता है, कैम्प सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक रहता है जिसमें बच्चों को रिफ्रेशमेंट भी दिया जाता है। यह समर कैंप चिल्ड्रन इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

भगवान परशुराम की दुर्ग शोभायात्रा में शामिल हुए हजारों विप्र जन

फरसा तलवार की चमक, झांकी की दमक व गगन भेदी नारों से गूंजा शहर

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा घोषित भगवान परशुराम पखवाड़ा के अंतर्गत पूरे प्रदेश में शोभा यात्रा का धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दुर्ग ब्राह्मण समाज द्वारा अग्रसेन भवन से आयोजित भव्य शोभायात्रा में प्रदेश के सभी ब्राह्मण समाज पूरे जोश खरोश के साथ शामिल हुए। शोभा यात्रा अग्रसेन भवन से गाजे बाजे के साथ स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, सदर, गंजपारा होते हुए ब्राह्मण समाज भवन में भोजन प्रसादी के साथ समापन हुआ। यात्रा के दौरान फरसा और तलवार के साथ समाज के लोगों का शस्त्र शौर्य प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा, वहीं भगवान परशुराम जी की झांकी, सुसज्जित घोड़े, बग्गी, पंथी नृत्य, धुमाल बैंड, व डीजे ने शोभायात्रा की शान बढ़ा दिया था। रास्ते भर विभिन्न संगठन व समाज के लोगों ने स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा की। पुष्प माला, शरबत, मीठा, जूस, आइसक्रीम के साथ स्वागत किया। महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपने पार्षदों सहित जोरदार स्वागत किया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती, राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, उप प्रांत अध्यक्ष लेखमणि पांडे, प्रदेश सांस्कृतिक अध्यक्ष जेपी शर्मा, राष्ट्रीय युवा मंच महासचिव विक्रांत शर्मा , राष्ट्रीय प्रवक्ता पीयूष पांडे, प्रदेश सचिव नीरज शर्मा, राकेश शुक्ला, अजय जोशी, युवराज शर्मा, नीतीश शुक्ला, भिलाई अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी, शिवाकांत तिवारी, अभिषेक पांडे, जितेंद्र तिवारी, हेमंत तिवारी, लेख नारायण तिवारी, मोलेश तिवारी, जितेंद्र शुक्ला, रविंद्र त्रिपाठी, नंदकिशोर शर्मा, श्याम शर्मा, प्रहलाद मिश्रा, नवीन शर्मा, अजय मिश्रा, राम लोचन तिवारी, देवेश मिश्रा, रवि तिवारी, राकेश दुबे, हनुमान शर्मा, सुमन पांडे, मंजरी दुबे, ज्योति शर्मा, रामलोचन तिवारी, राहुल पंडित, डॉ गोविंद दीक्षित, बंटी शर्मा सहित प्रदेश भर से हजारों की संख्या में विप्रजन शामिल हुए।

भक्त माता कर्मा की भक्ति का कोई बखान नहीं : विधायक इंद्र साव

देवरी में भक्त माता कर्मा जयंती में शामिल हुए विधायक इन्द्र साव

पायनियर संवाददाता ⮜ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भक्त माता कर्मा हमारे साहू समाज की देवी मां है, इनकी भक्ति में इतनी शक्ति है की हम लोग उसका बखान नहीं कर सकते। कहते है कि भक्ति में ही शक्ति है। वैसे ही हमारी भक्त माता कर्मा थी। उक्त बाते क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने ग्राम देवरी में साहू सामाज के द्वारा मनायी गई भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर उपस्थित सामाजिक लोगो को अपने संबोधन में कही। विधायक साव ने अपने संबोधन में कहा कि माता भक्त कर्मा में बहुत भक्ति थी ।माता कर्मा अनेक दुःखो को सह कर भक्ति की और उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान जगन्नाथ को भी अपने मंदिर से बाहर निकलना पड़ा और भक्त माता कर्मा के द्वारा बनाई गई खिचड़ी को खाना पड़ा। भक्त माता कर्मा ने अपनी भक्ति का जो संदेश हमें दिया है कि कोई भी भक्त भक्ति भाव से निष्ठा पूर्वक अपने कार्य को करता है तो उसके सभी कार्यों में उसे सफलता मिलना तय है। कार्यक्रम में सरपंच सेवक राम साहू एवं ग्राम अध्यक्ष साहू सामाज चिंता राम साहू ने भी अपना उदगार व्यक्त किया। इसके पूर्व विधायक इंद्र साव एवं उनके साथ पहुंचे अतिथियों का आयोजन करताओ ने फूल माला पहना कर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में कर्मा माता मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो की गांव का भ्रमण कर वापस कर्मा माता मंदिर पहुंची जहा भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना की गई। इस जयंती अवसर पर तहसील अध्यक्ष तरेंगा चैतराम साहू, तहसील उपाध्यक्ष भरत साहू, कमलेश साहू दतरेंगी, रामसागर साहू, घनाराम साहू, कुलेश्वर, मोपका, सहदेव साहू मोपर, शकुन राजकुमार उपसरपंच, ईश्वरी साहू, दयालु साहू, तुलसी साहू, चेतन, ललित साहू, कैलाश साहू, चुन्नी लाल, नरेश साहू, जीवन लाल साहू, रामेश्वर साहू, जीवन साहू, देवचरण साहू सहित काफी संख्या में सामाजिक गण उपस्थित थे।

पूर्व विधायक के प्रयास से समोदा-अछोला जल प्रदाय योजना ले रहा मूर्त रूप

क्षेत्र के ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को दिया साधुवाद

पायनियर संवाददाता ⮜ महासमुंद
www.dailypioneer.com

पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर के कार्यकाल में क्षेत्र के बड़े विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई थी। जिसमें से प्रमुख विकास कार्यों में समोदाङ्कअछोला जल प्रदाय योजना भी शामिल था। चंद्राकर ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष क्षेत्र की इस प्रमुख समस्या को रखा था। चंद्राकर के भगीरथ प्रयासों से इस वृहद परियोजना की स्वीकृति पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में मिली थी। स्वीकृति के बाद 9 अक्टूबर 2023 को पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने क्षेत्र के ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम अछोला में समोदा-अछोला जल प्रदाय योजना का शुभारंभ किया था। जिसका 50 प्रतिशत कार्य अब तक पूर्ण हो चुका है। उक्त योजना के तहत 48 गांवों तक शुद्ध जल पहुंचेगी। उक्त कार्य से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र की प्रमुख समस्या जल संकट का समाधान पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयासों से हुआ है। उनके कार्यकाल में स्वीकृत इस परियोजना के तहत शीघ्र ही हमारे क्षेत्र के 48

ग्रामों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। इसके लिए ग्रामीणों ने चंद्राकर का धन्यवाद ज्ञापित किया है। ज्ञात हो इस योजना के तहत क्षेत्र के जिन 48 ग्रामों को पानी दिया जाना है उनमें अछोला, अमलोर, जलकी, छपोराडीह, अछरीडीह, परसाडीह, लहंगर, गढ़सिवनी, अचानकपुर, पासीद, सुकुलबाय, बनपचरी, बांसकुड़ा, घोड़ारी, तेंदुवाही, बंदोरा, अछोली, भोरिंग, सिरपुर, बिरकोनी, रायमुड़ा, पिरदा, बड़गांव, बेलटुकरी, कुहरी, बोरिद, कर्राडीह, कुकराडीह, मालीडीह, जोबा, फुसेराडीह, पीढ़ी, खट्टीडीह, तेंदुवाही, मरौद, बिरबिरा, गुडरूडीह, सेनकपाट, खिरसाली, केडियाडीह, खमतराई, मोहकम, अमावश, चुहरी, रायकेरा, नांदबारू, केसलडीह, खड़सा आदि गांव शामिल हैं। उक्त सौगात पर क्षेत्र के ग्रामीण मोहन यादव, कमल साहू, तोमन ध्रुव गढ़शिवनी, चंद्रशेखर पुष्पाकर, पोखन साहू, रेखलाल चंद्राकर पीढ़ी, हेमंत ध्रुव, देवसिंग यादव जोबा, सतीश सोनकर, पुनाराम घृतलहरे, आनंद पटेल, संतोष साहू, गिरधर आवड़े आदि ने चंद्राकर का आभार व्यक्त किया है। इसी तरह चंद्राकर के कार्यकाल में स्वीकृत मचेवा व ग्राम शेर में विद्युत सब स्टेशनों का कार्य पूर्ण हो गया है। मचेवा के 33/11 केव्ही विद्युत सब स्टेशन से सप्लाई शुरू हो चुकी है। मचेवा सब स्टेशन से मचेवा, बम्हनी, परसकोल, भुरका, परसट्टी, लाफिनखुर्द, लाफिनकला सहित 12-15 ग्रामों को बिजली आपूर्ति की जा रही है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को लो वोल्टेज की समस्या से मुक्ति मिली है। वहीं, शेर स्थित सब स्टेशन से टेस्टिंग के बाद सप्लाई शुरू की जाएगी। यहां से शेर, मोगरा, कनेकेरा, भलेसर, धनसुली, साल्हेभाठा सहित दर्जन भर से अ धिक गांवों को बिजली की आपूर्ति की जाएगी। इससे क्षेत्र के किसान रबी सीजन में भी फसल ले सकेंगे। उक्त सौगात से हर्षित ग्रामीणों मोती साहू मोंगरा, परमानंद साहू मोरधा, संतोष ध्रुव शेर, मन्नू साहू शेर, जितेंद्र चंद्राकर कनेकेरा, रुमाल ध्रुव कनेकेरा, देवचरण नारंग मुरकी, दिनेश दुबे धनसूली, मेहरू मंडले, आनंद दीवान शेर, ललित दीवान कनेकेरा, सुकल दीवान मोरधा, सोमनाथ चंद्राकर मोरधा आदि ने पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर का आभार व्यक्त किया है।

कृष्णा चन्द्राकर निधन समाचार

बेलसोंडा। ग्राम बेलसोंडा निवासी कृष्णा चंद्राकर (83)वर्षीय का स्वर्गवास हो गया है वे गजानंद चंद्राकर के पिताजी थे। सामाजिक सक्रिय, व्यक्ति थे उनके निधन से गांव और चंद्राकर समाज को अपूरणीय क्षति हुई। भगवान से विनम्र प्रार्थना है। उनकी अंतिम यात्रा में गांव के गणमान्य ग्रामीण शामिल हुए।

जिले का जल संसाधन विभाग बना राजनीति का अखाड़ा

ईई वर्सेस कर्मचारी संघ, वर्चस्व की चल रही लंबी लड़ाई, आवक-जावक पंजी गायब होने की शिकायत लेकर थाना पहुंचे ईई, कर्मचारी कलेक्टर के पास

■ बिना टेंडर करोड़ों का काम कराने से लेकर, प्रताड़ित किए जाने की कलेक्टर को सूचना

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले का जल जलसंसाधन विभाग लंबे समय से सुर्खियों में रहा है। पहले दो ईई के बीच कुर्सी को लेकर घमासान रहा। और अब ईई वर्सेस कर्मचारियों का विवाद को लेकर सुर्खियों में है। एक्जीक्यूटिव इंजीनियर विजय जामनिक कार्यालय का आवक-जावक पंजी गुम हो जाने की शिकायत लेकर थाना पहुंचे हैं तो उससे पहले विभाग के कर्मचारी भी ही ईई के खिलाफ 11 बिंदुओं पर नियम के विपरीत काम करने की सूचना पत्र लिखकर कलेक्टर से और विभागीय आला अधिकारियों को दे चुके हैं। विभाग के 10 कर्मचारियों ने 11 बिंदुओं पर सुनियोजित नियमों की अवहेलना करने की सूचना देकर प्रताड़ित करने की भी जानकारी कलेक्टर को लिखा है।

आवक-जावक रजिस्टर रहस्यमय तरीके से हुआ

जल संसाधन विभाग में आवक-जावक पंजी के गायब होने को लेकर उठा विवाद गहराता जा रहा है। इस मामले में आपराधिक प्रकरण पंजिबद्व करने के लिए, विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता विजय जामनिक ने कोतवाली प्रभारी को पत्र लिखा है। कोतवाली प्रभारी रवि शंकर तिवारी का कहना है कि फिलहाल,यह मामला जांच में हैं। कोतवाली प्रभारी को लिखे पत्र में जल संसाधन विभाग जशपुर के कार्यपालन अभियंता विजय जामनिक ने बताया है कि 5 से 7 अप्रैल तक शासकीय अवकाश होने के बाद भी, आवश्यक शासकीय कार्य को पूरा करने के लिए कार्यालय खुला हुआ था। 8 अप्रैल को कार्यालय के स्टेनो टायपिस्ट ललित कुमार तिग्गा ने कार्यालय से आवक जावक पंजि गुम होने की सूचना दी। मामले की जानकारी लेने पर पता चला कि संभागीय कार्यालय में सहायक

मानचित्रकार एसके साण्डेय, नोवेल टोप्पो, अनुलेखक सुभाष तिर्की, स्थल सहायक सैयद इशफाक जमा, चौकीदार शिवप्रकाश रजक, रात्रिकालिन चौकीदार अमरजीत राम, एसडीओ एसके रात्रे, स्थल सहायक राजेश कुमार, वरिष्ठ लेखा लिपिक विलसन टोप्पो, डाटा एंट्री आपरेटर उमेश कुमार साहू लोकसभा चुनाव के प्रशिक्षण के लिए कार्यालय से बाहर थे। इसके बाद से ही कार्यालय से आवक जावक पंजी गायब है। इस पूरे मामले में ईई विजय जामनिक ने कार्यालय में जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की अनुपस्थिति में कार्यालय में आने वाले लोगों के शामिल होने का संदेह जताया है। बीते कुछ समय से जल संसाधन विभाग विवादों को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहा है।

कलेक्टर को 11 बिंदुओं का सूचना पत्र

1. कार्यपालन अभियंता के निर्देशानुसार आवक पंजी में खाली नम्बर छोड़ा जाता है।
2. कार्यपालन अभियंता के निर्देशानुसार जावक पंजी में खाली नम्बर छोड़ा जाता है।
3. कार्यपालन अभियंता जब मुख्यालय में नही रहते हैं तो उनके द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को पत्राचार के लिए डिजीटल सिग्नेचर लगाकर भेजने के लिए निर्देशित किया जाता है।
4. कार्यपालन अभियंता द्वारा शासन के दिशा-निर्देशों एवं उच्चाधिकारियों के द्वारा दिए गए निर्देशों का अवहेलना करते हुए कार्य करवाया जाता है। जिससे हम कर्मचारी मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं ।
5. कार्यपालन अभियंता द्वारा कार्यालयीन कर्मचारियों से किए गए कार्यों का दैनिक दैनंदिनी मांगा जाता है। नहीं देने पर वेतन आहरित नही किया जाता है। जिससे कारण कर्मचारी आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित होते हैं। चूंकि कार्यालयीन कर्मचारियों को किस नियम के तहत दैनिक दैनंदिनी मांगी जाती है।
मैदानी कर्मचारी द्वारा ही दैनिक दैनंदिनी दिए जाने का प्रावधान है।
6. कार्यालय कार्यपालन अभियंताजल संसाधन संभाग जशपुर का आवक पंजी अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उपसंभाग जशपुर द्वारा 02.04.2024 से 15.04.2024 तक अनाधिकृत रूप से अपने पास रखे हुए थे।
7. जब कार्यपालन अभियंता कार्यालय में अनुपस्थित रहते हैं तो तब कार्यों का भुगतान हेतु दूरभाष मे या फिर कार्यालय छोड़ने के पूर्व उनके द्वारा दिए गए मौखिक निर्देशों पर ही देयकों का भुगतान किया जाता है।
8. कार्यपालन अभियंता के निर्देशानुसार ही कार्यादेश जारी किए जाते हैं।
9. कार्यपालन अभियंता द्वारा भण्डार कय अधिनियम 2002 का पालन नही किया जा रहा है।
10. कार्यपालन अभियंता द्वारा पीस वर्क हेतु निविदा प्रकाशन नही किया गया है।
11. कार्यपालन अभियंता द्वारा कर्मचारियों को कार्यालयीन समय में कार्य न कराया जाकर अवकाश दिवस में ही ज्यादा कार्य करवाया जाता है एवं रात को भी काम करवाया जाता है जिससे कर्मचारी मानसिक रूप से प्रताड़ित है।

मामले में जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता विजय जामनिक की शिकायत मिली है। जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।'

- रवि तिवारी, टीआई, कोतवाली थाना जशपुर

एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा संपन्न, अपर कलेक्टर एवं संयुक्त कलेक्टर ने किया निरीक्षण

गरियाबंद। जिला गरियाबंद अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन गरियाबंद के शासकीय वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक आयोजित किया गया। चयन परीक्षा में कुल 939 परीक्षार्थियों में से 812 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए वहीं 127 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। अपर कलेक्टर अरविंद पांडे एवं संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत ने परीक्षा केंद्र पहुंचकर परीक्षा के सुचारू संचालन का जायजा लिया। चयन परीक्षा में आयुक्त, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर से परीक्षा केन्द्र के पर्यवेक्षक के रूप में मंजुला तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरियाबंद विशाल महाराणा भी मौजूद रहे। प्रवेश परीक्षा का आयोजन सफल रहा।

बाल मनुहार के साथ आत्मीय पल को साझा किया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

ओडिशा प्रवास से रायपुर लौटने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पुलिस ग्राउंड हेलीपैड में एक नन्हीं बच्ची से मुलाकात हुई। उन्होंने जब बच्ची का नाम पूछा तो उसने अपना नाम इनाया बताया। कवर्धा से आई इस बच्ची ने हैलीकाप्टर में घूमने की इच्छा ज़ाहिर की तो सीएम साय ने मुस्कुराकर कहा कि अभी शाम हो रही है आपको ज़रूर घूमाने ले जायेंगे। दोनों के बीच बहुत ही भावपूर्ण संवाद को देखकर वहाँ मौजूद सभी लोग मुस्कुराने लगे। बच्ची अपने परिजनों के साथ वहाँ हेलीकॉप्टर देखने आई थी। साय ने बच्ची के साथ हुए आत्मीय संवाद को अपने सोशल मीडिया हैंडल

एक्स पर साझा करते हुए लिखा है कि उन नन्हें-नन्हें कदमों की बात कुछ और थी, उस नन्ही सी दोस्त से मुलाकात की बात ही कुछ और थी। आज शाम ढले ओडिशा से तीन जन सभाओं के बाद रायपुर के पुलिस हेलीपैड ग्राउंड पहुंचा तो नन्हीं सी बच्ची इनाया से मुलाकात हो गई। सुनहरी धूप सी खिली बच्ची को कौतूहल से हेलीकाप्टर निहारता देख कर खुद को उसके पास जाने से न रोक सका। तुतलाती जुबान से उसके मुख से निकले मिश्री जैसे शब्दो ने तो जैसे दिन भर की थकान को ही परे धकेल दिया। हालाकि शाम होने की वजह से हेलीकाप्टर में उडने की उसकी इच्छा तो पूरी न कर सका पर बिटिया से इसका वादा जरूर किया है। बाल मनुहार के साथ यह आत्मीय पल आप सभी के संग साझा करते हुए वात्सल्य से भरा महसूस कर रहा हूं। गौरतलब है कि विष्णु देव साय का नन्हें बच्चों के प्रति प्रेम किसी से छुपा नहीं है। इससे पहले भी उन्होंने अपने नाती वेदांश के साथ हुए संवाद को सोशल मीडिया में साझा किया था। जिसके व्यूअर्स की संख्या इंस्टाग्राम पर 40 लाख को छूने जा रही है।

समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत उपयोगी : कलेक्टर अग्रवाल

■ बारूका में पीएम स्कूल के बच्चों का तीन दिवसीय समर कैंप संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार एवं कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के पांचों विकासखण्ड के सात शालाओं में संचालित पीएमश्री स्कूल के बच्चों के समर कैंप का आयोजन 16 से 18 मई तक आदर्श कन्या आश्रम बारूका में किया गया। जिसमें बच्चों को विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। समर कैंप के समापन कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों से विभिन्न

विधाओं में सीखें गए कलाओ की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन में ऐसे समर कैंप को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत ही उपयोगी बताया। शिक्षकों को ऐसे कार्यक्रम के लिए प्रोत्साहित भी किया। कलेक्टर अग्रवाल ने समर कैंप के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। साथ ही बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत, डीएमसी के एस नायक सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। समर कैंप के आज तृतीय एवं अंतिम दिवस में संगीत, नृत्य, ड्राइंग पेंटिंग, लेखनकार्य, मेहंदी, नाटक,आदि विधाओं के साथ साथ कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, शतरंज, लूडो एवं कैरम खेल की बारीकियों से भी बच्चों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत ने बच्चों के उन्मुखीकरण के लिए ऐसे कार्यक्रम को मील का पत्थर बताया तथा प्रशिक्षक गण, सहयोगी शिक्षकों, एवं संकुल समन्वयकों को समर कैंप के सफल संचालन के लिए बधाई दी। उक्त कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरा, बीआरसी छुरा, विभिन्न विकासखंडों से आए शिक्षकगण एवं विकासखंड गरियाबंद के संकुल समन्वयकगण भी उपस्थित रहे जिन्होनें अपने महत्वपूर्ण योगदान से कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महति भूमिका का निवर्हन किया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से एलएचबी कोच के साथ चलने वाली सभी ट्रेनों में दोनों तरफ सामान्य कोच की सुविधा

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में यात्रियों की माँग व सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की विशेष सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से एलएचबी कोचों के साथ चलने वाली सभी ट्रेनों में आगे व पीछे दोनों तरफ सामान्य श्रेणी के कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा की उपलब्धता से सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को ट्रेनों के दोनों साइड सुगम यात्रा सुविधा सुनिश्चित होगी। 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में कोरबा से 22 मई से एवं अमृतसर से 24 मई से मिलेगी। 18239/18240 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-कोरबा, शिवनाथ एक्सप्रेस में कोरबा से 23 मई से एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से 22 मई से मिलेगी। 12855/12556 बिलासपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बिलासपुर, इंटरसिटी एक्सप्रेस में बिलासपुर से 22 मई से एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से 24 मई से मिलेगी। 20845/20846 बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर, एक्सप्रेस में बिलासपुर से 25 मई से एवं बीकानेर से 28 मई से मिलेगी। 20843/20844 बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर, एक्सप्रेस में बिलासपुर से 27 मई से एवं भगत की कोठी से 30 मई से मिलेगी। 22843/22844 बिलासपुर-पटना-बिलासपुर, एक्सप्रेस में बिलासपुर से 24 मई से एवं पटना से 26 मई से मिलेगी। 22815/22816 बिलासपुर-एरणाकुलम-बिलासपुर, एक्सप्रेस में बिलासपुर से 27 मई 2024 से एवं एरणाकुलम से 29 मई से मिलेगी। 12849/12850 बिलासपुर-पुणे-बिलासपुर, एक्सप्रेस में बिलासपुर से 30 मई से एवं पुणे से 31 मई से मिलेगी। 12851/12852 बिलासपुर-चेन्नई-बिलासपुर, एक्सप्रेस में बिलासपुर से 2 जून से एवं चेन्नई से 3 मई से मिलेगी। 12853/12854 दुर्ग-भोपाल-दुर्ग, अमरकंटक एक्सप्रेस में दुर्ग से 22 मई से एवं भोपाल से 23 मई से मिलेगी। 18205/18206 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से 23 मई से एवं नौतनवा से 25 मई से मिलेगी। 18207/18208 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से 27 मई से एवं अजमेर से 28 मई से मिलेगी। 20847/20848 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन (ऊधमपुर)-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से 22 मई से एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन(ऊधमपुर) से 24 मई से मिलेगी। 18213/18214 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से 26 मई से एवं अजमेर से 27 मई से मिलेगी। 12823/12824 दुर्ग-निज़ामुद्दीन-दुर्ग, संपर्कक्रांति एक्सप्रेस में दुर्ग से 23 मई से एवं निज़ामुद्दीन से 24 से मिलेगी। 18249/18250 रायपुर-कोरबा-रायपुर, हसदेव एक्सप्रेस में रायपुर से 22 मई से एवं कोरबा से 23 मई से मिलेगी। 18201/18202 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से 22 मई से एवं नौतनवा से 24 मई से मिलेगी। 18203/18204 दुर्ग-कानपुर-दुर्ग, बेतवा एक्सप्रेस में दुर्ग से 26 मई से एवं कानपुर से 27 मई से मिलेगी। 12549/12550 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन (ऊधमपुर)-दुर्ग, एक्सप्रेस में दुर्ग से 28 मई से एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन(ऊधमपुर) से 30 मई से मिलेगी।

जवान व ग्रामीण के हत्या की वारदात में शामिल 2 नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत हत्या की वारदात में शामिल फरार नक्सलियों की पता तलाश एवं सूचना के आधार पर जैगुर से 2 नक्सलियों दशरू आरकी (डीएकेएमएसअध्यक्ष) पिता सोमा आरकी उम्र 32 वर्ष निवासी जैगुर नरगोपारा थाना जांगला एवं मंगलू कवासी (मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर) पिता मंगडू कवासी उम्र 30 वर्ष निवासी जैगुर डोंगरपारा थाना जांगला को गिरफ्तार किया गया है। उक्त दोनों गिरफ्तार नक्सली 7 फरवरी 2024 को थाना जांगला क्षेत्रान्तर्गत बेंचरम में स्थापित जिओ मोबाइल टावर में आगजनी की वारदात एवं 18 फरवरी 2024 को छसबल कैम्प दरभा में पदस्थ छसबल का जवान तिजउ राम भुआर्य की नक्सलियों के स्माल एक्शन टीम द्वारा कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दिये थे, इस वारदात में भी शामिल थे। थाना कुटरू क्षेत्रान्तर्गत 08 मार्च 2024 को तेलीपेंठा के ग्रामीण पुसु हेमला की हत्या की वारदात में भी शामिल थे। गिरफ्तार नक्सलियों के कब्जे से मेमोरण्डम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त आलाजरब बरामद किया गया। थाना जांगला में अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही उपरान्त शनिवार को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

बोड़ेगांव में प्रभावितों का ईलाज घर पर ही

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले के ग्राम बोड़ेगांव (ननकट्टी) में उल्टी-दस्त की आऊटब्रेक की सूचना होने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 मई 2024 से नियमित रूप से सक्रिय सर्वेलेंस किया जा रहा है। डॉ. जे.पी. मेश्राम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग के निर्देशानुसार डॉ. एस.के. मेश्राम, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी, दुर्ग, डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्विलेंस अधिकारी, दुर्ग रितीका मसीह, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, राजेन्द्र वर्मा, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, निकुम, संदीप वर्मा, आरएमए, टेमेन्द्र देशमुख एवं महेश्वरी बघेल, आर.एच.ओ., सुपरवाईजर व स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहित काम्बेट टीम के अन्य सदस्यों द्वारा प्रभावित क्षेत्र में चिकित्सकीय उपचार एवं दवाईयों का वितरण किया जाकर

आमजनता को चिकित्सकीय लाभ दिया दिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम से मिली जानकारी अनुसार 18 मई 2024 को प्रभावित क्षेत्र ग्राम बोड़ेगांव में उल्टी-दस्त के 02 नये मरीज मिले है, जिनमें से 01 पुरूष 01 महिला को डायरिया व दस्त के जो अपने घर में ही चिकित्सकीय उपचार ले रहे है। 01 महिला 42 वर्ष जिनका श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज, जुनवानी में चिकित्सकीय उपचार करा रहे हैं, उनकी स्थिति सामान्य है। 14 मई 2024 से आज दिनांक तक ग्राम बोड़ेगांव में कुल 53 प्रकरण में 01 मरीज अस्पताल में चिकित्सकीय उपचार ले रहे हैं व अन्य 52 मरीजों का घर पर ही चिकित्सकीय उपचार चल रहा है व स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। काम्बेट टीम व मितानिन द्वारा संक्रमित क्षेत्र का सर्वे किया जा चुका है। मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता को प्रभावित क्षेत्र में सतत् निगरानी किये जाने निर्देशित किया गया है।

पुलिस के दबाव में आकर दोनों तस्कर पीकअप वाहन छोड़कर फरार हो गए

फिल्मी स्टाईल से भाग रहे मवेशी तस्करों से 2 पीकअप 22 नग मवेशी जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

एसपी शशि मोहन सिंह द्वारा मवेशी तस्करों के विरूद्ध मुखबीर लगाकर एवं तस्करी की सूचना मिलने पर सभी थाना/चौकी प्रभारियों को तत्काल कार्यवाही करनेएवं तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। पहले प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि शनिवार को 05 बजे थाना लोदाम को मुखबीर से सूचना मिली कि जशपुर क्षेत्र से एक पीकअप वाहन क्र. जे.एच. 01 एफ.ए. 4057 में मवेशियों को क्रूरता से भरकर तस्करी करते हुये नेशनल हाईवे-43 लोदाम होते हुये झारखंड की ओर जा रहा है, इस सूचना पर थाना लोदाम पुलिस स्टॉफ द्वारा तत्काल बेरियर के पास नाकाबंदी किया गया एवं मुखबीर के बतायेनुसार उक्त पीकअप वाहन क्र 4057 रास्ते में आता दिखा, जिसके चालक को रोकने का प्रयास किया गया जो चालक द्वारा अपने पीकअप वाहन को और तेज गति से चलाते हुये टोल प्लाजा के स्टॉपर को ठोकर मारकर दूसरे ओर चला गया, एवं चालक को पुलिस द्वारा पीछा करने की जानकारी मिलने पर अज्ञात वाहन चालक पीकअप वाहन को एक ढाबा के पास छोड़कर भाग गया। पुलिस द्वारा उक्त वाहन से

कुल 10 नग मवेषी बरामद किया गया, जिसमें से 04 नग मवेशी की मृत्यू हो चुकी थी। दूसरे प्रकरण में आज सुबह 06:30 बजे मुखबीर से थाना लोदाम को सूचना मिली कि कोनबीरा रोड से एक पीकअप क्रमांक 2568 में मवेशी तस्करी की जा रही है एवं वह भी झारखंड की ओर जा रहा है, इस सूचना पर तत्काल मौके पर जाकर पुलिस द्वारा पीछा किया गया, अज्ञात तस्कर द्वारा पुलिस द्वारा पीछा करता हुआ देखकर वह भी पीकअप वाहन को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया, उक्त पीकअप से कुल 12 नग मवेशी जप्त किया गया। दोनों प्रकरणों में लोदाम पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. कृषि पशु परि.अधि. 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधि. 2010 की धारा 11 का अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं जप्ती कार्यवाही में थाना प्रभारी लोदाम निरीक्षक राकेश यादव, स.उ.नि. कमल सिंह राठिया, आर. सुमित कुजूर, आर. मोरिस किस्पोट्टा, आर. धनसाय राम, एवं आर. प्राणशंकर भगत का योगदान रहा है।

जिला पुलिस जशपुर पशु तस्करों के विरुद्ध एक विशेष रणनीति के तहत लगातार कार्य कर रही है, तस्करी के फरार आरोपियों के ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है, पशु तस्करी जिले में किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर

डिलवरी बॉय ने होटल में लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी के एक होटल में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस को युवक का शव होटल के कमरे में मिला। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, युवक शादी नहीं होने से तनाव में था। आशंका है कि इसी वजह से उसने ये कदम उठाया होगा। ये पूरा मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र का है। आजाद चौक थाना प्रभारी प्रमोद सिंह ने बताया कि मृतक ब्राह्मणपारा का निवासी नवीन दीवान (34 वर्ष) है। उसने अपने ही घर के पास अवधिया पारा के एक होटल में 16 मई को रूम बुक किया। अगले दिन सुबह जब होटल स्टाफ ने उसे देखा नहीं तो रूम का दरवाजा खटखटाया गया। कॉल भी किया गया। लेकिन सामने से कोई जवाब नहीं आया। जिसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़ा गया। सिंह के मुताबिक, इस मामले में होटल स्टाफ जब दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा तो युवक की लाश लटकी हुई थी। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भिजवा दिया है। हालांकि अब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है। मृतक के घर वालों ने पुलिस को बताया कि नवीन फूड डिलवरी का काम करता था। घर में मां-बाप और बड़ा भाई रहता है। बड़े भाई की शादी हो चुकी हैं। नवीन की शादी नहीं हुई थी। इस वजह से वह परेशान रहता था। आशंका है कि इसी वजह से उसने ये कदम उठाया होगा।

संपादकीय

पीओके में अशांति अमित शाह का बयान

पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके में जनता का गुस्सा तथा व्यापक अराजकता को देखते हुए अमित शाह ने कहा है कि भारत इसे अपने साथ शामिल कर लेगा। वर्तमान समय में कश्मीर घाटी में शांति एवं सद्भावना व्याप्त है, पर एलओसी के पार पीओके में जनता के साथ पुलिस व अर्धसैनिक बलों के बीच टकराव से अराजकता की स्थिति व्याप्त है। ऐसे में भारतीय गृह मंत्री अमित शाह ने जोर दिया है कि यह क्षेत्र 'भारत का है और हम इसे फिर अपने साथ शामिल कर लेंगे।' उनके इस बयान से संवेदनशील इतिहास के विवादित क्षेत्र पर फिर बहस तेज हुई है। विभाजन के बाद अन्य ऐसे राज्यों की तरह जम्मू कश्मीर की देशी रियासत को भारत या पाकिस्तान के साथ विलय का विकल्प दिया गया था। जम्मू कश्मीर के तत्कालीन शासक महाराजा हरि सिंह शुरुआत में तो 'स्वतंत्र' रहना चाहते थे, पर पाकिस्तान-समर्थित कबीलाई उग्रवादियों की घुसपैठ के कारण उन्होंने अक्टूबर, 1947 में भारत में विलय का फैसला किया। इसके कारण भारत-पाकिस्तान के बीच पहला युद्ध हुआ और संयुक्त राष्ट्रसंघ के आह्वान पर युद्धविराम के पश्चात एलओसी निर्धारित की गई। इससे यह क्षेत्र भारतीय जम्मू कश्मीर तथा पीओके में विभाजित हो गया। हालांकि, भारत ने अधिकांश क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था, पर लगभग एक तिहाई क्षेत्र पर पाकिस्तानी कब्जा बना रहा जिसे उसने 'आजाद जम्मू कश्मीर' व गिलगिट-बाल्टिस्तान का नाम दिया। इस प्रकार भारतीय दृष्टिकोण से पीओके जम्मू कश्मीर का अखंड अंग है और उसे भारत में शामिल करना ऐतिहासिक, विधिक व नैतिक आधार पर उचित क्षेत्र संबंधी दावा है। भारतीय संसद ने इस पर सर्व-सम्मत प्रस्ताव पास किया है। लेकिन विपक्षी दल चुनाव के समय अमित शाह के बयान पर सवाल उठा रहे हैं।



पाकिस्तान पीओके को 'आजाद क्षेत्र' मानता और इस पर संयुक्त राष्ट्रसंघ-यूएनओ के एक पुराने प्रस्ताव के आधार पर 'जनमत संग्रह' की याद दिलाता रहा है। लेकिन उसने स्वयं यूएनओ प्रस्ताव की शर्तें पूरी नहीं की थीं और अब उसे दुहराने का कोई अर्थ नहीं है। पाकिस्तान शिमला समझौते का उल्लंघन करते हुए जम्मू कश्मीर का मुद्दा बार-बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता रहा है। उसने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त करने के मुद्दे पर भी हायतोबा मचाई, पर उसे इस्लामी देशों का भी साथ नहीं मिला। जहां जम्मू कश्मीर अनुच्छेद 370 हटने के बाद से शांति, लोकतंत्र और प्रगति की राह पर तेजी से अग्रसर है, वहीं बदहाल पाकिस्तान के कब्जे वाले पीओके में जनता को दो जून की रोटी भी मुहाल है। वहां आटे की कीमतों, बिजली की दरों तथा पाकिस्तान सरकार द्वारा थोपे करों के विरोध में व्यापक जनान्दोलन हुआ। पुलिस व पाकिस्तानी रेंजर्स के साथ मुठभेड़ में तीन प्रदर्शनकारियों के मारे जाने के बाद आंदोलन और उग्र हो गया। सालों से अशांत इस क्षेत्र में मानवाधिकार व लोकतांत्रिक अधिकारों के उल्लंघनों तथा पाकिस्तानी अवस्थापना द्वारा जनता के स्वर दबाने की घटनायें बार-बार सामने आई हैं। यहां 'गिलगिट बाल्टिस्तान मूवमेंट' जैसे नागरिक अधिकार आंदोलन पाकिस्तानी अत्याचारों का लगातार मुकाबला कर रहे हैं। इन आंदोलनों ने भारत सरकार से बार-बार आह्वान किया है कि वह उनके उत्पीड़न को दुनिया भर में उजागर करे। पीओके में जनता का बड़ा हिस्सा भारत वाले जम्मू कश्मीर में विलय का इच्छुक है और उसकी आवाज मुखर रूप से दुनिया के सामने आ रही है। ऐसे में अमित शाह के बयान को संकुचित चुनावी दृष्टिकोण के बजाय व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में सोने की भूमिका

व्यावहारिक घरेलू बचतकर्ताओं की तरह भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था में स्वर्ण भंडारों की उपयोगिता को देखते हुए आरक्षित स्वर्ण भंडार बढ़ा कर 817 मीट्रिक टन कर दिया है।

शिवाजी सरकार
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

भारतीय परिवारों द्वारा अपनी संपदा सुरक्षित रखने के रणनीतिक कदम की तरह भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई ने सक्रिय रूप से स्वर्ण भंडार बढ़ा कर देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह साहसी पहल व्यावहारिक घरेलू बचतकर्ताओं की आदत का प्रतीक है। केन्द्रीय बैंक ने संभावित आर्थिक उथलपुथल से स्वयं को सुरक्षित रखने और देश की वित्तीय स्थिरता मजबूत करने की दिशा में यह कदम उठाया है। अब आरबीआई ने आरक्षित स्वर्ण भंडार बढ़ा कर 817 टन कर दिया है। इस बढ़ोत्तरी के पीछे अनेक कारण हैं जिनमें पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव, फिलिस्तीन पर इज़राइल का हमला, रूस-यूक्रेन युद्ध तथा लगातार जारी मुद्रास्फीति शामिल हैं।

इन सबके कारण सोने की ओर आकर्षण बढ़ा है। दुनिया भर के केन्द्रीय बैंक अपने भंडारों की विविधता बढ़ाने तथा अमेरिकी डालर पर निर्भरता घटाने के लिए सक्रिय रूप से सोना एकत्र कर रहे हैं। चीन खासकर बड़े पैमाने पर लगातार 17 महीने से भारी मात्रा में सोना खरीद रहा है। इससे वह मुद्रा अवमूल्यन तथा भू-राजनीतिक जोखिमों से निपटने का प्रयास कर रहा है। इस प्रकार दुनिया अनाधिकारिक रूप से उन 'स्वर्ण मानकों' की ओर लौट रही है जिनको उसने 1971 में छोड़ दिया था। भारतीय शेयर बाजारों में लगातार 6 दिन गिरावट आई। इसके काण काफी निवेश नष्ट हुआ है। अनुमान है कि भारतीय शेयर बाजारों में इन 6 दिनों की गिरावट के कारण निवेशकों को लगभग 7 लाख करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ है। घरेलू बचतकर्ताओं की बचत में बेरोजगारी और बढ़ती कीमतों के कारण गिरावट आई है क्योंकि इन्होंने उनको प्रभावित किया है। आरबीआई ने 9 मई को जारी अपने स्पष्टीकरण में कहा है कि 'वे अपनी बचत रियल इस्टेट में लगा रहे हैं और केन्द्रीय बैंक को इस परिघटना से चिन्ता नहीं है।' बैंक ने स्वयं भी सोने की खरीद बढ़ा दी है ताकि 'अमेरिकी डालर की अस्थिरता को देखते हुए अपने विदेशी मुद्रा भंडारों का विविधीकरण किया जा सके।' अमेरिका में साल दर साल मुद्रास्फीति की दर बढ़ रही है और यह फरवरी में 3.2 प्रतिशत पर पहुंच गई। फेडरल रिजर्व द्वारा 2022 में ब्याज दरें बढ़ाना शुरू करने के बाद से उसने जुलाई, 2023 में दरें बढ़ा कर 5.25 प्रतिशत के बजाय 5.5 प्रतिशत कर दीं। अमेरिका में चुनाव को देखते हुए वह अपना मुद्रा भंडार बढ़ा रहा है। इस साल की शुरुआत से सोने की कीमतों में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है।

इस प्रकार इसे मुद्रास्फीति के खिलाफ एक बाड़ तथा बढ़ती राजनीतिक व आर्थिक अनिश्चितता में सुरक्षित स्वर्ग की तरह देखा जा रहा है। सोने की कीमतें बढ़ने का प्रमुख कारण केन्द्रीय बैंकों द्वारा इसकी भारी मात्रा में खरीद तथा सुरक्षित-स्वर्गों में संपत्ति की बढ़ती मांग है। भारत में सोने की कीमतों में 2024 में काफी उछाल आया है। इसके कारण अक्षय तृतीया के दो दिन पहले इसकी कीमत अभूतपूर्व रूप से अब तक के सर्वाधिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। परंपरागत रूप से सोने की खरीद सबसे उच्च स्तर 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। इस प्रकार इसकी कीमतों में केवल एक साल के भीतर 21.1 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि हुई। हालांकि, 10 मई को अक्षय तृतीया वाले दिन इसकी कीमत में थोड़ी कमी आई और यह 72,788 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले 6 महीने में सोने की घरेलू कीमतों में उछाल आया और यह 54,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से बढ़ कर रिकार्ड 73,958 रुपये पर पहुंच गईं।

कोई भी समझ सकता है कि सोने की तुलना में किसी भी चीज की कीमतें इतनी तेजी से नहीं बढ़ती हैं और ऐसे में आरबीआई की व्यावहारिकता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है। वर्तमान समय में एक डालर 83.88 रुपये का है। 6 महीने में रुपये की कीमत में वृद्धि की उम्मीद है और यह 82.50 पर पहुंच सकता है। एक साल में 1.1 प्रतिशत वृद्धि के साथ यह 82 रुपये तक पहुंच सकता है जो 1.7 प्रतिशत वृद्धि होगी। इसका अर्थ है कि आरबीआई के डालर भंडार का मूल्य एक साल में लगभग 2 प्रतिशत कम हो जाएगा। इसलिए आरबीआई ने डालर की तुलना में ज्यादा सोना खरीदने का निर्णय किया। इसमें प्रति 10 ग्राम पर 73,000 रुपये खर्च करने पर भी 20 प्रतिशत का लाभ होगा। यह समझदारी वाली अर्थव्यवस्था है। आरबीआई ने अपने भंडारों में विविधता लाने के ए सोना खरीदना तेज कर दिया है। विदेशी मुद्रा भंडार में सोने के मूल्य में 3 बिलियन डालर की वृद्धि हुई है और यह 648.5 बिलियन डालर हो गई है। आरबीआई ने विविधीकरण तथा मुद्रास्फीति से सुरक्षा के लिए 2024 की शुरुआत में ज्यादा सोना खरीदा है।

विश्व स्वर्ण परिषद-डब्लूजीसी के अनुसार जनवरी-मार्च में आरबीआई द्वारा सोना खरीद बढ़ कर 19 टन पहुंच गई। इसकी तुलना में पूरे 2023 साल में उसने केवल 16 टन सोना खरीदा था। डब्लूजीसी के अनुसार, सर्वाधिक स्वर्ण भंडार वाले देशों में अमेरिका 8,133 टन के साथ सबसे ऊपर है, इसके बाद जर्मनी, इटली, फ्रांस और रूसी संघ का स्थान है जिनके पास क्रमशः 3366.49, 2451.84, 2436.01 व 2271.16 टन सोना है। केन्द्रीय बैंकों द्वारा सोने की खरीद में वृद्धि अमेरिका द्वारा रूस पर लगे प्रतिबंधों के बाद आई। ये प्रतिबंध रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले के कारण लगे और इनमें रूसी आरक्षित डालर भंडार फ्रीज करना तथा कच्चे तेल समेत उसके महत्वपूर्ण वस्तु व्यापार पर प्रतिबंध शामिल है। इन कदमों के वैश्विक विपरीत प्रभाव काफी व्यापक थे जिनसे पश्चिमी वित्तीय संस्थानों की संकटग्रस्त स्थिति उजागर हो गई। इसके चलते शेयरों में निवेश का विकल्प ज्यादा जोखिम वाला है। नवीनतम फेडरल रिजर्व डेटा के अनुसार चीन ने अमेरिकी ट्रेजरी सिक्यूरिटीज़ से 22.7 बिलियन डालर अतिरिक्त निकाले और अपनी कुल होल्डिंग घटा कर 775 बिलियन डालर कर दी। इस कमी के बावजूद चीन अमेरिका का दूसरा सबसे बड़ा कर्जदाता है। अमेरिकन फेडरल रिजर्व डेटा के अनुसार चीन डालर पर अपनी निर्भरता घटा रहा है। 'आईसीआईसीआई डाइरेक्ट स्टडी' के अनुसार आरबीआई अमेरिकी डालर पर अपनी निर्भरता घटाने के साथ अपने विदेशी मुद्रा भंडार में विविधता लाना चाहता है। सोना स्थायित्व प्रदान करता है और इसे सीधे किसी एक मुद्रा से नहीं जोड़ा जा सकता है। आर्थिक अनिश्चितता या डालर मूल्य में उतार-चढ़ाव के समय यह अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है। सोने को मुद्रास्फीति के खिलाफ बाड़ समझा जाता है। जब मुद्रास्फीति के कारण मुद्राओं का मूल्य गिरता है तब भी सोने का मूल्य बना रहता है या बढ़ता है। यह भारत के विदेशी मुद्रा भंडार की खरीद शक्ति की रक्षा करता है। आरबीआई का कहना है कि स्वर्ण भंडार पोर्टफोलियो में विविधता से भारतीय अर्थव्यवस्था में विदेशी निवेशकों का विश्वास बढ़ता है। यह भारत की मजबूत वित्तीय स्थिति और स्थायित्व का प्रतीक है जो विदेशी निवेश को आकर्षित करती है।

हालांकि, अब ज्यादा सामान्य नहीं है, पर अंतरराष्ट्रीय लेनदेन में अब भी सोने का प्रयोग किया जा सकता है। ऐसे में आवश्यकता होने पर आरक्षित स्वर्ण भंडार के साथ भारत दूसरे देशों का कर्ज अदा कर सकता है। यदि कोई देश रुपया स्वीकार करने को तैयार न हो तो उसे सोना दिया जा सकता है। दुनिया की भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए अगले पांच साल उथलपुथल वाले हो सकते हैं और सोना अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। वर्तमान समय में आईटी क्षेत्र, उद्योग और बाजारों में उथलपुथल है और इनको शांत होने में कुछ समय लगेगा। ऐसे समय में कागजी मुद्रा की तुलना में सोने की मांग और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई ने आरक्षित स्वर्ण भंडार बढ़ाने का सही कदम उठाया है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तथा हम दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में प्रमुख स्थान प्राप्त करेंगे।

स्वयं के व्यवहार से दूसरों को प्रेरित करते थे पांडुरंग मोघे

आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज में जिस प्रकार घूलमिल चुका है, उसके पीछे 1925 से अब तक लक्ष्यावधि कार्यकर्ताओं की वह साधना है, जिससे संगठन और समाज सम्यक हो चुके हैं। संघ के ऐसे लाखों कार्यकर्ता हैं, जो बिना किसी अपेक्षा के अपना सर्वस्व मातृभूमि के श्रीचरणों में अर्पित करते रहे हैं। पूरे जीवनकाल में उन्हें स्वयं के लिए किसी चीज का आकर्षण नहीं, स्वयं के लिए कोई अपेक्षा नहीं और न ही श्रेय की आकांक्षा। छोटे कद के पांडुरंग मोघे संघ के ऐसे ही विशाल ध्येयनिष्ठ तपस्वी थे। 1963 से संघ के प्रचारक निकलने के लिए उन्होंने अपनी एक अच्छी भली नौकरी छोड़ दी। इसके बाद संघ कार्य करते हुए सागर में आपातकाल के विरुद्ध सत्याग्रह में भाग लिया। आपातकाल विरोधी सत्याग्रह और जनजागरण गतिविधियों को भाग लेने के आरोप में उन्हें तत्कालिन प्रशासन ने दमोह की जेल में कैद कर दिया। अविभाजित मध्य प्रदेश में दमोह में जिला प्रचारक के दायित्व में रहे श्री मोघेजी का जन्म महाराष्ट्र के जलगांव जिले में 11 मई 1931 को हुआ था।

सुदूर महाराष्ट्र से आकर छत्तीसगढ़ में रचबस कर उन्होंने जिस तरह उन्होंने समाज का कार्य खड़ा किया, यह राष्ट्रकार्य के प्रति उनकी एकात्मता का प्रेरक उदाहरण है। छत्तीसगढ़ में संघ का शायद ही कोई कार्यकर्ता हो जिसके व्यक्तित्व को गढ़ने में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से मोघे जी योगदान न रहा हो। धमतरी में जिला प्रचारक रहते हुए उन्होंने संघकार्य की जो नींव रखी उसने कई सेवा भावी कार्यकता गढ़े। समाज के प्रत्येक वर्ग तक सर्वस्पर्शी व सर्वव्यापी रूप में समाज कार्य को खड़ा किया। उनके देवलोकगमन पर धमतरी के स्वयंसेवकों ने जहां उनका पितृतुल्य गरिमा के साथ अंतिम संस्कार किया वहीं समाज का प्रत्येक वर्ग उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचा।

रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ प्रांत के संघ कार्यालय जागृति मंडल में वह लगभग 20 वर्ष तक कार्यालय प्रमुख के दायित्व पर रहे। ऐसे में प्रांत भर के कार्यकर्ताओं से उनका अपनत्व था। स्वास्थ्य ठीक न होने पर भी राष्ट्र कार्य के प्रति उनकी गतिशीलता में कोई कमी नहीं थी। मध्य क्षेत्र के माननीय संघचालक डॉ पुर्णेदू सक्सेना उन्हें पितातुल्य मानते थे। वह जब भी अस्पताल में उन्हें देखने जाते मोघेजी उन्हें समाचार पत्रों से संकलित राष्ट्र जीवन से जुड़ी बातें बताए बिना नहीं रह पाते।



कई बार वह अस्पताल के सेवादारों को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत गीत भी सुनाते थे। उन्होंने स्वास्थ्य अत्यंत विषम होने पर भी 7 मई व्हीलचेयर पर बैठकर मतदान करने पहुंचे। राष्ट्रीय कर्तव्य के प्रति उनमें ऐसा प्रेरणादायी आग्रह था।

समाज जीवन में कार्य करते हुए कितनी छोटी-छोटी बातें ध्यान में रखनी होती हैं। आदरणीय मोघे जी संयमित आचरण की साक्षात् प्रतिमूर्ति थे। उनके साथ कार्य कर चुके स्वयंसेवक बताते हैं, मोघेजी से मिलने का अर्थ होता था दस-पांच लोगों के विषय में वह कुशलक्षेम पूछते थे, और उनसे मिलने के प्रति प्रेरित करते। उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए जीवन को कैसे अनुशासन में रखना, यह अपनी कठोर जीवन शैली से करके दिखाया। एक बार भोजन, पूरी मितव्ययता और जब तक स्वस्थ रहे साइकिल से प्रवास करते रहे । संघ के गृहस्थ कार्यकर्ताओं के बीच उनका यह वाक्य अत्यंत प्रेरणादायी है कि समाज का कार्य परिवार के साथ संतुलन बनाकर ही किया जाना चाहिए, किन्तु ध्यान रहे परिवार की ओर पीठ और समाज की ओर मुंह हो।

संसाधनों का समुचित और संतुलित उपयोग उनकी जीवनशैली में था। पांडुरंग मोघेजी कार्यालय से बचे भोजन, सब्जी के छिलके इत्यादि को नियमित रूप से एकत्र करते और पास में विचरण करने वाले मवेशियों को स्वयं खिलाने जाते। उनके हाथ में पक्षियों को बैठकर दान चुगते देखना किसी को जीव जंतु प्रेमी के लिए प्रेरणास्पद है। एक बार सांड ने उन्हें बुरी तरह चोटिल कर दिया, लेकिन मोघेजी अगले दिन भी उसे भगाने के बजाय पहले की तरह चारा और पानी देते नजर आए।

मितव्ययिता ऐसी कि स्वयं के लिए कभी उन्होंने कुछ व्यय किया हो ऐसा उदाहरण ही सामने नहीं आता। उनके साथ कार्य कर चुके एक कार्यकर्ता कहते हैं, कार्यालय फोन करने पर भी वह मिनट नहीं सेकेंड में बात करते थे। वह कहते थे, समाज ने सुईधागा भी दिया है तो समाज हित में उसका ऐसा प्रबंधन हो जिससे अधिकतम लोगों को लाभ हो। आज जब समाज जीवन और भौतिकतावाद में हम संसाधनों के दुरुपयोग की अनेक तस्वीर देखते हैं, ऐसे समय में पांडुरंग मोघेजी संसाधनों के पुनर्उपयोग व प्रबंधन के आदर्श प्रतिमान थे। उनके कक्ष में नई वस्तुएं तो शायद ही देखने को मिले, हां पुरानी वस्तुओं को न सिर्फसहेजकर रखना बल्कि आवश्यकता पड़ने पर नई की जगह उसे उपयोग में लाना, यह उनकी जीवनपद्धति थी। एक कार्यकर्ता कहते हैं, माननीय मोघेजी को राह चलते बटन या कोई भी पिन भी मिल जाए उसे संभालकर रखते और उपयोग में लाते थे। आपातकाल के भूमिगत सत्याग्रही रहे पांडुरंग मोघे जी को राज्य शासन की योजना से जो सम्मान निधि प्राप्त होती थी, उसे भी वह मदकू द्वीप, जागृति मंडल समिति, मातृ सेवासदन और कुष्ठ आश्रम जैसे सामाजिक प्रकल्प में दान कर कर देते थे। जीवन पर्यंत समाज और राष्ट्रहित में रत रहे ऐसे लोकतंत्र के सेनानी को शत-शत नमन।

अरविंद कुमार मिश्रा, पत्रकार एवं लेखक

आप की बात

होर्डिंग हादसा

मुंबई में होर्डिंग हादसा एक बड़ी त्रासदी है। 16 लोगों का असमय काल के काल में समा जाना मानवीय भूल व शहरी प्रबंधन में लापरवाही का ही नतीजा है। विज्ञापनों की होड़ में कंपनियां बड़े-बड़े होर्डिंग तो जगह-जगह लगा देती है मगर सुरक्षा के नाम पर रक्षात्मक उपाय नहीं किए जाते हैं। मुंबई में दुर्घटना के दो दिनों बाद भी लोगों का मलबे के नीचे से निकलना जताता है कि होर्डिंग अनुमति से कितने अधिक बड़े आकार में लगाए गए थे। पूर्व सांसद किरीट सोमैया के दावे को अगर सही मानें तो मुंबई में 400 से अधिक ऐसे होर्डिंग है जो अपनी सीमा में कहीं अधिक बड़े और खतरनाक है। घाटकोपर घटना से सबक लेकर सरकार को मुंबई ही नहीं देशभर में अवैध होर्डिंगों के खिलाफ अभियान चलाना चाहिए ताकि घटना की पुनरावृत्ति ना हो। आने वाले बरसात के मौसम के मद्देनजर इस मामले में गंभीरता जरूरी है। मुंबई का होर्डिंग हादसा देश भर के सभी नगर निकायों के लिए सबक है कि वे शहरों में विज्ञापनों से होने वाली आय की तुलना में नागरिकों की सुरक्षा पर अधिक ध्यान दें। इस तथ्य पर भी गौर करना चाहिए कि सामान्य स्थिति में भी सड़कों के किनारे लगे होर्डिंग ड्राइवरों का ध्यान बंटा कर ट्रैफिक दुर्घटनाओं का कारण बनते रहे हैं जिनमें अनेक लोगों की जान गई है।

– **अमृतलाल मारू,** इंदौर

मोदी की चुनौती

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार द्वारा बनाए सीएए कानून को समाप्त करने की विपक्ष की चुनौती पर समूचे विपक्ष को ललकारते हुए कहा है कि कोई माई का लाल सीएए कानून को खत्म नहीं कर सकता। आज जिस तरह विपक्षी दलों ने वोटबैंक की राजनीति में हिंदू-मुसलमान को लड़ा कर धर्मनिरपेक्षता का ऐसा चोला पहन लिया है जिसे मोदी इनके शरीर से हटाना चाहते हैं। धर्मनिरपेक्षता के नाम पर विपक्षी दल मुस्लिम तुष्टीकरण कर सभी गैर-मुस्लिमों को नीचा दिखाने का काम करते हैं। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने वादा किया था कि यदि पाकिस्तान से कोई उत्पीड़ित अल्पसंख्यक भारत आया तो उसे नागरिकता दी जाएगी। लेकिन कांग्रेस ने अपने शासनकाल में इन लोगों को नागरिकता देने की सोची तक नहीं। मोदी ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान व बांग्लादेश से आए उत्पीड़ित हिंदुओं, सिखों, जैनों, बौद्धों, पारसियों व ईसाइयों को नागरिकता देकर सचमुच भारतीयता का सम्मान किया है। आखिर गैर-मुस्लिम उत्पीड़ित लोगों को यदि भारत शरण नहीं देगा तो वे कहां जाएंगे। कांग्रेस समेत विपक्ष के भी हित में है कि वह सीएए को स्वीकार कर ले, नहीं तो जनता उनको अस्वीकार कर देगी।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

रूस-चीन दोस्ती

रूस और चीन दिन पर दिन करीब आ रहे हैं। इससे यह कहावत सही सिद्ध होती है कि दुश्मन का दुश्मन अपना दोस्त होता है। पश्चिमी देश और नाटो मास्को व बीजिंग के लिए आज दुश्मन नंबर एक हैं। इसीलिए दोनों तानाशाह- ब्लादिमीर पुतिन एवं शी जिनपिंग की दोस्ती दिन पर दिन परवान चढ़ रही है। शी जिनपिंग ने मॉस्को के दौरे में दोनों देशों के संबंधों में एक नए युग का वर्णन किया था, जबकि अक्टूबर 2023 में पुतिन ने बीजिंग का दौरा किया था तो शी ने दोनों नेताओं के बीच गहरी दोस्ती की बात की थी। अब एक बार फिर पुतिन बीजिंग की यात्रा पर हैं। दोनों देश उन संबंधों को और गहरा करना चाहते हैं जो दो मास्को द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के बाद घनिष्ठ हो गए हैं। अब देखना है कि चीन यूक्रेन पर रुसी आक्रमण के मामले में कब तक साथ देता रहेगा? चीन के पश्चिमी देशों से भी संबंध हैं और उसने रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने में अपनी मध्यस्थता का भी प्रस्ताव किया था। चीन-रूस की बढ़ती निकटता भारत की रणनीतिक स्वायत्तता के लिए भी परीक्षा की तरह है। देखना होगा कि चीन की भारत के प्रति आक्रामकता के मामले में रूस क्या दृष्टिकोण अपनाएगा। इसका भारत-अमेरिका संबंधों पर भी प्रभाव पड़ेगा।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

चारधाम यात्रा

उत्तराखंड की चारधाम यात्रा में श्रृद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। 10 मई से यात्रा शुरू होने के बाद से 14 मई तक करीब पौने तीन लाख तीर्थयात्री यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ जा चुके हैं। अभी तक 27 लाख लोग चार धाम यात्रा के लिए पंजीयन करवा चुके हैं। इस वर्ष 80 लाख लोगों के चारधाम यात्रा हेतु हिमालय पर पहुंचने की संभावना है। बेशक लोगों में धार्मिक पर्यटन के प्रति प्रति रुझान बढ़ा है क्योंकि पहाड़ों पर सड़कें अच्छी बन गई है तथा नई सुरंगें बनाने से मार्ग सुगम और छोटे हो गए हैं। देशभर में कई ट्रेवल्स एजेंसीज सक्रिय हो गई है और हेलीकॉप्टर के सभी टिकट अभी से बुक हो चुके हैं। जिन्हें बाद में भारी मुनाफा जोड़कर बेंच दिया जाएगा। गत वर्षों से हमने पहाड़ों पर भारी प्राकृतिक आपदाएं आते हुऐ देखी हैं। इसका सबसे बड़ा कारण पर्यटक सुविधाओं के लिए किए जा रहे निर्माण व अधिक भीड़ है। समय आ गया है कि सरकार को पहाड़ों पर जाने वाले पर्यटकों की संख्या नियंत्रित करनी होगी। पर्यटन व पर्यावरण संरक्षण में संतुलन धार्मिक स्थलों के दूरगामी विकास व स्थायित्व के लिए भी जरूरी है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

बीएसपी प्रबंधन द्वारा क्षेत्र में पसरी समस्याओं के निराकरण में बरती जा रही कोताही

बीएसपी प्रबंधन बना उदासीन, पार्षद स्वप्निल ने कलेक्टर को लिखा पत्र, की शिकायत

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com

बीएसपी प्रबंधन द्वारा अपने ही क्षेत्र संपूर्ण टाउनशीप दल्लीराजहरा में व्याप्त विभिन्न मूलभूत समस्याओं के निराकरण में गैर जिम्मेदाराना ढंग से लगातार कोताही बरती जा रही है। जिसे लेकर दल्लीराजहरा नगर पालिका के राम मंदिर वार्ड क्रमांक-8 के पार्षद स्वप्निल तिवारी ने कलेक्टर को पत्र लिख मामले को गम्भीरता से लेते हुए प्रबंधन को निर्देशित कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। अन्यथा सप्ताह दिन पश्चात मजबुरन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, वार्डवासी मिलकर बीएसपी प्रबंधन के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन करने की बात कही हैं। पार्षद स्वप्निल तिवारी ने कलेक्टर को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि विगत 4 वर्षों से लगातार हमारे द्वारा समय समय पर पत्राचार करते हुए व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु विन्रम निवेदन किया जा रहा है, परन्तु अफ्सोसजनक बात है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा बताए गये मूलभूत समस्याओं के निराकरण हेतू न ही किसी प्रकार की पहल की गई और न ही कोई प्रयास किया गया। जो कि इनकी हठधर्मिता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है साथ ही इनके द्वारा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की बातो को भी नजरअंदाज किया जाता है। स्वप्निल ने कलेक्टर से क्षेत्र में विगत कई वर्षों से क्षेत्रवासियों को हो रही परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए मूलभूत आवश्यकताओं व समस्याओं के निराकरण हेतु प्रबंधन को निर्देशित करने की मांग की हैं। वही स्वप्निल ने आरोप लगाया है कि टाउनशिप में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर को पत्र लिखा गया है, अगर 7 दिन के भीतर समस्याओं का निराकरण नही किया जाता, तो हम आंदोलन करने बाध्य होंगे, कई बार यहां की समस्या को लेकर बीएसपी प्रबंधन को अवगत कराया गया है, और ऐसा नही है कि समस्या से प्रबंधन अवगत नही है, बावजूद प्रबंधन उदासीन बना हुआ है, साथ ही बीएसपी टाउनशिप के जो उप महा प्रबंधक है, जिनका दल्लीराजहरा में क्वार्टर नहीं है, यह पर रोजाना भिलाई से आना-जाना करते हैं, इनको दल्लीराजहरा से किसी प्रकार का कोई लगाव नहीं है।

स्वप्निल तिवारी
पार्षद, वार्ड-8

आंदोलन की दी चेतावनी

पार्षद स्वप्निल तिवारी ने कलेक्टर को समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि बीएसपी प्रबंधन क्षेत्र के आवासों के पीछे कोटयार्डवाल के बीच में पसरी वर्षों पुरानी गंदियों की सफाई व खुले पड़े सिवरेज मेन होल जो कि खुली अवस्था में है, जहां आवारा पशु लगभग 10-12 फीट नीचे गिरकर मरने से संडास और बदबू से बचाव हेतु तत्काल आरसीसी ढक्कन लगाये जाये, सम्पूर्ण टाउनशीप राजहरा क्षेत्र के कई मार्गों एवं चौक-चौराहों में अंधेरा व्याप्त रहता है, जिससे रात में आने-जाने वाले सभी टाउनशीप वासियों को दुर्घटना सा डर बना रहता है। इसी कारण तत्काल प्रभाव से समुचित प्रकाश व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाए, विगत 4 वर्षों से बीएसपी प्रबंधन के सम्पूर्ण टाउनशीप क्षेत्र में उक्त समस्या व्याप्त है, जिनकी ओर ध्यान आज तलक किसी का नही गया। जई दफा बीएसपी प्रबंधन से भी इस संदर्भ में बात की गई, लेकिन उनकी हठधर्मिता की वजह से आज टाउनशिप वासियो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। स्वप्निल ने कलेक्टर से समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रबंधन को निर्देशित करने की मांग की हैं। वही पार्षद स्वप्निल तिवारी ने चेतावनी देते हुए कहा है कि इसके बावजूद भी बीएसपी प्रबंधन द्वारा समस्याओं के निराकरण में हठधर्मिता अपनाते हुए कोताही बरती जाती है तो 7 दिवस पश्चात मजबुरन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, वार्डवासी मिलकर बीएसपी प्रबंधन के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होंगें। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही बीएसपी प्रबंधन दल्लीराजहरा की होगी।

उप-मुख्यमंत्री शर्मा ने 10वीं की परीक्षा पास करने वाले पूर्व नक्सली युवा को वीडियो कॉल कर दी बधाई

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने भटके हुए लोगों से की अपील, मुख्यधारा में लौटकर अपना जीवन संवारे

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

उप-मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने वीडियो कॉल कर कबीरधाम के उस युवा लिवरु उर्फ दिवाकर से बात की, जो कभी 14 लाख का इनामी नक्सली था, लेकिन अब समाज की मुख्यधारा से जुड़कर अपना भविष्य संवारने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए पुलिस के सहयोग से 10वीं की परीक्षा पास कर ली है। उप-मुख्यमंत्री शर्मा ने बड़ी आत्मीयता के साथ लिवरु से बात की, उनकी इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनका हौसला बढ़ाया। उप-मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा है कि हमारे जो भी भाई बहन रास्ता भटककर नक्सली गतिविधियों से जुड़े हैं वे लिवरु उर्फ दिवाकर से प्रेरणा लें और मुख्यधारा में लौटकर अपने जीवन में भी सुखद परिवर्तन लाएं। हमारी सरकार और हमारी पुलिस हर तरह से सहयोग करने को तैयार है।

गौरतलब है कि दिवाकर ने महज 16 साल की उम्र में हथियार उठा लिया था। नक्सली के रूप में 17 वर्षों तक जंगल-जंगल भटकने के बाद अपनी पत्नी के साथ पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था। उनकी पत्नी पर 8 लाख रुपये का इनाम था। सरकार की पुनर्वास नीति के तहत वे समाज की मुख्यधारा से जुड़कर काम कर रहे हैं। शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार की नीति से प्रभावित होकर राज्य के नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं और समाज में अपनी एक अलग पहचान बना रहे हैं। उप-मुख्यमंत्री शर्मा ने इस बात के लिए प्रसन्नता व्यक्त की है कि कबीरधाम पुलिस की पहल और मदद से जिले के नक्सल प्रभावित गांवों के 105 छात्रों ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा पास कर ली है। शर्मा ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कबीरधाम पुलिस की सराहना की है। कबीरधाम पुलिस ने जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र और अति नक्सल प्रभावित गांवों के बच्चों को शिक्षित करने और उनकी पढ़ाई लिखाई जारी रखने के लिए 200 से अधिक बच्चों को कक्षा 10वीं व 12वीं का ओपन परीक्षा का फॉर्म भरावाया था। पुलिस विभाग की कड़ी मेहनत और लगन से 105 विद्यार्थी परीक्षा में पास हुए हैं। ये सभी विद्यार्थी नक्सल प्रभावित क्षेत्र के चिल्फी, तरेगाव, रेंगाखार झलमला, बोड़ला के सुदूर वनांचल गांव के हैं।

एक्यूप्रेशर सूजाक वाइब्रेशन सहित चुंबकीय शिविर का शुभारंभ किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

स्व.कमलचंद जैन (क्रांति मेडिकल स्टोर्स) की स्मृति में सकल जैन समाज के तत्वाधान में निःशुल्क 6 दिवसीय एक्यूप्रेशर सूजाक वाइब्रेशन एवं चुंबकीय शिविर का शुभारंभ जैन दादाबाड़ी दल्ली राजहरा में किया गया। जिसमें सकल जैन समाज के सदस्य उपस्थित थे। शिविर में जोधपुर राजस्थान के डॉक्टर वी आर चौधरी एवं थैरेपिस्ट डी आर जाखड़ अपनी सेवाएं दे रहे हैं । इस शिविर में पुराना सरदर्द, माइग्रेन, साइटिका, आंख, गले का दर्द, कान दर्द, लंबाई बढ़ाना, घुटने का दर्द, मोटापा, ब्लड प्रेशर, शुगर, गैस, कब्ज, सर्वाइकल का दर्द, कमर का दर्द, जोड़ों का दर्द, लकवा, मस्सा बवासीर, मानसिक तनाव, डिप्रेशन, हाथ पैरों में झुनझुनी आदि का इलाज निःशुल्क वाइब्रेशन एवं चुंबकीय चिकित्सा शिविर से किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिवस 120 मरीज ने लाभ लिया ।आप सभी शहर वासियों से निवेदन है इस शिविर का लाभ अवश्य लेवें। यह जानकारी शिविर प्रभारी क्रांति जैन ने दी।

24 वाहन चालक पर की गई कार्रवाई 7,200 रूपये समन शुल्क वसूला

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशित्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत 17 मई को यातायात बेमेतरा 24 चालान में 24 व्यक्ति , कुल 24 वाहन चालक के विरुद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरुद्ध 24 प्रकरण में कुल 7,200/- रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी म में 17.05.2024 को जिले के विभिन्न थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना बेमेतरा 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति , थाना परपोडी 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति , चौकी देवरबीजा 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति , के खिलाफ धारा 107,116 (3), 151 जा.फ़ौ. के तहत 06 प्रकरण में 06 व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया। इसी क्रम में 17.05.2024 को थाना बेमेतरा एवं नवागढ में आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने का कुल 03 प्रकरण में 03 आरोपियो के विरुद्ध धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई हैं।

साध्वी रेखा दीदी वक्ता को समस्त साधक परिवार की ओर से भावपूर्ण प्रेमांजलि : सोनू साहू

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

श्री योग वेदांत सेवा समिति, युवा सेवा संघ बेमेतरा की साधकों द्वारा संत आशारामजी बापू की कृपापात्र सतशिष्या ब्रम्हचारणी साध्वी रेखा बहन वक्ता उल्हासनगर वाले के स्वधाम गमन पर उन्हें मोक्ष प्राप्ति के लिए श्रीमद् भागवत गीता के सातवें अध्याय का पाठ करके उसका पुण्यफल उन्हें अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सोनू साहू युवा सेवा संघ बेमेतरा ने बताया कि हमारे सदुरुदेव पूज्य बापूजी के अहमदाबाद आश्रम में समर्पित 49 वर्षीय साध्वी रेखा बहन वक्ता का 15 मई रात हरिद्वार के भूमानंद हॉस्पिटल में परलोक गमन हो गया। वें एक आदर्श गुरुभक्त और लाखों लोगों की मार्गदर्शक थी। जब यह 8 वर्ष की थी तब से ही उनकों हृदय रोग हुआ था तब उनके पिता ने ऑपरेशन करवा दिया। डॉक्टरों ने कहा यें लगभग 15 वर्ष और जीवित रह सकती हैं। इनके पिता पूज्य बापूजी के भक्त थे उन्होंने रेखा बहन को आश्रम में आजीवन समर्पित करवा दिया जहां उन्होंने बापूजी से सारस्वत मंत्र की दीक्षा लेकर उसके कई अनुष्ठान किए। आश्रम में पूज्य बापूजी के आशीर्वाद से रेखा बहन ने योग, ध्यान, प्रणायाम और सात्विक आहार लेते हुए श्रद्धा भक्ति भाव से आश्रम की सेवा और साधना में मन लगाया। वें विश्व की प्रसिद्ध वक्ता बनी देश भर में जगह-जगह उनके सत्संग कार्यक्रम संपन्न होते रहे। पूज्य बापूजी पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध वें अंतिम सांस तक लड़ती रही। हरिद्वार में उनकी अंतिम यात्रा निकालकर मोक्ष धाम में शंख ध्वनि के साथ दाह संस्कार किया गया।

विधायक दीपेश साहू ने झारखंड में भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के पक्ष मे किया चुनाव प्रचार

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

झारखंड प्रदेश के गोड्डा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. निशिकांत दुबे के चुनाव प्रचार हेतु बेमेतरा विधायक दीपेश साहू को भारतीय जनता पार्टी ने गोड्डा लोकसभा अंतर्गत विधानसभा महागामा का प्रवासी प्रभारी का बड़ा दायित्व उन्हें दिया गया है द्य अपना दायित्व को पूरा करते हुए दीपेश लगातार झारखंड के गोड्डा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गावों मे लगातार कार्यकर्ता व क्षेत्र की जनता से संवाद कर रहा है वही इस दौरान विधायक साहू ने सामाजिक महिलाओं और युवाओं को भाजपा में के पक्ष मतदान करने की अपील कर रहे हैं। झारखंड प्रवास के दौरान विधायक दीपेश साहू में गोड्डा लोकसभा के के महागामा चुनाव कार्यलय मे आयोजित परिचयात्मक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे सम्मिलित होकर मंडल, शक्ति, बूथ केंद्र के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयो पर विस्तार चर्चा किया गया। साथी उन्होंने भाजपा प्रत्याशी डॉ. निशिकांत दुबे के लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा से आए भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात और बैठक कर लोकसभा और लोकसभा के विभिन्न राजनीतिक जनों से सामाजिक विषय पर चर्चा पर भी किया गया द्य विदित है कि विधायक दीपेश लगातार बैठक का क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहा है और जनताओं के बीच पहुंचकर जनता जल जन समूहों से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहा है द्य वे लगातार महिलाओं, युवाओं, किसानों को विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार की योजनाओं जानकारी दे रहा है द्य इसके साथी छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की नीतियों प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बनाए जाने और उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में संचालित योजनाओं, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए उठाए जा रहे कदम एवं किसानों के सर्वांगीण विकास हेतु लिए गए ऐतिहासिक निर्णय के बारे में जनता के बीच भाजपा की नीति की जानकारी दे रहा है। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि लोकसभा गोड्डा में जनसंपर्क के दौरान जिस तरीके से जनता का समर्थन प्राप्त हो रहा है वह उत्साहित करने वाला है द्य जिस प्रकार छत्तीसगढ़ के जनता ने मुझे विश्वास मिलता है उसी प्रकार झारखंड की जनता अपार भरपूर, आशीष व समर्थन प्रदान कर रहा है द्य यहां आकर विभिन्न धार्मिक स्थलों का दर्शन करने और आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ।

लोकसभा निर्वाचन के 7000 हजार सरकारी कर्मचारियों के खाते में आएगी मानदेय की राशि, कलेक्टर ने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एक समय था जब निर्वाचन के महीनों बाद तक मतदान दल के अधिकारियों व कर्मचारियों को मानदेय नहीं मिलता था। अब मतदान दल मतदान कराके लौटता है, उससे पहले उनके खाते में राशि जमा की प्रक्रिया कर ली जाती है। बेमेतरा ज़िले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 - मतदान प्रक्रिया में तैनात 7095 अधिकारियों-कर्मचारियों के खाते 7386750 जमा होगा। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने राशि वितरण करने का आदेश भी जारी किया है।लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए ज़िले में निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को कुल राशि 73 लाख 86 हज़ार 750 रुपये का भुगतान होगा।ये राशि सीधे उनके बैंक खातों में आयेगी। छत्तीसगढ़ में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024- की मतदान प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब मतगणना 4 जून 2024 को होगी। बेमेतरा ज़िले में निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को तय समय पर पैसा मिल जाए, इसके लिए निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों के फंड जारी कर दिया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने मानदेय समय पर देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने राशि वितरण करने का आदेश भी जारी किया है।लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए ज़िले में निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को मानदेय की राशि सीधे उनके बैंक खातों में आयेगी। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी राजेश तिवारी के मुताबिक, सभी कर्मचारियों के बैंक खातों की जानकारी ले ली गई थी। इसकी वजह से भुगतान करने में आसानी होगी। प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन-2024 का मतदान तीन चरणों में हुआ है। बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में 7095 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगी थी। जबकि कुछ रिजर्व में रखे गए थे। पीठासीन अधिकारी 900 सेक्टर ऑफिसर, 74, मतदान कर्मी 2700, पुलिस कर्मचारी 1650, वाहन प्रभारी/वाहन चालक आदि 209, मतदान सामग्री लेने-देने वाले कर्मचारी 300, सेक्टर पुलिस अधिकारी 66, चिकित्सा अधिकारी 25, माइक्रो ऑब्जर्वर 40, मतदाता पर्ची हेतु बीएलओ 744, सहायक व्यय प्रेक्षक 4, आयकर अधिकारी 2, वीडियो निगरानी, अवलोकन, व्यय लेखा टीम, कंट्रोल रूम, काल सेंटर एमसीएमसी, उड़न दस्ता 100 आदि को मानदेय का भुगतान होगा।

अनाचार के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

15 मई को पीड़िता ने थाना में उपस्थित होकर लिखित आवेदन पत्र पेश किया है कि आकाश कुमार खरे पिता स्व. राजकुमार खरे उम्र 33 वर्ष वार्ड क्रमांक 10 पुराना बाजार राजहरा का पीड़िता के घर आना जाना है। जो पीड़िता के पति के अनुपस्थिति में 26 अक्टूबर 2023 से 12 अप्रैल 2024 के मध्य पीड़िता के घर आकर जान से मारने की धमकी देकर कई बार जबरदस्ती शारीरिक शोषण किया है। तथा 14.05.2024 को रात्रि में आरोपी आकाश कुमार खरे द्वारा पीड़िता के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने के लिये जान से मारने की धमकी दे रहा था। इस पर पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना राजहरा में अपराध धारा 376,376 (2) (ढ) भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी का पता तलाश किया गया जिसे अभिरक्षा में लेकर आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ किया गया। तब उसने 26.10.2023 से 12.04.2024 के मध्य पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती शारीरिक शोषण करना तथा 14.05.2024 को रात्रि में पीड़िता के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने के लिये जान से मारने की धमकी देना स्वीकार करने पर आरोपी को 16.05.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल बालोद में निरूध्द किया गया है।

बीएसपी प्रबंधन द्वारा मूलभूत समस्याओं के निराकरण में बरती जा रही है कोताही

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

बीएसपी प्रबंधन द्वारा अपने ही क्षेत्र संपूर्ण टाउनशीप में व्याप्त विभिन्न मूलभूत समस्याओं के निराकरण में गैर जिम्मेदाराना ढंग से लगातार कोताही बरती जा रही है। इस संबंध में वार्ड क्रमांक 8 के युवा पार्षद स्वप्निल तिवारी ने बताया कि विगत 04 'वर्षों से लगातार हमारे द्वारा समय समय पर पत्राचार करते हुए व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु निवेदन किया जा रहा है, परन्तु अफ्सोसजनक बात है कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा बताये गये मूलभूत समस्याओं के निराकरण हेतु ना तो किसी प्रकार की पहल की गई और ना ही कोई प्रयास किया गया, जो कि इनकी हठधर्मिता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। बीएसपी खदान प्रबंधन द्वारा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की बातों को भी नजरअंदाज किया जाता है। जिला कलेक्टर को पत्र भेजते हुए पार्षद स्वप्निल तिवारी ने कहा कि हारकर पत्र आपके समक्ष प्रेषित कर रहा हूं आपसे निवेदन है कि क्षेत्र में विगत कई वर्षों से क्षेत्रवासियों को हो रही परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए निम्नलिखित बिन्दुवार मूलभूत आवश्यकताओं व समस्याओं के निराकरण हेतु प्रबंधन को निर्देशित करेंगे। समस्याओं के संबंध में बताया गया कि बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र के आवासों के पीछे कोटयार्ड वाल के बीच में पसरी वर्षों पुरानी गंदियों की सफाई व सिवरेज मेन होल जो कि खुली अवस्था में है वहां आवारा पशु नीचे गिरकर मरने से उनकी बदबू से बचाव हेतु तत्काल आरसीसी ढक्कन लगाये जाये। सम्पूर्ण टाउनशीप क्षेत्र के कई मार्गों एवं चौक-चौराहों में अंधेरा व्याप्त रहता है जिससे रात में आने-जाने वाले सभी टाउनशीप वासियों को दुर्घटना का डर बना रहता है। इसी कारण तत्काल प्रभाव से समुचित प्रकाश व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित करने का कष्ट करेंगें। ज्ञात रहे कि विगत 04 वर्षों से बीएसपी प्रबंधन के सम्पूर्ण टाउनशीप क्षेत्र में विभिन्न समस्यायें व्याप्त है जिनकी ओर आपका ध्यान आकर्षण करा रहा हूँ, मुझे आशा ही नही अपितु पूर्ण विश्वास है किं आप इन समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए इनके निराकरण करने की महती कृपा करेंगें। उपरोक्त समस्या को गंभीरता से लेते हुए कृपया प्रबंधन को निर्देशित करने की करेंगें। इसके बावजूद भी बीएसपी प्रबंधन द्वारा समस्याओं के निराकरण में हठधर्मिता अपनाते हुए कोताही बरती जाती है तो 07 दिवस पश्चात मजबूरन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, वार्डवासी मिलकर बीएसपी प्रबंधन के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होंगें। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही बीएसपी प्रबंधन राजहरा की होगी। पार्षद स्वप्निल तिवारी ने कलेक्टर को भेजे पत्र की प्रतिलिपि मुख्य खदान महाप्रबंधक क्षेत्रीय विधायक अनीला भेडिया को भी प्रेषित की है। स्वप्निल तिवारी ने बताया कि अक्सर देखा गया है की स्थानीय खदान प्रबंधन द्वारा टाउनशिप की हर छोटी-मोटी समस्याओं को दूर करने में गंभीरता से ध्यान नहीं देता उसे सिर्फखदान में लोह अयस्क उत्पादन पर ज्यादा ध्यान रहता है जन सुविधा के नाम पर बीएसपी कुछ काम नहीं कर पा रही है हर बात के लिए उनसे आग्रह किया जाता है लेकिन खदान के मुख्य महाप्रबंधक द्वारा अपने नैतिक जिम्मेदारी को पूरी ढंग से नहीं निभाया जा रहा है। टाउनशिप के सड़कों की हालत खराब होती जा रही है तथा स्ट्रीट लाइट भी अक्सर बंद रहती है। सभी स्ट्रीट लाइट में एलईडी बल्ब लगाने के बाद भी कही गई थी लेकिन उसे पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

गुरूनाला में चले रहे सफाई कार्य का जायजा लेने पहुंचे नपाध्यक्ष मनहरण

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने गुरूनाला में चल रहे सफाई कार्य का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होनें गुरूनाला में पहुंचकर सफाई कार्य कर रहे कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये तथा उन्होनें बताया कि डिप्टी सीएम विजय शर्मा द्वारा गुरूनाला सफाई कार्य जल्द से जल्द किये जाने हेतु दिये गये निर्देश का पालन करते हुए अब गुरूनाला में दो चैन माउंटेन मशीन की मदद से सफाई कार्य कराया जा रहा है ताकि समय से पूर्व गुरूनाला सफाई का कार्य पूर्ण हो सके। सफाई निरीक्षण अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, दीपचंद कोचर उपस्थित रहे।

अवैध तरीके से क्रेशर मालिक कर रहे ब्लास्टिंग जिम्मेदार अधिकारी निभा रहे कार्रवाई के नाम पर औपचारिकता

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के विकासखंड बलौदा अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरगहनी (च) में क्रेशर मशीन संचालित करने वाले खादान मालिकों के द्वारा अवैध रूप से ब्लास्टिंग की जा रही है। बिना अनुमति की जा रही अवैध ब्लास्टिंग के चलते खनिज संपदा को नुकसान हो रहा है। पिछले कई महीनों से की जा रही ब्लास्टिंग किए जाने के मामले की अनदेखी खनिज विभाग सहित प्रशासन द्वारा की जा रही है। जिला प्रशासन की ओर से ब्लास्टिंग की कोई अनुमति नहीं दी गई है। इसके बाद भी क्रेशर संचालक बेरोकटोक विस्फोट करने में जुटा हुआ है। ऐसे में बिरगहनी गांव की कई हेक्टेयर भूमि में गहरी खाइयां बन गई हैं। अवैध विस्फोट और खनन का यह जिले में पहला मामला नहीं है, पूरे क्षेत्र में इसी तरह की गतिविधियां संचालित हो रही हैं।

बिना अनुमति की जा रही अवैध ब्लास्टिंग गड्ढा बना लोगों के लिए जानलेवा

चांपा जांजगीर मुख्य मार्ग के किनारे बोल्डर निकालने के चक्कर में क्रेशर संचालक द्वारा रोड के किनारे बड़ा गड्ढा कर दिया गया है। बरसात के दिनों में पानी भर जाने पर कभी भी हादसा हो सकता है। रोड से लगे खदान में दिनदहाड़े हो रही ब्लास्टिंग से आसपास के लोग डरे सहमे हैं।

हमारे द्वारा ग्राम बिरगहनी में जा कर पाया गया की गांव के बहुत से खदानों में बोर ब्लास्टिंग का मामला सामने आया है और वहा के। बहुत से मकानों में डरारे भी आ गई है और कई लोगो के मकानों में बोल्डर पत्थर आके गिरा है इस पर हमारे द्वारा बिरगहनी के 6 खदानों और देवरहा के 2 खदानों के ब्लास्टिंग को पूर्णतः रोक लगा दी गई है।
श्रीनिवास चिर्रा खान, सुरक्षा उप निर्देशक रायगढ़ क्षेत्र

राहगीरों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों में दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। मुख्य मार्ग के किनारे क्रेशर संचालकों के द्वारा ब्लास्टिंग कर बनाए गए गड्ढे बरसात में तालाब में तब्दील हो जाते हैं , जिससे दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्रेशर संचालक द्वारा अपने लाभ के चक्कर में दूसरों की जान से खिलवाड़ करने में आमादा है। क्रेशर घनी आबादी वाले रहवासी क्षेत्र से लगभग 300 मीटर पर स्थित है। ब्लास्टिंग से पत्थर के टुकड़े उछलकर आसपास स्थित घरों में गिरते हैं। साथ ही जोरदार धमाकों से गरीबों के मकान में दरार आ रही हैं। ग्राम पंचायत बिरगहनी का चांपा मुख्य मार्ग के करीब है। ऐसे में लोगों का आना जाना दिन भर लगा रहता है। यहां बिना सूचना के किसी भी समय ब्लास्टिंग शुरू कर दी जाती है, जिससे जान माल का खतरा बना हुआ है। घनी आबादी वाले क्षेत्र में हो रहे धमाकों से लोग डरे सहमे जीवन यापन करने को मजबूर हैं। राहगीर भी इस रास्ते में आने जाने से कतराने लगे हैं, लेकिन अन्य कोई मार्ग न होने से उन्हें इसी रास्ते से मजबुरी मे आना जाना पड़ता है। जानकारों की मानें तो छत्तीसगढ़ खनन अधिनियम में खदान संचालकों को समतल क्षेत्र में छह मीटर और पहाड़ी क्षेत्र में आठ मीटर से अधिक खनन की अनुमति सिया अथवा डिया द्वारा नहीं दी जाती है। इसी प्रकार भू-जल स्तर और समुद्र तल से अधिक गहराई तक खनन की अनुमति नहीं दी जा सकती। अनुमति नहीं होने के बाद भी जांजगीर चांपा के खनन क्षेत्रों में वैध और अवैध खदान संचालक अत्यधिक गहराई तक खनन कर चुके हैं। वर्तमान में भी इन खदानों के तल में विस्फोटक लगाकर ब्लास्टिंग की जा रही है, जिससे भूजल स्तर भी गड़बड़ा रहा है। सरपंच सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बिरगहनी देवरहा में ब्लास्टिंग किए जाने से गांव का जल स्तर नीचे खिसक गया है और पानी की समस्या बढ़ने लगी है। बिरगाहनी गांव से लगे हसदेव नदी का जल स्तर आए दिन घटता जा रहा है जिससे ग्रामीणों को आए वाले समय में बहुत से दिक्क तों का सामना करना पा सकता है नदी भी सुख रही है यदि समय रहते अवैध ब्लास्टिंग पर रोक नहीं लगाई जाती है तो आने वाले दिनों में पानी की किल्लत बढ़ जाएगी।

क्रेशर संचालक पर नहीं हो रही कोई बडी कार्रवाई

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया जा रहा है। अवैध रूप से खनन करने वाले रसूखदारों पर शासन प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है। बिरगहनी में संचालित क्रेशर के लिए भूमि लीज पर लेकर अवैध ढंग से ब्लास्टिंग करने वाले ठेकेदार के रसूख के चलते प्रशासन सहित खनिज विभाग भी कार्रवाई करने से बच रहा है। ऐसे में विभागीय अधिकारी कार्रवाई का रटा-रटाया जवाब देते हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं होता। जांजगीर चांपा के जिन ग्रामीणों की निजी भूमि को क्रेशर मशीन के लिए लीज पर लिया गया हैं। वहां आसपास अपने मवेशी चराने जाने वाले ग्रामीण भी हादसों से बेखबर है।

ग्राम पंचायत बिरगहनी के जनप्रतिनिधि

इतवारी पटेल जनपद सदस्य बलौदा का कहना है कि गांव में खदान मालिकों के द्वारा हैवी ब्लास्टिंग किया जा रहा है जिस पर खनिज अधिकारी और खान सुरक्षा अधिकारी के द्वारा खदान मालिकों को संरक्षण दिया जाता है 14 मई को लेटर जारी हुआ खदान में ब्लास्टिंग पुर्ण बंद की जाती है उसके उपरान्त लगातार। आज तीसरा रोज हो गया है बोर ब्लास्टिंग खदान मालिकों के द्वारा किया जा रहा है और मैं शिकायत करता हु कई मालिकों के द्वारा मुझे धमकी भी दी गई है ऐसा शिकायत क्यों करते हो।

जंगली मुर्गा मारने के केस में फंसाने के नाम पर ग्रामीण से मांगे रूपये

5 हजार रिश्वत लेते डिप्टी रेंजर रंगे हाथ पकड़ाया

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में एसीबी की टीम ने एक डिप्टी रेंजर रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मामला घरघोडा थाना क्षेत्र का है। आरोपी डिप्टी रेंजर के द्वारा झाड़फूंक करने वाले बैगा को जंगली मुर्गा मारने के केस में जेल भेजने का डरा दिखाते हुए पैसे की मांग की गई थी।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुर्मीभवना गांव निवासी प्रार्थी जगमोहन मांझी कुछ दिनों पहले घरघोड़ा क्षेत्र के जंगलों से झाड़फूंक कर वापस घर लौट रहा था इसी बीच घरघोड़ा रेंज के डिप्टी रेंजर मिलन भगत ने उसे जंगली मुर्गा मारने के केस में फंसाकर जेल भेजने का डर दिखाते हुए इस केस के लिये 8 हजार रूपये की मांग की गई थी। इस दौरान प्रार्थी जगमोहन ने मौके पर डिप्टी रेंजर मिलन भगत को 3 हजार रूपये देते हुए बाकी रकम बाद में व्यवस्था करके देने की बात कही गई थी। बताया जा रहा है कि प्रार्थी जगमोहन मांझी डिप्टी रेंजर मिलन भगत को रिश्वत नही देना चाहता था इसलिये उसने इस पूरे मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर में कर दी थी। जिसके बाद एसीबी की टीम ने सुनियोजित तरीके से डिप्टी रेंजर को प्रार्थी जगमोहन मांझी से 5 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। इस मामले में एसीबी की टीम ने आरोपी डिप्टी रेंजर के खिलाफ धारा 7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

डिप्टी रेंजर की बोलेरो से कुचलकर हत्या

पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने सुनियोजित तरीके से की हत्या

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में गुरूवार की दोपहर डिप्टी रेंजर की सड़क हादसे में मौत के मामले में नया मोड आ गया है। पुलिस ने जांच उपरांत पुरानी रंजिश के चलते डिप्टी रेंजर की हत्या करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के द्वारा सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम दिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की दोपहर करीब 03 बजे धरमजयगढ़ मेन रोड़ कृषि उपज मंडी के पास एक अज्ञात बोलेरो वाहन की चपेट में आने से हीरो ग्लैमर बाइक में सवार सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी संजय तिवारी पिता गोकुल प्रसाद तिवारी उम्र 53 वर्ष निवासी काष्ठगर फॉरेस्ट कॉलोनी धरमजयगढ़ को गंभीर चोंटे आयी थी जिन्हें सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। धरमजयगढ़ पुलिस ने इस मामले में मर्ग पश्चात अज्ञात आरोपी चालक के खिलाफ धारा 304 ए आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

सीसीटीवी फुटेज के जरिये मिले सबूत

विवेचना के दरम्यान प्रत्यक्षदर्शी गवाहों एवं सीसीटीवी फुटेज से अज्ञात बोलेरो वाहन का पता लगाया गया जिसमें बोलेरो क्रमांक सीजी 13 यूई 0377 द्वारा घटना को अंजाम देने के सबूत मिले। जिसके बाद पुलिस टीम तत्काल ग्राम बेहरापारा में दबिश देकर वाहन के चालक आरोपी बसंत कुमार यादव को हिरासत में लिया गया।

पुरानी रंजिश की वजह से दिया घटना को अंजाम

आरोपी बसंत कुमार यादव का पूर्व से मृतक संजय तिवारी से रंजिश थी। एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी ने धरमजयगढ़ पुलिस सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच का निर्देश दिया गया। जांच अधिकारी द्वारा आरोपी बसंत यादव से पूछताछ करने पर आरोपी ने पुरानी रंजिश पर संजय तिवारी को बोलेरो वाहन से कुचल कर हत्या करना बताया।

सुनियोजित तरीके से की हत्या

आरोपी बसंत कुमार यादव 50 साल निवासी बेहरापारा थाना धरमजयगढ़ ने अपने मेमोरेंडम बयान पर बताया कि उसकी पूर्व से संजय तिवारी से झगड़ा विवाद चला आ रहा था। उसने संजय तिवारी की हत्या की साजिश रच कर मौका की तलाश पर था। 16 मई की दोपहर बसंत यादव बोलेरो वाहन से नागदरहा जा रहा था। उसी समय उसने मोटरसाइकिल हिरो ग्लैमर पर संजय तिवारी को धरमजयगढ़ की ओर से आते देख। तब इसने बोलेरो को मोड़कर संजय तिवारी का पीछा किया और कृषि उपज मंडी के पास संजय तिवारी के बाइक को बोलेरो वाहन से ठोकर मारा जिससे संजय तिवारी रोड में गिर गया। इसने वाहन के साइड ग्लास से संजय को देखा जिसे ज्यादा चोंटे नहीं आई थी। तब बसंत यादव ने गाड़ी को बैक कर संजय तिवारी के गाड़ी के पीछे से ठोंकर मारा जिससे संजय तिवारी के सिर, माथे में गंभीर चोटें आई और आरोपी फरार हो गया।

श्री राधा कृष्ण मंदिर में 19 मई को होगा श्री श्याम ग्यारस संकीर्तन कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com

श्री श्याम परिवार एवं श्री राधा कृष्ण मंदिर सेवा समिति द्वारा आगामी 19 मई 2024 दिन- रविवार को रात्रि 7:30 बजे से श्री राधा कृष्ण मंदिर दरबार में श्री श्याम ग्यारस संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, तथा श्री राधा कृष्ण मंदिर में प्रत्येक माह श्याम ग्यारस पर हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में इस महीने भी शुक्ल पक्ष की ग्यारस को यह आयोजन किया जा रहा है, तथा इस अवसर पर जहां रात्रि 7:30 बजे से बाबा श्याम की ज्योत प्रज्वलित होगी, तो वही रात्रि 7:30 बजे से विशाल जागरण कार्यक्रम भी होगा, जिसमें टाटानगर के हरजीत सिंह एवं हीरा सिंह जी तथा शक्ति अंचल के प्रसिद्ध श्याम भजन गायक विक्की सिंघल अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे,उपरोक्त जानकारी देते हुए श्री श्याम परिवार शक्ति के सदस्यों ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य आकर्षण में भोग प्रसाद, मोर छड़ी की झाड़ा,बाबा का अलौकिक श्रृंगार एवं अखंड ज्योत होगी तथा आयोजन समिति ने सभी श्याम प्रेमियों को सह परिवार इस श्री श्याम ग्यारस संकीर्तन कार्यक्रम में शामिल होकर बाबा श्याम का गुणगान करने की अपील की है

बिना अनुमति बोर खनन कर रही दो गाड़ियां जप्त

पुसौर तहसील के कोतमरा गांव में हो रहा था अवैध खनन

10 मई से 15 जुलाई तक बिना पूर्वानुमति के बोर खनन पर है प्रतिबंध

रायगढ़। रायगढ़ जिले में बोर खनन पर 10 मई से 15 जुलाई तक कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आदेश जारी कर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इस अवधि में बोर खनन करने के लिए संबंधित एसडीएम से पूर्वानुमति लेना आवश्यक है, बिना अनुमति के बोर खनन पर कार्यवाही किया जाएगा। इसी क्रम में पुसौर तहसील के कोतमरा गांव में बिना अनुमति के अवैध बोर खनन कर रही दो गाड़ियों को एसडीएम रायगढ़ के मार्गदर्शन में राजस्व अमले द्वारा जप्त किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी ने बताया कि तहसील पुसौर के कोतमरा गांव में बिना अनुमति के अवैध बोर खनन किया जा रहा था। मौके में सालिकराम बोर वेल बसना जिला महासमुन्द छ.ग. के द्वारा ग्राम त्रिभौना तहसील पुसौर के बंशीधर प्रधान को अपना ट्रक एवं सहायक ट्रक को किराये में दिया जाना ज्ञात हुआ। उक्त दोनो बोर वेल यंत्र को मौके में मोहरमती सिदार के भूमि में बोर खनन करते पाया गया है। मौके में किसान तथा बोर वेल संचालक के द्वारा बोर खनन के संबंध में किसी प्रकार के अनुमति संबंधी दस्तावेज उलब्ध नही होना बताये जाने पर उक्त दोनो ट्रक-बोर वेल यंत्र को थाना पुसौर के सुपुर्द में सौपा गया। जिस पर नियमानुसार कार्यवाही हेतु उच्च कार्यालय को भेजा गया।

बाईक सवार ने जिसे लिफ्ट दिया वही शख्स ले भागा मोटर सायकल

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पीड़ित पहुंचा थाने, पुलिस मामले की जांच में जुटी

बाईक सवार युवक को अज्ञात शख्स को लिफ्ट देना उस वक्त महंगा पड़ गया जब मौका का फायदा उठाते हुए अज्ञात शख्स ने फिल्मी स्टाईल में उसकी मोटर सायकल लेकर फरार हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित व्यक्ति समीर निषाद ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह ग्राम बिनौधा थाना चंद्रपुर का रहने वाला है। वह बिनौधा से पतरापाली गया हुआ था जहां से अपना काम करके 29 अप्रैल की सुबह 9 बजे वापस अपने घर लौट रहा था। बाईक सवार समीर निषाद जब बाम्हनपाली के पास पहुंचा तब वहीं एक अज्ञात शख्स ने उससे लिफ्ट मांगा जिसे उसने अपनी मोटर सायकल में बैठा कर अपने गंतव्य की ओर जाने लगा। बाईक सवार समीर निषाद सोनबरसा जाने वाले मार्ग में सड़क किनारे बाईक क्रमांक सीजी 11 बीए- 6476 को रोककर बाईक की चाबी और पेट्रोल टंकी के कवर में मोबाईल को छोड़कर बाथरूम करने चला गया। इसी मौके का फायदा उठाते हुए लिफ्ट मांगकर उसके साथ आ रहे अज्ञात शख्स ने फिल्मी अंदाज में उसकी मोटर सायकल लेकर फरार हो गया। काफी खोजबीन करने के बावजूद उसकी मोटर सायकल नही मिलने के पश्चात पीड़ित समीर निषाद ने कल खरसिया थाने में उक्त मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

संस्कार स्कूल में सुविधाओं में वृद्धि, लग रही लिफ्ट

सबसे एक कदम आगे रहने का प्रयास, सीबीएसई नियम में लिफ्ट अनिवार्य

रायगढ़। शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल बेहतरीन शिक्षा देने के साथ-साथ बेहतरीन सुविधा देने के लिए भी जानी जाती है। संस्कार पब्लिक स्कूल द्वारा सुविधा के इस क्रम में सीबीएसई नियमों का पालन करने साथ ही पालक एवं बच्चों को सुविधा देने एवं स्कूल को अत्याधुनिक करने की पहल करते हुए लिफ्ट लगाई जा रही है। संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि वर्ष 2023-24 से आनेवाले समय में सभी सीबीएसई स्कूलों में लिफ्ट या रैंप लगाये जाने की अनिवार्यता कर दी गई है। जिस किसी स्कूल को एफिलिएशन लेना हो या रिन्यूवल कराना हो उसके लिए लिफ्ट या रैंप का होना (दोनों में कोई एक) अनिवार्य कर दिया गया है। चूंकि संस्कार पब्लिक स्कूल ग्राउंड सहित 3 फ्लोर पर हैं। इसलिए लिफ्ट का होना अनिवार्य हैं। रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि बुजुर्ग पालक, महिलाएं, विशेषकर प्री प्रायमरी के बच्चों को विशेष अवसर पर फर्स्ट फ्लोर या सेकेण्ड फ्लोर जाना पड़ता है। उस दौरान लिफ्ट की महत्ता बढ़ जाती है। इन्हीं सब आवश्यकताओं को देखते हुए सीबीएसई के नियमों का पालन करने संस्कार पब्लिक स्कूल में लिफ्ट लगवाई जा रही है।

सामु स्वा केंद्र बम्हनीडीह में पहली बार हुआ ऑपरेशन प्रसव

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के सामुदायिक स्वासथ्य केन्द्र बम्हनीडीह में 17 मई को मुख्य चिकित्सा एवं स्वासथ्य अधिकारी सर्जन डॉ. स्वाती वंदना सिसोदिया तथा एनेस्थीसिया डॉ. प्रशांत सिंह बैस, स्टॉफ नर्स गायत्री साहु सामु स्वा केंद्र अकलतरा तथा नरोत्तम के टीम द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजम्बर सिंह के सतत प्रयास एवं विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुरेश कुमार जायसवाल के कुशल प्रबंधकीय कार्य के कारण सामु. स्वा केन्द्र बम्हनीडीह अस्पताल में पहली बार ऑपरेशन से दो बच्चा का प्रसव कराया गया एवं साथ ही साथ 8 नशबंदी ऑपरेशन भी किया गया। तथा सामु स्वा केंद्र बम्हनीडीह के स्टाफ- इन्दु बाला तिर्की, धनेश्वरी कश्यप, रामनारायण सोनवानी, किरण कश्यप, राजु कवर, सुरेश सहिस उपस्थित थे।

संस्कार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com

सी.बी.एस.ई बोर्ड वाले अंग्रेजी माध्यम संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ती का 10 वीं का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत। यह शैक्षणिक संस्था शिक्षा के क्षेत्र में सक्ती जिले का प्रतिष्ठित एवं ख्यातिप्राप्त विद्यालय रहा है,कक्षा 10वीं मे 29 छात्र शामिल हुए जिसमे सभी विद्यार्थी अच्छे नंबरों से पास हुए और स्कूल को 100% परीक्षा परिणाम दिया,स्कूल के उत्कृष्ट छात्रों में अंकूर खूंटे 89%, अनुपमा साहू 87.2%, लक्ष्य तंबोली 83.8%, अनामिका चंद्रा 81%, रक्षा बरेठ 80.6%, आयुषी राठौर 80.4%, आयुषी कंवर 77.8%, ऋतु तंबोली 76%, जयंत जयसवाल 75.2%, वंश अग्रवाल 75%, शुभ साहू 74.4%, पावनी कुमारी साहू 72.8%, सृष्टि साहू 72.4%, विशाखा अग्रवाल 71.8%, सूर्यांशी साहू 71.2% व ममता साहू 70.2%, प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, तथा स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम के घोषणा के पश्चात विद्यालय के सफल परीक्षा परिणाम पर संस्था के शैक्षणिक निर्देशिका प्रतिमा स्वर्णकार, चेयरमैन प्रकाश चंद अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. हरेंद्र पाल सिंह चौहान ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम छात्रों के मेहनत और स्कूल के शिक्षकों के उचित दिशा-निर्देश और अध्यापन कौशल का परिणाम है। इसका मुख्य कारण विद्यालय द्वारा दि जाने वाली शैक्षणिक सुविधाओं को बच्चों ने अपनाया है और अपने पढ़ाई को निरंतर मजबूत किया है । विद्यालय के विभाग प्रमुखों द्वारा विद्यालय के गुणवत्ता, पूर्ण शिक्षा व्यवस्था तथा प्रत्येक छात्रों पर शिक्षकों के ध्यानाकर्षण का परिणाम है। सभी बच्चों को और उनके अभिभावकों इस परीक्षा परिणाम पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई है। इसके साथ ही संस्कार पब्लिक स्कूल ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए 11वीं मे प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। जिसमें विद्यार्थी अपने इच्छानुसार विभिन्न संकायों जैसे गणित, जीवविज्ञान व कॉमर्स विषयों का चयन करने के साथ ही अतिरिक्त विषयों में शारीरिक शिक्षा, गणित, कम्प्यूटर साइंस और हिंदी भाषा को विषय के रूप में चयन कर सकते हैं।

नाले के पानी से अब दूषित नहीं होगी केलो नदी

टीपाखोल डेम के गेट खराब होने के कारण आ रही थी नाले में क्षमता से अधिक पानी

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

नाले के गंदे पानी से अब केलो नदी दूषित नहीं होगी। टीपाखोल डेम वेस्ट वियर गेट खराब होने के कारण चांदनी चैक स्थित इंटरसेक्शन प्वाइंट में क्षमता से अधिक नाले से पानी आता था, जिस कारण बाकी इंटरसेक्शन प्वाइंट से पानी ओवर फ्लो होकर नदी में मिलता था। इसमें वेस्ट वियर गेट की मरम्मत कराई गई। इससे अब क्षमता से ज्यादा नाले में पानी आने और ओवर फ्लो की समस्या खत्म हो गई है। शहर के नालों के पानी को ट्रीटमेंट करने और साफ पानी केलो नदी में छोड़ने के लिए 25 एवं 7 एमएलडी का ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया है। इसमें नदी के दोनों ओर के नालों के पानी को सक्शन करने और ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाने के लिए छै छै इंटरसेक्शन प्वाइंट बनाए गए हैं।

गेट का कराया गया मरम्मत पानी

चांदनी चैक स्थित इंटरसेक्शन से क्षमता से अधिक पानी आने की समस्या बनी हुई थी, जिसके कारण अन्य इंटरसेक्शन से नाले का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर नदी में मिल रहे थे। इसके स्थाई निराकरण के लिए पिछले दिनों जल संसाधन एवं निगम के इंजीनियर्स द्वारा एस टी पी के सभी इंटरसेक्शन पॉइंट की जांच की गई।चांदनी चैक इंटरसेक्शन प्वाइंट से लेकर इसके शुरू होने यानी टीपाखोल डेम तक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीपाखोल वेस्ट वेयर का गेट और जाली खराब मिला।

इससे गेट खुले रहने के कारण डेम का पानी सीधे नाले में आ रहा था, यही वजह थी की चांदनी चौक इंटरसेक्शन प्वाइंट से नल का गंदा पानी क्षमता से अधिक ट्रीटमेंट प्लांट को मिल रहा था। इससे सभी इंटरसेक्शन प्वाइंट से पानी ओवरफ्लो हो रहे थे और नदी में मिल रहे थे। निरीक्षण के बाद टीपाखोल डेम वेस्ट वियर के गेट की मरम्मत कराई गई। वर्तमान में पूर्व की भांति क्षमता के अनुरूप नाले का गंदा पानी ट्रीटमेंट इंटरसेक्शन प्वाइंट में आ रहा है। इसी तरह अन्य इंटरसेक्शन प्वाइंट से ओवरफ्लो की समस्या भी खत्म हो गई है। अब नदी के दोनों ओर के सभी छै छै इंटरसेक्शन प्वाइंट से सत प्रतिशत नाले के गंदे पानी को 25 एमएलडी एवं 7 एमएलडी प्लांट से ट्रीटमेंट कर साफ पानी नदी में पानी छोड़ा जा रहा है।

यातायात प्रभारी महतो ने भेंडिकोना पूल का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति जिले के हसौद क्षेत्र में स्थित भेंडिकोना पुल में आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा के निर्देशन में शक्ति जिले के यातायात प्रभारी कमल महतो ने 17 मई को मोटर व्हीकल अधिनियम 135 के अंतर्गत उसके परिपालन में लोक निर्माण विभाग, जिला परिवहन विभाग, सेतू निर्माण संभाग, राजस्व विभाग के तहसीलदार, पुलिस थाना हसौद एवं यातायात विभाग के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण किया, इस दौरान जिला यातायात प्रभारी कमल महतो ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण कर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के तकनीकी कारणों का पता लगाकर निराकरण के संबंध में आवश्यक चर्चा की, तथा आसपास के क्षेत्र के लोगों से भी इस संबंध में चर्चा की गई,साथ ही संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर जिला पुलिस अधीक्षक को इसके संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा उपरोक्त जानकारी जिला यातायात प्रभारी कमल महतो ने दी है

छत्तीसगढ़ के स्कूलों में समर कैंप का आयोजन

बच्चों में छिपी प्रतिभा और हुनर में आ रहा निखार

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

कहीं दीवारों पर तो कहीं किताबों पर नन्हे हाथों से ड्राइंग करते दिखाई दे रहे हैं बच्चे। कोई गा रहा है, कोई डांस कर रहा है और कोई अभिनय। पत्तों से कलाकारी, सब्जियों से चित्रकारी, रंगीन चावल की कला, मिट्टी से खिलौना निर्माण, धागे से डिजाइन बनाना और मुखौटा निर्माण जैसी रोचक गतिविधियों में बच्चे डूबे हुए हैं। अलग-अलग भाव के साथ बच्चों के चेहरे पर विजय मुस्कान दिखाई दे रही है। यह नजारा है छत्तीसगढ़ राज्य की स्कूलों का। गर्मी की छुट्टियों में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने बच्चों में रचनात्मकता के लिए सकारात्मक व नवाचारी पहल की है। बस्तर, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर व सरगुजा संभाग तक बच्चे खुशनुमा माहौल में खेल-खेल में बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान सीखने की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश को छत्तीसगढ़ के स्कूलों के माध्यम से बालक-पालक व शिक्षकों तक पहुंचाने का यह अनूठा तरीका है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों का मनोरंजन के साथ स्वस्थ वातावरण में उनकी छिपी हुई प्रतिभा को उभारना और उनमें आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। समर कैंप को सफल बनाने सचिव परदेसी द्वारा प्रतिदिन एक-एक कड़ी जोड़ी जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ को जहां प्रदेश में स्वेच्छा से समर कैंप आयोजित करने कहा गया है। वहीं खेल संघो एवं अन्य संस्थाओं को भी इस कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है। यह उल्लेखनीय है कि समर कैंप बच्चों के एक साथ आने और मौज मस्ती करने का एक विशेष शिविर है। वे घर से दूर सुरक्षित वातावरण में नए साहसिक प्रयास करते हैं और नई चीज़ सीखते हैं। इस प्रकार उनमें स्वतंत्रता की भावना विकसित होती है। वे नए दोस्त भी बनाते हैं और मेल जोड़ बढ़ाते हैं, जिससे उनके सामाजिक कौशल और आत्मविश्वास का विकास होता है। राज्य में ग्रीष्मकालीन अवकाश में समर कैंप का आयोजन सुबह 7 से 9.30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। यह कैंप पूर्णतः स्वैच्छिक है। बच्चों के लिए यह बहुत अच्छा कार्यक्रम है। सभी बच्चों में कुछ न कुछ प्रतिभा होती है। बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने से उनका परिणाम भी बेहतर होता है। स्कूल शिक्षा विभाग के कुशल मार्गदर्शन में लोक शिक्षण संचालक दिव्या उमेश मिश्रा के संयोजन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के त्वरित क्रियान्वयन हेतु संभाग व जिले के अधिकारियों को प्रशासनिक व वित्तीय प्रशिक्षण भी प्रशासन अकादमी के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है।

भोथली विद्यालय में छात्राओं ने बाजी मारी

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली के छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। 12वीं गणित एविज्ञान ,वाणिज्य में 100 प्रतिशत रहा। कला का परिणाम 70.58 प्रतिशत रहा। गणित विषय में प्रथम दूलेश्वरी साहू 73.2 प्रतिशत ,द्वितीय पायल 67.6 प्रतिशत विज्ञान विषय में प्रथम यामिनी 75.6 प्रतिशत,द्वितीय सरस्वती 68.2 प्रतिशत, वाणिज्य विषय में प्रथम खुशबू 57.8 प्रतिशतए द्वितीय रानी 55.2 प्रतिशत, कला विषय में प्रथम प्रभा साहू 80 प्रतिशत, द्वितीय सुनीता 66.8 प्रतिशत प्राप्त किया कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 90.90 प्रतिशत रहा प्रथम स्थान कु दीपा साहू 85.33 प्रतिशत, द्वितीय तनुजा 81.83 प्रतिशत, तृतीय पुष्प लता साहू 81.50 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने माता.पिता, ग्राम व विद्यालय का नाम रोशन किया। उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य संयोगिनी रामटेके ने बधाई व शुभकामनाएं दी। विषय शिक्षकों ने भी पूरे लगन व परिश्रम के साथ छात्र.छात्राओं को सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान किया तथा स्काउट गाइड, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड क्रॉस, इको क्लब, खेल, इंस्पायर अवार्ड मॉडल प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यालय का नाम रौशन किये । व्याख्याता डॉ ग्णगेश प्रसाद साहू रा से यो कार्यक्रम अधिकारी,एलएन साहू,राकेश साहू, धनंजय सोनकर, रामशरण मिश्रा, एलएन शांडिल्य, गोविंद सिन्हा, रामानंद साहू, दीपक दास मानिकपुरी, डोमन ध्रुव, विनोद ध्रुव, गोपेश साहू ,महेंद्र साहू, मंजूषा साहू रेखा देहारी, रेणुका ध्रुव ,स्वाती सोरी, दीप्ति शुक्ला, दुर्गा साहू, किशोरी कश्यप, विमला साहू, लखनतीन व शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

एम.एम.आई. नारायणा हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट को यूरोपीसीआर पेरिस में फैकल्टी के रूप में आमंत्रित किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

यूरोपीसीआर एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी सम्मेलन है, जो प्रतिवर्ष पेरिस में होता है। डॉ. सुमंता शेखर पाढ़ी, को तीसरी बार फैकल्टी के रूप में आमंत्रित किया गया है, हर साल इस सम्मेलन में दुनिया भर के लगभग 10,000 हृदय रोग विशेषज्ञ भाग लेते हैं। यूरोपीसीआर सम्मेलन हृदय विज्ञान के नवीनतम प्रगति पर चर्चा करने और विशेषज्ञों को अपने ज्ञान और अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान करता है। डॉ. पाढ़ी इस मंच पर स्टेमि पर अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन करेंगे, जिसमें सहज से लेकर जटिल मामले शामिल हैं। उनके ज्ञान और अनुभव की वजह से उन्हें यह प्रतिष्ठित अवसर मिला है। इस वर्ष, एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने छठी बार अपना केस प्रस्तुत किया है, जिसमें एक 60 वर्षीय मरीज का केस शामिल है, जिसे दिल का दौरा पड़ने के बाद बायां वेंट्रिकल में एक छेद हो गया था। यह एक दिल के दौरा का जटिल मामला है, लेकिन कार्डियक एनेस्थेसिया और हृदय शल्य चिकित्सकों के सहयोग से यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई और मरीज को चौथे दिन डिस्चार्ज कर दिया गया। नारायणा हेल्थ उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और वैश्विक चिकित्सा ज्ञान के विकास में योगदान करने के लिए निषिद्ध है। डॉ. पाढ़ी की विशेषज्ञता और उनकी भागीदारी से यह स्पष्ट होता है कि हम हृदय विज्ञान के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता को पूरा कर रहे हैं। हमें गर्व है कि डॉ. सुमंता शेखर पाढ़ी को उनकी विशेषज्ञता के लिए पहचान मिली है और उन्होंने यूरोपीसीआर के प्रतिष्ठित मंच पर अपना ज्ञान साझा किया है। उनकी भागीदारी यह दिखाती है कि हम हृदय सेवा के क्षेत्र में प्रमुख स्थान पर बने रहने और चिकित्सा समुदाय में चर्चा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कलिंगा विश्वविद्यालय ने द प्रोग्रेस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलिंगा विश्वविद्यालय ने द प्रोग्रेस श्री अरबिंदो योग और नॉलेज फाउंडेशन की एक इकाई के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। (एमओयू) का उद्देश्य शैक्षणिक रुचि को बढ़ावा देने, सहयोगात्मक अनुसंधान, छात्र और संकाय विनिमय कार्यक्रम और द प्रोग्रेस के साथ संयुक्त रूप से राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों के संचालन के लिए कलिंगा विश्वविद्यालय की सहायता करना है। द प्रोग्रेस श्री अरबिंदो योग एंड नॉलेज फाउंडेशन की एक पहल है, जिसका उद्देश्य शिक्षा में गुणवत्ता और मूल्यों को समृद्ध करना है। उनका लक्ष्य उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देना है जहां उत्कृष्टता, सामयिक प्रासंगिकता और सभी हितधारकों की भागीदारी को बढ़ावा देना हैं। समझौता ज्ञापन पर द प्रोग्रेस, प्रबंध निदेशक डॉ. समरेंद्र मोहन घोष और कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने हस्ताक्षर किए। इस सहयोग की मूल अवधारणा और उद्देश्य संस्थानों के बीच अनुसंधान/निरंतर शिक्षा गतिविधियों को बढ़ावा देना है। कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा बी+ मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है, जो वर्ष 2022 और 2023 में एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों के बैंड में शामिल है। नेतृत्व शक्ति के विकास के साथ जिम्मेदार नागरिकों की भावना विकसित करने के लिए वैश्विक मानकों के अनुसार छात्रों में नवाचार विकसित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बहु-विषयक अनुसंधान-केंद्रित शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है।

जल जगार संबंधी प्रशिक्षण सह कार्यशाला सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव द्वारा जिला पंचायत में जल जगार के संबंध में प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित किया गया। इसमें जिले के निजी स्कूल, नर्सिंग होम, होटल, रिसॉर्ट संचालक एवं अन्य सम्मिलित हुए। इस मौके पर सीईओ ने बताया कि जिले में भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। जल संरक्षण की दिशा में हम सभी को एक साथ मिलकर कार्य करने की जरूरत है। साथ ही कहा कि आप अपने भवनों में रूफटॉप स्ट्रक्चर एवं रैन वाटर हार्वेस्टर अनिवार्य रूप से लगाएं, ताकि वर्षा जल का अधिक से अधिक संचयन हो और पानी को रिचार्ज किया जा सके। उन्होंने कहा कि जहां भी ग्राउंड वाटर 10 लीटर से अधिक निकाल रहे हैं, उन्हें पीजो मीटर लगवाना अनिवार्य है। सीईओ ने बैठक में कहा कि नियमों का पालन नहीं करने पर संबंधित संस्था सील कर, बिजली बंद की जायेगी साथ ही पेनाल्टी भी लगा सकते हैं। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में रैन वाटर हार्वेस्टिंग के डिजाईन, संरचना इत्यादि के बारे में बारिकी से जानकारी दी गई। साथ ही जल जगार के संबंध में तैयार किये गये टोपी, टीशर्ट, पॉम्पलेट इत्यादि का प्रदर्शन किया गय। इसके अलावा पावर प्वाईंट प्रजेंटेशन के जरिए पानी के सदुपयोग करने और दुरूपयोग से बचने के उपाय भी बताये गये। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

पिपरछेडी देमार के फ्यूल्स पेट्रोल पंप में 30 हजार चोरी की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

17 मई 2024 की रात्रि में श्री फ्यूल्स पिपरछेड़ी देमार पेट्रोल पंप में वाहन क्रमांक सीजी 04 एनडी 4342 के चालक तथा उनके साथियों के द्वारा तोड़फोड़ कर गल्ला में रखे 30000 रुपए को चोरी कर भाग गए थे। जिसकी प्रार्थी पंप मालिक दिनेश कुमार की रिपोर्ट पर अप. क्र. 168/24धारा 457,380,427,34 भादवि के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी अर्जुनी एवं सायबर टीम द्वारा आरोपियों की त्वरित पतासाजी कार्यवाही करते हुए, सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया साथ ही मिलकर घटना में प्रयुक्त वाहन के संबंध में पतासाजी किया गया, जो वाहन को गौरव दास मानिकपुरी के कब्जे से जब्त कर पुछताछ किया गया, जिसने बताया कि उक्त वाहन टाटा नेक्सान को आरोपी हेमंत पांडेय पिता अशोक पांडेय उम्र 24 वर्ष निवासी स्टेशन पारा एम एम फन सिटी रायपुर जाएंगे करके मांग कर ले गया था। आरोपी हेमंत पांडे को अभिरक्षा में लेकर कडाई से पुछताछ करने पर बताया कि इनके साथी रोशन यादव, साहिल वाल्मीकि, रवि नायक उर्फ भूरी,आकाश उर्फ बाबू के साथ मिलकर उक्त घटना को अंजाम दिए है। एक विधि से संघर्षरत बालक भी इनके साथ में था। चोरी की रकम रवि नायक तथा आकाश के पास है जो अभी दोनो फरार है, उन आरोपियों की पतासाजी की जा रही है, उन आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर ली जायेगी। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। एवं विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपीगणो में हेमन्त पांडे पिता अशोक पाण्डे उम्र 24 वर्ष स्टेशन पारा औद्योगिक वार्ड धमतरी, रोशन यादव पिता दीनदयाल यादव 24 वर्ष स्टेशन पारा धमतरी, साहिल वाल्मीकि पिता मोहन वाल्मीकि 19 वर्ष पोस्ट ऑफिस वार्ड धमतरी तीनों थाना धमतरी जिला धमतरी। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी राजेश मरई, उनि एलएस मंडलेश्वर, प्रआर विजय बैरागी, आर खेमु हिरवानी एवं सायबर प्रभारी निरी सन्नी दुबे, प्रआर देवेंद्र राजपूत, आर आनंद कटकवार, योगेश नाग, विरेंद्र सोनकर का विशेष योगदान रहा।

पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को दिये मार्गदर्शन

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कुल ग्राम कातलबोड में संचालित शैक्षणिक कैरियर मार्गदर्शन समर कैंप में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय बच्चों को मार्गदर्शन देने पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने अपने उदबोधन में विद्यार्थियों को पढाई के प्रति लगन मेहनत से अपने लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही उन्हें अर्जुन का उदाहरण देते हुए कहा जिस प्रकार अर्जुन ने चिडिया की आंख को लक्ष्य बनाकर भेदन किया था। उसी प्रकार आप लोगों को भी अभी से अपने लक्ष्य को निर्धारित करके पढ़ाई करना चाहिए आपको सफलता अवश्य मिलेगी। इस अवसर पर समर कैंप कोचिंग क्लास में सम्मिलित हुये बच्चों को प्रोत्साहित किए। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक एवं शासण्हायर सेकंडरी स्कूल ग्राम कातलबोड के स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

सवाना सीड्स और एडमा इंडिया ने निरंतर शोध एवं परीक्षण के बाद लॉन्च किया आधुनिक 'फुलपेज' राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए एक खुशखबरी है। अब उन्हें खेतों में स्वतः उगने वाले खरपतवार एवं अवांछित जंगली पौधों से धान की मुख्य फसल को होने वाला नुकसान नहीं झेलना पड़ेगा। सवाना सीड्स और एडमा इंडिया ने धान की मुख्य फसल के साथ खेतों में स्वतः उगने वाले जंगली पौधों से निजात दिलाने के लिए निरंतर शोध और परीक्षण के बाद किसानों को 'फुलपेज' राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन की सौगात दी है। बेमेतरा में क्षेत्र के एक हजार से अधिक स्थानीय किसानों की उपस्थिति में 'फुलपेज' राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन को लॉन्च किया गया। धान की खेती की यह नई तकनीक किसानों के लिए कई मायनों में काफी लाभकारी है। 'फुलपेज' राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन किसानों को खेती की लागत में प्रति एकड़ 6000 रुपये तक बचाएगा और पैदावार 25-40% तक बढ़ाएगा। इससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भी 25-30त्न की कमी आएगी। यह राज्य में 60 लाख हेक्टेयर से भी अधिक जमीन पर धान की सीधी बुआई या धान की रोपाई के लिए डीएसआर विधि का उपयोग करने वाले किसानों के लिए एक वरदान है। फसल सुरक्षा उत्पाद बनाने वाली अग्रणी वैश्विक कंपनी सवाना सीड्स ने एडमा इंडिया के सहयोग से भारतीय बाजार में फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन लॉन्च किया है और किसानों तक इसका अधिक-से-अधिक लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्मार्टराइस जेनेटिक्स और स्क्राड बीज उपचार को समाहित करते हुए, फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन को सीधी बुआई वाले चावल (डीएसआर) के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है।

ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन ने इंट्रोड्यूस किया मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट 2.0

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन भारत में मैनेजमेंट के लिए सर्वोच्च संगठन है। यह संगठन भारत में मैनेजमेंट स्किल और क्षमताओं को आगे बढ़ाने के लिए उद्योग, सरकार, शिक्षा जगत और छात्रों के साथ मिलकर काम करता है। ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन, मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट, एमबीए और पीजीडीएम प्रोग्राम में राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा आयोजित करता है जो भारत भर के 600 से ज्यादा प्रतिष्ठित बिजनेस स्कूलों में एडमिशन के लिए अवसर प्रदान करती है। मई 2024 से ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट 2.0 की शुरुआत कर रहा है। मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट भिलाई में पेपर बेस्ड टेस्ट मोड में आयोजित किया जाना है। पेपर बेस्ड टेस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 मई, 2024 (मंगलवार) है, और परीक्षा 2 जून, 2024 (रविवार) को निर्धारित है। मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट परीक्षा पेपर आधारित टेस्ट, कंप्यूटर आधारित टेस्ट और इंटरनेट आधारित टेस्ट (आईबीटी) में आयोजित की जाती है। मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट कैंडिडेट को उनकी प्राथमिकताओं के अनुरूप सबसे उपयुक्त परीक्षा मोड चुनने में सुविधा प्रदान करता है। मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट 2.0 मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट का एक विकसित संस्करण है, यह वर्तमान बिजनेस और इकोनॉमिक ट्रेंड जैसे नए सेगमेंट्स को कवर करता है। मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट 2.0 एक नए जमाने की प्रवेश परीक्षा है जो समकालीन इंडस्ट्री प्रैक्टिस (उद्योग प्रथाओं) और बढ़ती शैक्षिक आवश्यकताओं से मेल खाते हुए मैनेजमेंट एजुकेशन पर एक नया दृष्टिकोण प्रदान करती है। मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट 2.0 में किए गए बदलावों में एग्जाम स्ट्रक्चर (परीक्षा संरचना), विषय-वस्तु पर ध्यान और अवधि सहित विभिन्न पहलू शामिल हैं।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित की गई परीक्षा

जिले के 917 विद्यार्थी हुए परीक्षा में सम्मिलित

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय स्थित कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आज परीक्षा आयोजत की गइ, जिसमें 917 विद्यार्थी शामिल हुए। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले के तीन परीक्षा केन्द्रों सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मेनोनाईट हिन्दी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और सेंट मेरी इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा के लिए 1084 छात्र-छात्राओं से आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 917 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

ओडिशा के सम्बलपुर में शिवरतन शर्मा ने किया प्रचार

कार्यकर्ताओ की ली बैठक, क्षेत्र में किये सभा

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाजपा नेता और छत्तीसगढ़ भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा इन दिनों ओडिशा में भाजपा के पक्ष में धुआंधार प्रचार कर रहे हैं। ओडिशा के मजबूत भविष्य के लिए विभिन्न समाजों, पार्टी कार्यकर्ताओं, क्षेत्रवासियों की बैठक लेकर भाजपा की मजबूत सरकार बनाने की मांग की जा रही है। इसी क्रम में ओडिशा के सम्बलपुर जिला कार्यालय में उन्होंने जिला पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं की बैठक ली और सभी ऊर्जावान भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री मोदी के 400 पार के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए ओड़ीसा की सभी सीटों पर कमल खिलाने का संकल्प लेने की अपील की। साथ ही देश के गृहमंत्री अमित शाह की होने वाली जनसभा की तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। शिवरतन शर्मा ने क्षेत्र का दौरा कर सभाएं ली और सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ओडिशा और देश के भविष्य के निर्माण के लिए सभी लोगों को अपना योगदान देना चाहिए। शर्मा ने कहा कि मजबूरी और परिवारवाद का कारण ओडिशा विकसित राज्य नही बना पा रहा है। आज भी यहां के लोग बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार आदि के लिए छत्तीसगढ़ पर निर्भर हैं। छत्तीसगढ़ का निर्माण लगभग 23 साल पहले हुआ था, लेकिन वो विकास के मामले में आज काफी आगे है, वर्तमान में डबल इंजन सरकार के आने से वहां के लोगों में समृद्धि आ रही है और व्यापार फल फूल रहा है, लेकिन ओडिशा में व्यापार दम टूट रहा है। भाजपा सरकार सुख शांति और समृद्धि का प्रतीक है। इसलिए सभी लोग स्वयं भी भाजपा को वोट दें और वोट करने के लिए प्रेरित कर भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र प्रधान और विधानसभा प्रत्याशी जय नारायण मिश्रा के पक्ष में मतदान करे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री, भाजपा नेता प्रेम प्रकाश पांडेय ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में छोटे बड़े व्यापार को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन ओडिशा सरकार के दमनकारी समुदाय के लोग यहां से व्यापार पलायन कर रहे हैं, जिससे ओडिशा का आर्थिक विकास नही हो पा रहा है। मिशन फॉर नेशन कार्यक्रम में सम्मिलित होने सम्बलपुर पहुचे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से भी शिवरतन शर्मा एवं प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने भेंट कर देश मे चल रहे और छत्तीसगढ़ में हो चुके चुनावो से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने नए युग के तहत लागू की नई कॉर्पोरेट पहचान

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

जहाँ एक ओर स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा कर दी है और आगामी समय में इसके कई प्रॉडक्ट एक्शन्स जल्द होने वाले हैं, वहीं दूसरी ओर भारत में अपने नए युग के तहत अपने नेटवर्क और ग्राहकों को मज़बूती देने पर कंपनी लगातार फोकस कर रही है। अपनी डिजिटलाइज़ेशन रणनीति में बढ़ोतरी करने के बाद ब्रांड ने अब डीलरशिप्स, सर्विस सेंटर्स और अन्य कस्टमर टचपॉइंट्स जैसे अपने फिज़िकल एसेट्स में नई कॉर्पोरेट पहचान को लागू करने की घोषणा की है। इस घोषणा के बारे में बात करते हुए पेट्रे ज़नेबा, ब्रांड डायरेक्टर, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कहा विश्व स्तरीय कारों के निर्माण के साथ हमारे प्रयासों का फोकस हमारे ग्राहकों, हमारे परिवारों और हमारे प्रशंसकों के लिए एक संपूर्ण, सभी प्रकार से समृद्ध अनुभव पेश करने पर रहा है। डिजिटलाइज़ेशन निश्चित ही उन अनेकों तरीकों में से एक है जिसके ज़रिए हम ग्राहकों तक पहुँचते हैं। जिस तरह हमारी मैसेजिंग के साथ हमारी स्थिरता महत्वपूर्ण है, उसी तरह हमारे ग्राहकों और सभी अन्य हितधारकों के लिए प्रस्तुत की जाने वाली हमारी डिज़ाइन की भाषा, हमारी पहचान और चेहरा उतने ही महत्वपूर्ण हैं। 2023 में हमारे कम्यूनिकेशन और मार्केटिंग में हम लगातार और सोच-विचार कर हमारे ब्रांड की नई कॉर्पोरेट पहचान को लागू करते रहे हैं।

निगम की अंधेरगर्दी, यातायात सुधरने की कवायद और चार जून को नतीजों का इन्तजार

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहरनामा

अंधेर नगरी चौपट राजा, टके सेर भाजी, टके सेर खाजा। यह एक पुरानी कहावत है लेकिन मौजूदा समय ने राजनांदगांव नगर निगम ने इस कहावत को सच साबित करने का जिम्मा उठाया हुआ है। जहाँ एक ओर महीनों से निगम के कर्मचारी और स्वच्छता दीदियाँ वेतन के लिए चक्कर काट रही हैं वहीँ निगम आयुक्त और महापौर ने दिल्ली से ना जाने किसके कहने पर और ना जाने किस रकम के वशीभूत हो कर लाखों की स्वीपिंग मशीन मंगवा ली और अब उसे वापस करने की जुगत में भी वो लोग लगे हैं। समय समय पर शहर के मुद्दों पर चर्चा के लिए पायनियर आफिस आने वाले सूचक भाई के पास इस बार शिकायतों का अम्बार था और नाराजगी तो बहुत ज्यादा। सूचक भाई ने ही सबसे पहले बताया कि निगम में कमीशन खोरी इस कदर हावी है कि वेतन देने के पैसे हैं नहीं निगम के पास और आधा करोड़ से से ज्यादा की मशीन बिना राज्य सरकार की अनुमति की खरीद ली गई। सूचक भाई शहर की सड़कों को को लेकर भी बहुत नाराज थे। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों पर जगह जगह गड्ढे हैं तो स्वीपिंग मशीन कैसे काम कर पाएगी।

हमने सूचक भाई को समझाया कि आम जनता से कोई लेना देना नहीं है भाई बस अधिकारियों को और जनप्रतिनिधियों को चार पैसे का आवक होना चाहिए वो ज्यादा जरुरी जान पड़ता है। वैसे भी महापौर के वार्ड सहित पूरे शहर में टैंकरों से पानी सप्लाय की जा रही है, नल जल योजना का हाल बुरा है, गंदे पानी की वजह से पीलिया फैल रहा है, पीलिया से एक युवक की मौत भी हो चुकी है, सड़कों पर घूम रहे आवारा कुत्तों की फौज से जनता परेशान है लेकिन सूचक भाई ये सब छोटी समस्याएं हैं। मशीन ज्यादा जरुरी थी और है और आगे भी रहेगी।

यातायात सुधरने अचानक से जागा प्रशासन

शहर के भीतरी क्षेत्रों में यातायात सुधरने को लेकर और जनता को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए अचानक से निगम प्रशासन और पुलिस विभाग जाग गया है। बीते दिनों मानव मंदिर चौक में यातायात विभाग वाले सड़क पर से गाड़ियों को उठा रहे थे। सूचक भाई ने गुजरते हुए कहा कहा कि एक ही दिन में सब गाडी अचानक से उठा लोगे तो कैसे चलेगा। मौजूद सिपाही ने गलती मानीं लेकिन वो भी बेचारा क्या करता। अधिकारियों के आदेश तले दबा हुआ जो था। सूचक भाई ने शिकायती लहजे में कहा कि शुरुआत से चीजों को सुधारना था लेकिन अब जब तमाम चीजें बिगड़ चुकी हैं तक प्रशासन जागा है और एक दो दिन में ही वर्षों पुरानी समस्या को ख़तम कर देना चाहता है जो संभव है ही नहीं। इधर व्यापारी भी सड़क को अपनी बपौती समझे हुए हैं और सड़क पर से सामान उठाये जाने को लेकर नाराज हैं। सूचक भाई ने दबी जुबान में यह भी बताया कि गंज चौक में रसूखदारों के घर के सामने गाड़ियों की लोडिंग अनलोडिंग पर यातायात विभाग कुछ भी कहने से चुप है।

सूचक भाई को हमने भी एक बात बताया और कहा कि इस जाम सुधार कार्यक्रम के माध्यम से व्यापारियों से वसूली की बात भी सुनाई में आ रही है।

सूचक भाई ने कहा कुछ नहीं लेकिन मौन सहमति हमें दे दी

सुबह सुबह आफिस पहुंचते ही देखा कि सूचक भाई गंभीर, मुद्रा में बैठे हुए थे। हमने कारण पूछा तो कहा कि रात में नींद पूरी नहीं हो पा रही। हमने कहा क्यों ? तो सूचक भाई ने कहा कि एक के बाद एक लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं इसलिए जागरण करना पड़ता है। सूचक भाई बहुत नाराज थे उन्होंने कहा कि जब पुलिस सोई हुई है तो किसी को तो जागना पडेगा। हमने कहा पुलिस सोइ नहीं है बल्कि तमाम अवैध कारोबार को देख कर भी केवल आँखें मूंदी हुई है। आबकारी वाले प्रति पेटी कोचियों से पैसा कमा कर मौज काट रहे हैं। सुबह से शाम तक सबसे बड़ा व्यापार वही कर रहे हैं। अवैध शराब, गांजा और नशीली दवाइयां सरेआम बिक रही हैं लेकिन पुलिस को योगा पर भरोसा है और फिलहाल वो निद्रासन में है।

निद्रासन में पुलिस, मौज में आबकारी और अवैध कारोबारियों की बल्ले बल्ले

घर का जोगी जोगड़ा, बाहर संत फकीर, अब नतीजों का इन्तजार

राजनांदगांव लोकसभा में चुनाव निपट चुके हैं और अब आने वाले चार जून को नतीजों का इन्तजार सभी लोग कर रहे हैं। इस बार के नीरस चुनाव में ठीक से काम नहीं कर पाने लोग बाहर के क्षेत्रों में प्रचार की कमान सम्हालने इस तरह से गए थे और गए हैं जैसे इन्हीं नेताओं की बनिस्बत चुनाव जीता जाएगा। सही कहा है किसी ने, घर का जोगी जोगड़ा, बाहर संत फ़कीर। सूचक भाई इस बार विवाद करने की स्तिथि में आफिस पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ज्यादा मजबूत दिख रही है। हमने कारण पूछा तो सूचक भाई ने कहा कि भूपेश बघेल मोला पसंद नई हे। और ज्यादातर क्षेत्रों में भूपेश बघेल का निगेटिव फैरा ही उनकी हार का असल कारण बनेगा ऐसा सूचक भाई का कहना है। इधर तमाम युवा और वरोयस्थ नेताओं ने बाहर के प्रदेश और जिलों में चुनावी कमान सम्हाल कर खुद को इस तरह से साबित किया है सोशल मीडिया में जैसे इनके जीते जीत है और इनके हारे हार।

भीषण गर्मी में शिवनाथ का जलस्तर घटा, आउटर में टैंकर से आपूर्ति

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भीषण गर्मी में पेयजल संकट गहराने लगा है आउटर के अनेक वार्डो में टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है। शिवनाथ नदी एनीकट में भी पानी की कमी होती जा रही है। शहर में लगभग 15 टंकियां है तथा 40000 से ज्यादा नल कनेक्शन हैं। लगभग 4 करोड़ लीटर पानी की खपत का अनुमान है। अधिकांश हैंडपंपों में जलस्तर गिरता जा रहा है। मटियामोती जलाशय व मोंगरा बैराज से भी समय- समय पर पानी लिया जाता है। मानसून के छत्तीसगढ़ आने में अभी लगभग एक माह का समय है। मौसम विभाग के अनुसार 31 मई को मानसून के केरल पहुंचने की संभावना है। सामान्यतः 1 जून को मानसून केरल पहुँचता है लेकिन एक दिन पहले मानसून पहुंचना राहत एवं खुशी की बात है। मौसम विभाग ने कहा की इसमें चार दिन आगे पीछे हो सकता है अर्थात 28 मई से 3 जून तक मानसून कभी भी केरल पहुँच सकता है। वहीँ छत्तीसगढ़ में 13 से 17 जून तक मानसून पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। ऐसी परिस्थिति में यदि प्राकृतिक स्त्रोतों की ओर ध्यान दिया जाए तो काफी हद तक पेयजल न सही निस्तारी की समस्या हल हो सकती है। शहर में 51 वार्ड है और कुंओ की संख्या भी लगभग इसके पास ही होगी। इसमें कई कुंए तो पट गए है। कुछ सूखे पड़े है, लेकिन कुछ ऐसे कुंए भी है जिसमे पानी लबालब भरा है लेकिन साफ-सफाई के अभाव में गन्दगी होना स्वाभाविक है।

स्वामी आत्मानंद में प्रवेश के लिए लॉटरी पद्धति से चयन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खैरागढ़। डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शास अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम विद्यालय खैरागढ़ में कक्षा1पहली से 12वीं (विज्ञान) में प्रवेश हेतु लॉटरी पद्धति से चयन किया गया। चयन समिति के अध्यक्ष टंकेश्वर प्रसाद साहू एवं सदस्य खरे मैडम, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी साथ ही संस्था के प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित थे। प्रवेश हेतु चयनित छात्र/छात्राओं को दिनांक 17 मई से 21 मई बीच संस्था में दाखिला हेतु दस्तावेज जमा करना अनिवार्य है। साथ ही रिक्त सीट पर 22 मई से 27 मई के बीच प्रतिक्षा सूची से प्रवेश लिया जावेगा। चयनित छात्र/छात्राओं की सूची संस्था के नोटिस बोर्ड पर अवलोकन कर सकते है।

जंगली सूअर के हमले में तेंदूपत्ता संग्राहक की मौके पर दर्दनाक मौत

पायनियर संवाददाता ◄ मोहला-मानपुर
www.dailypioneer.com

अंबागढ़ जिले के औंधी थाना क्षेत्र में बीते दिनों तेंदूपत्ता तोड़ रहे एक संग्राहक पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। हमले में ग्रामीण की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। चार दिन के भीतर मोहला-मानपुर क्षेत्र में जंगली सूअर के हमले की यह दूसरी घटना है। जिसमे एक की मौके पर ही मौत हो गई है दूसरा जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष में है। औंधी क्षेत्र के हालेपयाली के रहने वाले रामसिंग गावड़े तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए रोज की तरह सुबह घर से निकला हुआ था। जंगल में पत्ता तोड़ाई के दौरान लगभग 9 बजे के आसपास एक जंगली सूअर ने उस पर हमला कर दिया। हमले वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इस वक्त तेंदू पत्ता से लेकर बरसात से पहले क्षेत्र के वनवासी ग्रामीण जलाऊ लकड़ी के लिए जंगल में आना जाना कर रहे है। इसी बीच जंगल में सूअर के हमले से मौत और दूसरे की गंभीर रूप में पहुंच जन के बाद मोहला मानपुर क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में हैं।

छठे चरण के मतदान के पूर्व संतोष पांडेय उड़ीसा के क्योंझर में करेंगे प्रचार

राजनांदगांव। वर्तमान में लोकतंत्र के महापर्व में जारी लोकसभा चुनाव के छठे चरण में सात राज्यों के 57 सीटों पर चुनाव होना है बाकी है, उसी तारतम्य में उड़ीसा राज्य की छह सीटों पर आगामी 25 मई को चुनाव होना है जिस हेतु भाजपा संगठन द्वारा सांसद संतोष पांडेय को क्योंझर लोकसभा क्षेत्र में पार्टी के प्रचार प्रसार का अहम दायित्व सौंपा गया है। उड़ीसा राज्य की यह लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीट है जिसमें सांसद संतोष पांडेय को भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार का दायित्व एवं भाजपा के पक्ष में पार्टी लेवल पर बैठक एवं सभा आयोजित कर संगठनात्मक मजबूती प्रदान करने, चुनावी रणनीति बनाने, प्रचार प्रसार की समीक्षा करने एवं पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं मतदाताओं के साथ मिलकर सघन जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में वोट बढ़ाने के लिये भाजपा आलाकमान द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

आरके नगर तिराहा में लगा ट्रैफिक सिग्नल सड़क हादसा रोकने का प्रयास

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नेशनल हाईवे में सडक़ हादसों को रोकने के प्रयास में शहर के आरके नगर तिराहा में सुगम यातायात संचालन के लिए ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया है। साथ ही राज इम्पीरियल तिराहा में भी सिग्नल लगाने का काम चल रहा है। वहीं दुर्ग जाने वाले नेशनल हाईवे रामदरबार चौक में आगामी तीन-चार दिनों में सिग्नल लगाने का काम शुरू हो जाएगा। आरके नगर तिराहा एवं रामदरबार चौक में यातायात संचालन के लिए सुबह 9 से रात्रि 9 बजे तक दो पालियों में यातायात बल ड्यूटी में उपलब्ध रहता है। राजनादंगांव पुलिस की आम जनता से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें एवं दुर्घटना से बचें।

राम दरबार चौक में दुर्घटनाएं रोकने तथागत ने विधानसभाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगाव। कांग्रेस के युवा नेता तथागत पांड़े ने रामदरबार मंदिर के सामने जीइ रोड में सड़क दुर्घटनाओं से हो रही मौतों पर चिंता जाहिर करते हुए विधान सभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाक़ात की और कुछ बिन्दुओ पर ध्यान आकर्षित कराते हुए ज्ञापन सौंपा। तथागत ने डॉ रमन सिंह से कहा की यदि उनके द्वारा दिए गए सुझाव पर यदि काम किया जाए तो काफी हद तक दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सकेगा और कई लोग अकाल मौत के मुंह में जाने से बच जायेंगे। तथागत ने कहा की दुर्घटनाओं का मुख्य कारण सर्विस रोड की चौड़ाई कम होना है इस पर भारी वाहनों का खड़े होना भी एक कारण है। चूँकि सर्विस लेन में पेट्रोलपंप, वाहनों का शोरूम होने की वजह से यहाँ भारी वाहनों का आना - जाना लगा रहता है और इसकी वजह से ट्रैफिक जाम बढ़ जाता है। इसके अलावा दोनों तरफ के सर्विस लेन में ट्रको की कतार सर्विस लेन को और संकरी बना देती है। ये ट्रकें एफसीआई गोदाम में अनलोड होने के लिए खड़े होते है। एफसीआई जाने वाले ट्रको के लिए अलग से रास्ता तथा ट्रक यातायात को सुव्यवस्थित करने के उपायों किया जाना चाहिए।

बारिश में बिजली की समस्या से निपटने हर क्षेत्र में 3 जून तक मेंटेनेंस वर्क जारी

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

मानसून पूर्व रख रखाव और विभिन्न मरम्मत कार्यों को लेकर बिजली विभाग के मेंटेनेंस कार्य बुधवार से शुरू कर दिया गया है। बिजली पोल, ट्रांसफार्मरों, लाइन, तार सहित अन्य मरमत कार्यों, रखरखाव के लिए शुरू होने वाले कार्यों के चलते अमलीडीह खुर्द एवं पांड़ादाह मार्ग में 17 मई को विधुत प्रवाह बंद रहा। खैरागढ़ शहर के टाउन फीडर में होने वाली मरम्मत के चलते शहर के विद्यानगर दाऊचौरा, अस्पताल चौंक, टिकरा पारा, मुस्का मार्ग, ठाकुरपारा और और राजफेमली वार्ड में बिजली आपूर्ति ठप्प रहा। 18 मई को सिविल लाइन फीडर से निकलने वाले सभी क्षेत्र तथा मुड़पार फीडर से होने वाली आपूर्ति क्षेत्र प्रभावित रहा। 20 मई को होने वाले मरम्मत कार्य में शहर के सोनसरार वार्ड, माइलस्टोन स्कूल, अमलीपारा, धनौली वार्ड में आपूर्ति प्रभावित रहेगी। 21 मई को होने वाले मरमम्त में सोनेसरार बस्ती, किलापारा, इतवारीबाजार इलाका,गरापारा नए फीडर से बिजली पाने वाले गाओं में सुबह 8 बजे से बंद रहेगी। 22 मई को शहर के कॉलेज फीडर वाले क्षेत्र, बैहटोला फीडर वाले क्षेत्र से प्रभावित रहेंगे। 23 मई को होने वाले मरम्मत कार्य में मुढ़ीपार फीडर से बिजली पाने वाले मुढ़ीपार बस्ती में आपूर्ति बाधित होगी।

प्रयास स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग

समरकैंप में बच्चों के लिए मस्ती की पाठशाला

- विषय विशेषज्ञों द्वारा 20 से 31 मई तक सुविधा

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रयास आवासीय प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चो के लिए निः शुल्क कोचिंग प्रारंभ की जा रही है। कोचिंग क्लासेस 20 मई से प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10 बजे तक विषय विशेषज्ञों द्वारा संचालित किये जायेंगे। वहीं समर कैंप में बच्चों के लिए मस्ती की पाठशाला भी आयोजित होगी।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी मीडियम स्कूल के प्राचार्य जयंत साहू ने बताया कि निःशुल्क कोचिंग में आत्मानंद विद्यालय के अलावा ब्लॉक के अन्य विद्यालयों के विद्यार्थी भी भाग ले सकते हैं, जिन्होंने इस परीक्षा हेतु आवेदन भरा है। परीक्षा पैटर्न के मुताबिक सीमित समय में बच्चों को अधिक अंक प्राप्त करने के लिए तैयारी करने के सरल तरीके बच्चों को बताए जायेंगे। बच्चो के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय के विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रयास कोचिंग के अंतर्गत गणित तथा रीजनिंग विषय के लिए व्याख्याता संदीप वर्मा व वासुदेव साहू, विज्ञान के लिए निशा साहू व प्राची मिश्रा, सामाजिक विज्ञान के लिए गजेंद्र अष्टबंधु, हिंदी के लिए दीपक भगत व एनेन्द्र शर्मा, अंग्रेजी के लिए संध्या ठाकुर व सृष्टि शर्मा के साथ छत्तीसगढ़ी विषय के लिए एलेंद्र शर्मा सहित अन्य विषय विशेषज्ञों द्वारा बच्चो को परीक्षा हेतु टिप्स दिए जायेंगे।

समर कैंप में मस्ती की पाठशाला

समर कैंप अंतर्गत विद्यालय में खेलकूद, नृत्य, कंप्यूटर प्रशिक्षण, कैलिग्राफी, आर्ट एंड क्राफ्ट व कबाड़ से जुगाड़ के तहत खेल खेल में पढ़ाई के अलावा जीवन में उपयोगी चीजों के बारे में सिखाया जाएगा। समर कैंप का आयोजन शासन के निदेर्शानुसार 20 से 31 मई प्रतिदिन सुबह साढ़े 7 बजे से साढ़े 9 बजे तक होगा।

पत्थर खुदाई करते एक जेसीबी, दो डंपर जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मोहारा से रेवाडीह जाने वाले बायपास के समीप अवैध पत्थर खुदाई करते प्रशासन ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। लंबे समय से अवैध पत्थर खुदाई की शिकायत मिल रही थी। प्रशासन ने एक जेसीबी और दो डंपर को जब्त कर लिया है। प्रशासनिक टीम डंपर और जेसीबी मालिक की पतासाजी कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक पनेका-फरहद बाइपास पर अवैध पत्थर खुदाई करने की शिकायत के बाद एसडीएम अतुल विश्वकर्मा ने मौके पर पहुंचकर खुदाई करते डंपर और जेसीबी चालकों को धरदबोचा। पत्थर खुदाई की शिकायत की जांच कर रही टीम को देखकर वहां मौजूद चालक और अन्य लोग भागने लगे। टीम ने फौरन कार्रवाई करते डंपर और जेसीबी को अपने कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि लंबे समय से बसंतपुर स्थित लेप्रोसी हास्पिटल के पीछे पत्थर खुदाई करने की शिकायत आ रही थी।

जिनकी पुत्री नहीं है वे किसी निर्धन कन्या को पुत्री मानकर करें कन्यादान : आचार्य नरेंद्र नयन

दानों में सबसे बड़ा दान कन्या दान, श्री भरत लीला मेंशन में कथा के पांचवे दिन श्रीकृष्णा लीला का वर्णन

पायनियर संवाददाता ◂ महासमुंद
www.dailypioneer.com

स्थानीय कलेक्ट्रेट रोड स्थित श्री भरतलीला मेंशन में लीलादेवी चंद्राकर, सुष्मिता-आलोक चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के पांचवे दिन श्रीकृष्ण लीला एवं गोवर्धन पूजा उत्सव का आयोजन किया गया। कथा व्याख्या के पूर्व आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री (चाय वाले बाबा) सिलयारी धाम ने मानव जीवन के चार अवस्थाओं के बारे में बताया। आचार्य शास्त्री ने कहा मनुष्य को अपने आयु के अनुसार व्यवहार में परिवर्तन ले आना चाहिए। उन्होंने दानशीलता में सबसे बड़ा दान कन्या दान को बताया। शास्त्री ने कहा कि मनुष्य धन के मोह में जकड़ा हुआ है। हर कोई संतान के रूप में केवल पुत्र ही चाहता है। पुत्र के विवाह में दहेज की कामना करता है। उन्होंने कहा कि बहु के रूप में आपको एक पिता ने अपनी पुत्री को सौंप दिया। जो आपके कुल आपके वंश को आगे बढ़ाती। आपके कुल की यश और कीर्ति को बढ़ाती है, इससे बड़ा दहेज और क्या हो सकता है। आप उस पिता के ऋण से कैसे मुक्त होंगे जिसने आपको अपनी बेटी का दान किया। इसलिए यदि आपकी कोई पुत्री नहीं है तो किसी निर्धन कन्या का विवाह कराकर कन्यादान कर दीजिए। इससे बड़ा दान व पुण्य कर्म और कुछ भी नहीं है। शास्त्री ने बताया कि उन्होंने स्वयं अब तक 323 बेटियों का विवाह कराकर उनका कन्यादान किया है। भागवत कथा में चढ़ावे व दक्षिणा को वे कथा स्थल पर ही निर्धन बेटियों को दान कर देते हैं। इसके अलावा उन्होंने 17 बेटियों को इंजीनियरिंग की शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग किया है। जिसमें से 11 बेटी आज शासकीय नौकरी कर परिवार की मदद कर रही हैं। आचार्य नरेंद्र नयन ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि जिन पर भगवान श्रीकृष्ण की कृपा होती है, उन्हें ही भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलता है। महासमुंद की पुण्य भूमि पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का लाभ केवल चंद्राकर परिवार को ही नहीं अपितु, यहां कथा सुनने पहुंच रहे समस्त भक्तों मिल रहा है। चंद्राकर परिवार के पुण्य कर्मों का लाभ श्री भरतलीला मेंशन में उपस्थित समस्त श्रोताओं को मिल रहा है। पंचम दिवस कथा श्रवण हेतु सैकड़ों भक्त उपस्थित थे। भक्तिपूर्ण भजनों में माताएं, बहनें, बुजुर्ग, युवा सभी झूमते नजर आए।

सिम्स के महिला चिकित्सकों ने सफल ऑपरेशन कर ग्रामीण महिला के पेट से 10 किग्रा.से ज्यादा वजन का ट्यूमर निकाला

जीने की आशा छोड़ चुकी महिला को मिला नया जीवन

कलेक्टर एवं डीन ने डॉक्टरों की टीम को दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सिम्स अस्पताल को एक बड़ी कामयाबी मिली है। निजी अस्पतालों से थक हार कर सिम्स पहुंची एक ग्रामीण महिला का सफल ऑपरेशन कर पेट से 10 किलोग्राम से ज्यादा वजन का ट्यूमर निकाला गया है। स्त्री रोग विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर संगीता रमन जोगी के नेतृत्व में टीम ने आज ऑपरेशन को अंजाम दिया। मरीज ठीक होकर सिम्स में स्वास्थ्य लाभ ले रही है। सफल ऑपरेशन कर एक गरीब मरीज को नया जीवनदान देने के लिए कलेक्टर अवनीश शरण और सिम्स के डीन डॉ. केके सहारे ने डॉक्टरों, नर्सों और सहयोगी टीम को बधाई दी है। सिम्स अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर एस नायक ने बताया कि मरीज लगनी बाई पति हरिशंकर, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम चिल्हाटी बिलासपुर, पिछले एक साल से पेट री की समस्या से परेशान थी। 4 महीनो से पेट में सूजन आने लगी, जो कि बढ़ते जा रही थी। प्रायवेट अस्पताल में जांच में पेट में ट्यूमर होना बताया गया, परंतु कई अस्पतालों में दिखाने के बाद भी उसे उचित लाभ नहीं मिल पाया। ट्यूमर इतना बढ़ चुका था मानो वह 9 महीने की गर्भवती लग रही थी। मरीज को सांस लेने में परेशानी एवं अन्य परेशानी बढ़ने लगी। जिसके बाद वह सिम्स के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में भर्ती हुई। सभी जरूरी जाँचो के बाद 18 मई 2024 को सिम्स मे जटिल आपरेशन करके महिला के पेट से 10 किलो वजन का ट्?यूमर निकाला गया जो उसके अंडाशय में था। आपरेशन स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डा. संगीता रमन जोगी द्वारा किया गया। उनकी टीम में डा. दुर्गा कौशिक, डा. सोमा बैंकट कोटा, डा. वर्णिका पाण्डेय, डा. प्राची तिवारी व अन्य डाक्टर शामिल थे। बेहोशी डॉक्टर राकेश निगम विभागाध्यक्ष ऐनेस्थिसिया और उनकी टीम द्वारा दी गयी। आपरेशन में स्टाफ नर्स दीपा एवं अन्य ओटी स्टाफ का विशेष योगदान रहा। मरीज का आपरेशन सफल रहा एवं वह सिम्स के स्त्री रोग विभाग में स्वास्थ लाभ ले रही है।

थाना लालपुर पुलिस द्वारा शराब कोचिया के विरूद्ध की गई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक मुंगेली द्वारा जिले में हो रहे अवैध शराब बिकी पर सख्त कार्यवाही करने हेतू निर्देशित किया गया है इसी कडी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुंगेली पंकज पटेल एवं माधुरी धीरही उप पुलिस अधीक्षक लोरमी के दिशा निर्देश में 16 मई को मुखबीर सूचना पर ग्राम कंतेली, बोधापारा, मनोहरपुर की ओर रवाना हुआ था कि मुखबीर सूचना मिला की एक व्यक्ति अपने मोटर सायकल क्र. सीजी 04 के. व्ही. 1883 हिरो डिलक्स से अवैध रूप से शराम अपने मोटर सायकल में बोधापारा की ओर आ रहा है कि सूचना पर धारा 160 जा.फौ. के गवाह धनीदास मानिकपुरी एवं सुरेश कुमार को साथ लेकर लोरमी - मुंगेली ग्राम कंचनपुर स्कूल के सामने रोड के पास मुखबीर के बताये अनुसार घेराबंदी कर मोटर सायकल में 02 सफेद पानी पाउच बोरी में 35-35 पाव कुल 70 पाव देशी शराब प्रत्येक शीशी में 180 एम. एल. शीलबंद जुमला 12.600 ली कीमती 6300 रूपये एवं 01 मोटर सायकल को कीमती 30000 रूपये जुमला 36300 रूपये मिला जिसके नाम पता पूछने पर अपना नाम हेमचंद घृतलहरे पिता खेलावन उम्र 38 वर्ष साकिन पेन्ड्रीतालाब बी थाना लालपुर का रहने वाला बताया आरोपी हेमचंद घृतलहरे के कब्जे से जप्त कर पंचनामा तैयार किया गया आरोपी को धारा 91 ब्च्ब् की नोटिस शराब रखने परिवहन करने का वैध लाईसेंस पेश करने हेतु दी गई जो शराब लायसेंस नही होना हस्ताक्षर स्वीकृत दिया आरोपी हेमचंद घृतलहरे का कृत्य धारा 34 (2) 59 क आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी लालपुर उप निरीक्षक लक्ष्मण खुटे, प्र.आर. 243 अनुज डहरिया, आरक्षक 111 नेमचंद खुराना, आरक्षक 186 सुनील भास्कर, आर. 14 मनीष गेंदले का सराहनीय योगदान रहा।

पीएचई सचिव एवं कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण

लक्ष्य अनुरूप कार्यों में तेजी लाने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव अब्दुल कैसर हक मुंगेली जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने कलेक्टर राहुल देव के साथ जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्य की प्रगति, हितग्राहियों की संख्या और पानी टंकी की क्षमता की जानकारी ली और सभी ग्रामीणों के घरों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सचिव हक ने बताया कि जल जीवन मिशन गांव, गरीब एवं आमलोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पूरी सक्रियता से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर देव ने कहा कि जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों की लगातार समीक्षा की जा रही है और लक्ष्य अनुरूप प्रगति लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। सचिव हक ने मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम करही में बने पानी टंकी का निरीक्षण किया तथा गांव में योजनांतर्गत उपलब्ध कराए गए नल कनेक्शन आदि की जानकारी ली। उप अभियंता प्रतीक पाटनी ने बताया कि रेट्रोफिटिंग जल प्रदाय योजना के अंतर्गत ग्राम करही में लगभग 410 कनेक्शन लगाए जाने थे और अब तक 330 से अधिक कनेक्शन लगाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत बने टंकी की क्षमता 01 लाख लीटर है, जिससे सभी घरों में पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है। सचिव हक ने लोरमी विकासखण्ड के ग्राम तेलीखाम्ही, खुड़िया और पथरिया विकासखण्ड के ग्राम मदकू में जल जीवन मिशन के कार्यों का अवलोकन किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता आई. पी. मंडावी ने बताया कि ग्राम तेलीखाम्ही में 289 कनेक्शन प्रदान किए जाने थे, जिसमें से लगभग 224 कनेक्शन पूर्ण कर लिए गए हैं और सभी घरों में पर्याप्त रूप से पानी पहुंच रहा है। इसी प्रकार लोरमी के ग्राम बोकराकछार के सभी 18 घरों में नल कनेक्शन प्रदाय किए जाने का काम पूर्ण कर लिया गया है और सभी घरों में पर्याप्त रूप से स्वच्छ जल की आपूर्ति की जा रही है। कार्यपालन अभियंता मंडावी ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम बांकल में सोलर ग्राम जल प्रदाय योजना अंतर्गत 30 घरों में से 23 घरों में नल कनेक्शन का कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के उद्देश्य के अनुरूप सभी घरों में नल कनेक्शन प्रदान करने के लिए विभागीय अमले द्वारा पूरी सक्रियता से कार्य किया जा रहा है। ग्रामवार सर्वे कराकर छूटे हुए घरों में भी नल कनेक्शन के साथ स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने बेहतर कार्ययोजना के साथ काम किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा सरकार में अपराधियों का हौसला बुलंद रोज हो रही हैं लूट डकैती अपहरण रेप की घटना

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों के हौसला बुलंद है आम जनता अपनी जानमाल की सुरक्षा को लेकर भयभीत है। रायपुर जिला में ही हर महीने लगभग 850 से अधिक एफआईआर दर्ज हो रही है। रायपुर जिला में बीते चार माह में 78 से अधिक बेटियों की अस्मत लूटी गई। चोरी, डकैती, लूट, अपहरण, मारपीट, चाकू बाजी, हत्या, तस्करी, अवैध वसूली ऑनलाइन ठगी की घटनाये रोज हो रही है। जब राजधानी रायपुर जिला का यह हाल है तो पूरे प्रदेश के डरावने आंकड़ो की कल्पना की जा सकती है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मात्र रायपुर जिला में हर महीना 850 एफआईआर दर्ज हो रहा है इससे आंकलन किया जा सकता है प्रदेश के 33 जिला में हर महीना लगभग 20 हजार से अधिक आपराधिक घटनाये घट रही है। रेप, गैंग रेप अपहरण चाकू बाजी लूटपाट ,डकैती, तस्करी, हत्याये, ऑनलाइन ठगी, गैंगवार, आगजनी, जमीन कब्जा की घटनाये, नक्सली वारदाते बढ़ी है। सुपारी किलिंग हो रही है। अवैध हथियार लहराये जा रहे है। हवाई अड्डा में चाकू निकल रहा है। सरकारी पार्किंग में ठेकेदार जनता के साथ बदसलूकी कर रहे मारपीट कर रहे है। कई मामले थाना में राजीनामा करके खत्म कर दिया जाता है कुछ मामलों में एफआईआर दर्ज नहीं होने की भी शिकायतें मिली है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद पुलिस विभाग का जो मूल काम अपराध को नियंत्रित करना है उससे हटाकर बीजेपी अपने राजनीतिक प्रतिद्वंदियों को परेशान करने फंसाने में लगाई हुई है जिसका ही परिणाम है कि अपराधी छुट्टा घूम रहे हैं आम जनता डरी हुई है। सुबह मॉर्निंग वाक से लेकर स्कूल कॉलेज बाजार और परिवार के साथ बाहर जाने में भी आम जनता डर रही है बेटियां ख़ौफजदा है और गृह मंत्री सिर्फ डायलॉग बाजी दे रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में अपराधियों पर अंकुश लगाया गया था।आम जनता भयमुक्त वातावरण में जी रहे थे। बेटियां सुरक्षित थी। भाजपा की सरकार बनते ही जंगल राज कायम हो गया है।

सी सी आई कंपनी के सुरक्षागार्ड से शराब पीने के लिये पैसे मांग कर घातक हथियार से मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

प्रार्थी बलवंत सिह चंदेल पिता स्व.मोती सिह चंदेल सीसीआई अकलतरा में गार्ड की नौकरी करता हूं। 26/04/2024 को इसकी ड्यूटी रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे तक थी कि 26/04/2024 के रात्रि करीबन 10/30 बजे कुछ अज्ञात 08 से 10 व्यक्ति सीसीआई कुंवारी गेट के पास पानी के लिए लगा लोहे का पाईप को गड्ढा करके निकाल रहे थे तब प्रार्थी एवं अन्य गार्ड मिलकर उन्हे आवाज देकर रोकने की कोशिश किये तब वे लोग आवाज सुनकर वहां से भाग गये। कुछ समय बाद करीबन रात्रि 11 बजे प्रार्थी अपने अन्य साथी के साथ आल्हा पेट्रोल पंप के पास सीसीआई माईन्स ऐरिया चेक करने गये थे चेक कर जैसे ही वापस आ रहे थे उसी समय आल्हा पेट्रोल पंप के सामने तरौद चौक तरफ से दो कार में वही अज्ञात 08 से 10 व्यक्ति वापस आये और तुम लोग सीसीआई के गार्ड हो पूछे तब प्रार्थी हां बोले तो वे लोग सुरक्षागार्डो को गंदी गंदी गाली देते हुए सीसीआई ऐरिया में आने जाने से रोकते हो कहकर हाथ मुक्का एवं डण्डा से मारपीट किये है मारपीट से प्रार्थी व अन्य 04 सुरक्षागार्ड को चोटे आयी है की रिपोर्ट पर अज्ञात 08-10 व्यक्तिडयो के विरूद्ध अपराध क्रमांक 215/ 2024 धारा 147,149,294,506,323 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना मे लगातार आरोपियो के पतासाजी के दौरान मुखबीर से सूचना मिला की दिनांक घटना को आरोपी राजेश रात्रे ,मना कुमार जोगी,सूरज कुर्रे ,नितेश पण्मुत,राकेश कुमार मनहर एंव एक विधि से संघर्ष बालक को मनोज टण्डन निवासी मुरलीडीह के सफेद रंग के कार मे घुमते देखा गया था जिसे संदेह के आधार पर हिरासत मे लेकर कडाई से पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक 26/04/2024 के रात करीब 10.30 बजे सीसीआई अकलतरा के माईस क्षेत्र मे ष्टष्ठढ्ढ अकलतरा का लोहे का पाइप को चोरी करने के नियत से अपने पास रखे गैती फावडा से आरोपी लोग मिलकर निकाल रहे थे जो वहां के गार्ड द्वारा चिल्लाने से एंव टार्च की रोशनी दिखाने से पहचान लेने के भय से पाइप को वही छोडकर गैती फावडा लेकर भाग गये थे जो भागते समय आरोपी लोग एक राय होकर ष्टष्ठढ्ढ मे काम करने वाला सुरक्षागार्ड से शराब पीने के लिये पैसे की मांग करते हुये अपने अपने पास रखे गैती,लोहे का फावडा, लोहे का सरिया, एंव बास का डंडा से मारपीट किया सुरक्षागार्ड को मर गया है समझकर वहा से भागना बताया है । आरोपियो द्वारा अपना अपना जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर दिनांक 17.05.2024 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक दिनेश कुमार यादव, सउनि राजेन्द्र क्षत्रिय, अरूण सिह प्र.आर.राकेश राठौर, आरक्षक बृजपाल बर्मन, गौकरण राय, विवेक सिह, दीपक कश्यप, राजकुमार जोशी, बसंत साहू, संजू रत्नाकर का सराहनीय योगदान रहा।

ग्राम तिलईडबरा में क्षय व कुष्ठ उन्मूलन जनजागरण शिविर में 34 मरीजों की हुई जांच

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com

लोरमी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल ग्राम तिलईडबरा में 16 मई को क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जगजागरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 34 मरीजों की जांच की गई और उन्हें आवश्यकतानुसार दवाई एवं परामर्श दिया गया। जिला क्षय/कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे ने बताया कि कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में टीबी के संदेहास्पद 02 मरीज, बीपी के 03 मरीज, कमजोरी के 08 मरीज, दाद के 03 मरीज, सर्दी-खांसी के 08 मरीज, आंख की समस्या के 02 मरीज, ऊल्टी के 01 मरीज, दस्त के 01 मरीज, एएनसी के 01 सहित 05 जनरल मरीज पाए गए। सभी मरीजों की जांच व उपचार कर दवाई एवं परामर्श दिया गया। साथ ही टीबी के संदेहास्पद मरीजों का बलगम जांच के लिए सैंपल लिया गया और टीबी/कुष्ठ रोग से बचाव एवं नियंत्रण हेतु जागरूकता लाने पाम्पलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम समन्वयक, आरएचओ, मितानीन सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

पी एम शासकीय प्रा, शाला में समर कैंप का हुआ आयोजन, बच्चों को मेंहदी लगाने सिखाया

सरायपाली। वनांचल ग्राम सिंघोड़ा के पीएम शासकीय प्रा.शा. में समर कैंप के तहत् आयोजित कार्यक्रम में नोडल प्राचार्य संतोष कुजूर एवं संकुल समन्वयक सच्चिदानंद भोई शाला के प्रधान पाठक पूर्णिमा नाग शिक्षक गोपाल पटेल, चूड़ामणि साहू, खिरसागार चौहान, कुवारमति भोई, प्रशिक्षक विनोद बीसी एवं कविता भोई और संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे। इन सभी की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रम के साथ बच्चों को हाथों में मेंहदी लगाना सिखाया गया। इसके साथ ही समर कैंप के कार्यक्रम के तहत आने वाले अन्य सभी विधाओं की जानकारी भी दी गई।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका नियुक्ति आदेश के प्रकरणों की हुई सुनवाई

मुंगेली। जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं की नियुक्ति आदेश के विरूद्ध अपील आवेदनों की पक्षकारों की उपस्थिति में सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान 04 प्रकरणों का निराकरण किया गया। गौरतलब है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पदों की भर्ती के संबंध में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी, जिसे संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने जांच के निर्देश दिए थे। सुनवाई के दौरान प्रकरणों के निराकरण में सीमा साहू के विरुद्ध साक्षी शर्मा, रिंकी भास्कर के विरुद्ध प्रीती पात्रे, ग्राम ढबहा में पुनः नियुक्ति हेतु कार्यवाही करने एवं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। कुछ प्रकरणों में अपील आवेदन सारहीन होने पर उन्हें खारिज किया गया। शेष प्रकरणों में पक्षकारों के जवाब नियुक्त संबंधित रिकॉर्ड आदि मंगाए गए हैं और सभी प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

चंद राशन दुकान संचालकों ने धनाढ्य महिलाओ को गरीब और महा गरीब बना दिया

एपीएल राशन कार्डो को कूट रचना से बी पी एल कार्ड बनाकर 3 साल से राशन की गड़बड़ी की जा रही

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

खाद्यान घोटाले के कई मामले सामने आए है मगर हम जो खबर बता रहे है वह चौकाने वाला है और इसमें संगठित गिरोह के शामिल होने से इंकार नहीं किया जा सकता मामला यह है कि शहर में एक दो नहीं बल्कि कई कई राशन दुकान दुकान चलाने वाले कुछ लोग और खाद्य विभाग का अमला मिलीभगत करके शहर के अनेकों धनाढ्य परिवारों को महागरीब बना दिया इस बात की खबर उन धनाढ्य परिवारों को है ही नही मगर उन धनाढ्य परिवारों का ए पी एल राशन कार्ड नवनी करण के नाम पर सुनियोजित ढंग से बी पी एल कार्ड में बदल दिया गया और तीन साल से इन धनाढ्य परिवारों के नाम पर बी पी एल कार्ड का राशन उठाया जा रहा है। इन तीन साल में कई फूड कंट्रोलर और जिला खाद्य अधिकारी आ चुके। लेकिन जांच किसी ने नहीं करवाई। जिनके कार्यकाल में इस गड़बड़ झाले की शुरुवात हुई वे सेवानिवृत हो चुके है। सक्षम परिवारों के नाम पर कूट रचना कर बी पी एल कार्ड बनाने की जालसाज़ी का यह मामला बड़ा गंभीर है इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। बिलासपुर शहर में सक्षम, साधन संपन्न परिवारों की महिलाओं के नाम पर कूट रचना कर ए पी एल कार्ड को बी पी एल कार्ड बनाकर ग़रीबों के चॉवल में बड़े पैमाने पर हर माह लाखों की हेराफेरी किए जाने की जानकारी मिल रही है ।हमारे पास जो जानकारी है उसके मुताबिक राशन कार्ड नंबर 2237545680 24, 2237586324 87, 2237555651 261, 2237545680 24, 2237539901 55, 2237563049 58, 2237565807 93, 2237590239 02, 2237599120 37, 2237564288 67, 2237576998 54, 2237534352 14, 2237597601 40, 2237575261 62, 223755183815 समेत सैकड़ों कार्ड में कूट रचना किए जाने की पुख्ता जानकारी मिली है। संपन्न लोग खाद्य विभाग और राशन दुकान संचालकों के धत कर्म से गरीब और महागरोब हो चुके है और उनके गरीबी राशन कार्ड का राशन कोई और डकार रहा है। चटर्जी, अग्रवाल, जाजोदिया, गुप्ता, सोनी, जैन, द्विवेदी, पांडेय, सालुंके, पवार, सूरी, सरनेम वाले परिवारों के नाम पर बीपीएल कार्ड बनना अनेक संदेहों को जन्म दे रहा है। उल्लेखनीय है कि इस जालसाज़ी को कार्ड नवीनीकरण के नाम पर जनवरी 2022 से सितंबर-अक्टूबर 2023 के दौरान अंजाम दिए जाने की संभावना है। मज़ेदार बात है कि कार्ड धारियों को भी पता नहीं है कि कूट रचना कर उन्हें बी पी एल कार्ड धारी बना दिया गया है। सवाल जो उठ रहे है शहर में वर्ष 2022 में जाजोदिया, सोनी, गुप्ता जैसे सरनेम वालों का बीपीएल कार्ड बना है या नहीं? जय माता दी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति मर्यादित विनोबा नगर दुकान आईडी401001121 और संस्कृति महिला समूह डीपूपारा आई डी - 401001025 के बी पी एल की जाँच हुई है या नहीं? दूसरा सवाल जाजोदिया, सोनी, गुप्ता वग़ैरह सरनेम वालों के नवीनीकृत कार्ड में पुराना कार्ड नंबर विलोपित क्यों हुआ? पुराना कार्ड नंबर विलोपित करने की अनुमति किसने दी या अनुमोदन किस अधिकारी ने किया? तीसरा सवाल- संपन्न नागरिकों के राशन कार्ड एपीएल से बीपीएल में कनवर्ट किस आईडी से हुआ और पासवर्ड क्या है? चौथा सवाल- जब संपन्न घरों के एपीएल कार्ड बीपीएल में कनवर्ट हुए तब फूड कंट्रोलर और फूड आफिसर पद पर कौन कौन पदस्थ रहे? उस दौरान पदस्थ फूड कंट्रोलर और फूड आफिसर की तथाकथित एपीएल से बीपीएल के खेल में क्या भूमिका है अगर फूड कंट्रोलर और फूड आफिसर की भूमिका नहीं है तो ज़िम्मेदार कौन है? बताया जाता है कि इस षड्यंत्र में एक से अधिक और निलंबित दुकान को भी चलाने का ठेका लेकर बैठे एक काइयां संचालक की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। सवाल लाख टके का- शहर में (विशेषकर जय माता दी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति मर्यादित विनोबा नगर एवं संस्कृति महिला समूह डीपूपारा) नवीनीकरण के बाद बने बीपीएल कार्ड की विस्तृत जाँच कर बड़े भ्रष्टाचार/घोटाले से पर्दा उठाने की ज़िम्मेदारी कौन लेगा? जनवरी 2022 से सितंबर अक्टूबर 2023 तक के खाद्यान्न वितरण और एपीएल/बी पी एल कार्डो की सूक्ष्मता से जांच में बड़ा घोटाला सामने आ सकता है । संपन्न परिवारों की महिलाओ का उप नाम वाले राशन कार्डो की सत्यता की जांच हो जाए तो पता लग पाएगा कि कितने संपन्न परिवारों को गरीब, महा गरीब अभी तक बनाया जा चुका है और उनके नाम का राशन कहां गायब किया या खपाया जा रहा है। इस बारे में सत्यता जानने खाद्य नियंत्रक और खाद्य अधिकारी से उनके मोबाइल नंबर पर कई बार संपर्क किया गया लेकिन या तो उनका मोबाइल बिजी बताता रहा या फिर उन्होंने रिसीव नहीं किया। शहर के विभिन्न वार्ड सहित विशेष रूप से वार्ड क्रमांक 26-27-28-29-30 नगर पालिक निगम बिलासपुर के राशन कार्ड धारको को अपने अपने नवीनीकृत राशन कार्ड का परीक्षण अवश्य करवाना चाहिए। नवीनीकृत कार्ड में नया कार्ड का नंबर है लेकिन पुराना कार्ड नंबर अंकित नहीं है तो, आपकी जानकारी/ सहमति के बग़ैर आपके ए पी एल कार्ड में कूट रचना कर उसे बीपीएल में बदले जाने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता इसलिए एपीएल कार्ड धारकों को सतर्क और सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि राशन कार्ड का दुरूपयोग संभव है।

पायनियर हलचल...

टेम्पो भर-भरकर रुपया

फाइल फोटो

प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दस साल के कार्यकाल में पहली बार अडानी और अंबानी को आड़े हाथों लिया। हैरत की बात यह है कि जो राहुल गांधी पूरे पांच साल तक अडानी और अंबानी के नाम की माला जपते थे, वह पूरे लोकसभा चुनाव में इन नामों को अपने जुबां में लाने से परहेज करते दिख रहे हैं? खैर क्यूं परहेज कर रहे हैं? यह तो राहुल गांधी ही जानेंगे। लेकिन इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार इन दोनों उद्योगपतियों पर जमकर हमला बोला। मोदी राहुल पर निशाना साधते-साधते कब अडानी और अंबानी तक पहुंच गए उन्हें भी खबर नहीं लगी। लेकिन पीएम मोदी ने जिस तरह अडानी और अंबानी पर हमला बोला इससे यह माना जा रहा है कि मोदी और इन दोनों उद्योगपतियों के बीच इन दिनों कुछ ठीक नहीं चल रहा है। चुनावी सभा के दौरान मोदी ने कहीं न कहीं जानबूझकर दोनों उद्योपतियों पर हमला बोला। खैर इसके पीछे मकसद क्या है? इसके राजनीतिक मायने क्या हैं? फिलहाल यह मंथन का विषय है। लेकिन मोदी ने राहुल पर निशाना साधते हुए अडानी और अंबानी पर टैम्पों में भर-भरकर रुपये देने का आरोप लगाया। क्या वास्तव में अडानी और अंबानी ने कांग्रेस को टैम्पों में भर-भरकर रुपये दिये हैं? या मोदी ने इन दोनों उद्योगपतियों पर झूठे और मनगढंत आरोप लगाए हैं, यह तो जांच का विषय है। यदि पीएम मोदी की बात पर यकीन किया जाए तो 10 साल बाद आखिर अडानी और अंबानी का राहुल और कांग्रेस के प्रति इनता प्रेम क्यों उमड़ रहा है? इसके पीछे क्या राज है? जिस अडानी और अंबानी का देश राजनीति में सीधा दखल है, आखिर मोदी जैसे ताकतवर नेता को लोकसभा चुनाव के बीच उनके खिलाफ फायर क्यों करना पड़ा? यह तमाम सवाल आम जनता के जेहन में घूम रहे हैं।

खटाखट-खटाखट

एक ओर पीएम मोदी ने कांग्रेस और राहुल को टेम्पो में भर-भरकर रुपए देने का आरोप देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों के उपर लगाया है, दूसरी ओर मोदी के आरोप के बाद राहुल खटाखट महिलाओं को लाख रुपए देने की बात कह रहे हैं। मोदी के आरोप के बाद राहुल गांधी खटाखट-खटाखट नौकरियां और रुपए देने की बात अपनी चुनावी भाषण में कहते नजर आते हैं। चुनाव परिणाम आते ही सभी को सरकारी नौकरी मिलेगी खटाखट। महिलाओं को एक लाख रुपये मिलेंगे खटाखट। गरीबों को मिलने वाला अनाज 10 किलो कर दिया जाएगा खटाखट। यह हम नहीं कह रहे वल्कि कांगेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी कह रहे खटाखट। अब राहुल के खटाखट की चर्चा इतनी ज्यादा हो गई है कि पीएम मोदी ने भी कहा है कि चुनाव परिणाम आते ही राहुल विदेश चले जाएंगे खटाखट। यह चुनाव पता नहीं अब क्या-क्या करायेगा खटाखट। अब तो चुनाव परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा क्या होगा खटाखट।

लोकसभा चुनाव के बाद कारनामों की खुलेगी कुण्डली

कहते हैं कि पिछले पांच साल यानि कि कांग्रेस सरकार में अफसरों और कारोबारियों के कारनामों की लंबी सूची बनकर तैयार है। अभी तो सिर्फ कोयला, शराब, सट्टा और खाद्यान्न मामलों की गड़बड़ियों की फाइलें खुली हैं। महज चार विभाग में हुए घोटालों के आरोप में तीन दर्जन से अधिक अधिकारी, कर्मचारी और व्यापारी सालाखों के पीछे पहुंच चुके हैं। भाजपा का तेवर देख यह कहा जा रहा है कि भ्रष्टाचार के मुद्दे को आगे भी जीवित रखा जाएगा। इसलिए सम्भवतः लोकसभा चुनाव के बाद सभी विभागों में हुई गड़बड़ियों की फाइलें खोली जा सकती हैं। राज्य में विष्णु सरकार का महज चार माह बीता है इस दौरान जंग खा रही एसीबी और ईओडब्ल्यू की सक्रियता बढ़ गई है। चारों ओर धर-पकड़ चालू है। राज्य की जांच एजेंसियों के सक्रिय होने से भ्रष्ट अफसर और कारोबारी सकते में हैं। दूसरी ओर राज्य सरकार को मोदी की गारंटी का भी ख्याल रखना है। विधानसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ में चीख-चीख कर कहा था कि मोदी की गारंटी है भ्रष्टाचारी बक्से नहीं जाएंगे। अब इस गारंटी को भी पूरा करने विष्णु सरकार कमर कसना शुरु कर दी है।

ओपी सख्त, खींची लकीरें

वित्त मंत्री ओपी चौधरी सरकारी राजस्व बढ़ाने हर दिशा में काम कर रहे हैं। शायद यही कारण है कि उन्होंने अफसरों के लिए भी लकीरें खींचना शुरु कर दिया है। अफसरशाही से निकलकर नेता बने ओपी यह भली-भांति जानते हैं कि राज्य में व्यर्थ हो रहे राजस्व को कैसे रोका जा सकता है। ओपी ने पहले शराब की दरों में वृद्धि की बाद में जमीन की रजिस्ट्री में मिल रही 30 प्रतिशत की छूट को समाप्त कर दिया। अब वित्त मंत्री ने अफसरों की भी सीमाओं को भी याद दिलाया है। दरअसल में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने पहले बजट भाषण में ही स्पष्ट कर दिया था कि वह लीकेज को रोकने का हर सम्भव प्रयास करेंगे। चूंकि ओपी खुद आईएएस रह चुके हैं, उन्हें यह पता है कि अफसरों के स्तर पर कहां-कहां लीकेज रोके जा सकते हैं। वित्त मंत्री चौधरी ने इसकी शुरुआत सरकारी वाहनों में कटौती से की है। अब सचिव या सचिव से उच्च स्तर के अधिकारी या कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों के लिए अधिकतम 12 लाख रुपये तक की ही गाडियां खरीदी जा सकेगी। यहीं नहीं अब अफसर अपने कार्यक्षेत्र से बाहर सरकारी वाहन नहीं ले जा सकेंगे। इसके लिए पेट्रोल और डीजल की लिमिट तय की गई है। अफसर यदि इसका उल्लंघन करेंगे तो उनके वेतन से वसूली का प्रावधान किया गया है, साथ ही अनुशासनात्मक कार्यवाही का भी प्रावधान है। संयुक्त संचालक एवं इससे उच्च स्तर के अधिकारी 8.50 लाख तक की ही गाड़ी की सवारी कर सकेंगे। मैदानी कार्यालयों के अधिकारियों के लिए अधिकतम 10 लाख की ही गाड़ियां खरीदी जा सकेंगी। ओपी के इस आदेश के बाद 25 से 30 लाख की चमचमाती इनोवा चढ़ने वाले अफसर खासे परेशान हैं। वित्त विभाग के इस आदेश के बाद अब कुल मिलाकर अफसरों को हाथी की सवारी करने के बाद ऊंट की सवारी करनी पड़ेगी।

सांसद से अब फिर पार्षद की ओर सुनील

देशभर में इन दिनों भाजपा की राजनीति ही कुछ जुदा किश्म की दिखाई दे रही है। इस दौर में कब, कौन, क्या? बन जाए कोई ठिकाना नहीं है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में एक झटके में मुख्यमंत्री के चेहरों को किनारे कर दिया गया। कई केन्द्रीय मंत्री भी बदल दिए गए, पर किसी ने चूं नहीं की। तो भला सांसदों की क्या मजाल है कि वह कुछ बोल दें। ऐसा ही कुछ रायपुर से सांसद सुनील सोनी के साथ हुआ। सुनील ने पिछला लोकसभा चुनाव रिकार्ड मतों से जीता था, फिर भी बेरहमी से पार्टी ने उनका टिकट काट दिया। पांच साल के कार्यकाल में सुनील पर कोई आरोप-प्रत्यारोप भी नहीं लगे फिर भी उन्हें घर बिठा दिया गया। खैर अब सुनील की टिकट कट चुकी है, 4 जून को रायपुर को नया सांसद मिल जाएगा। लेकिन सुनील का क्या होगा? ऐसे में सुनील क्या करेंगे? इस पर चर्चा छिड़ी हुई है। कहा जा रहा है कि सुनील सोनी अब एक बार फिर निगम की राजनीति में सक्रिय हो गए हैं। लेकिन यहां भी समस्या है अब महापौर का चुनाव जनता सीधा नहीं कर सकती। सुनील को पहले पार्षद का चुनाव लड़ना होगा। मौजूदा नियमों के आधार पर पार्षद बनने के बाद ही वह अगली सीढ़ी चढ़ सकते हैं। उसमें भी राजनीतिक जोखिम है, बीजेपी का दूसरा खेमा इस बार महिला महापौर बनाने पर जोर दे रहा है। कुल मिलाकर सुनील सांसद के बाद अब एक बार फिर पार्षद के लिए जोर अजमाइस करेंगे। महापौर बन गए तो उनकी किश्मत वरना वो जहां से राजनीति की शुरुआत की वहीं फिर खड़े दिखाई देंगे।

कद्दावरों के बीच जनता की झोली खाली

छत्तीसगढ की राजनीति में कवर्धा का अपना एक अलग स्थान रहा है। यहां की राजनीति से निकलकर कई साधारण कार्यकर्ता दिग्गज नेता बन गए। सीधे, सहज स्वाभाव के डॉ. रमन सिंह कवर्धा की माटी से निकलकर 15 साल राज्य के मुख्यमंत्री रहे। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे, वर्तमान में वह राज्य के विधानसभा अध्यक्ष हैं। मोहम्मद अकबर कांग्रेस सरकार में दो-दो बार मंत्री रहे। अब विजय शर्मा एक सामान्य कार्यकर्ता से सीधा राज्य के उपमुख्यमंत्री हैं। यह कवर्धा की माटी का कमाल है, यहां से निकला नेता सीधा कद्दावर नेता बन जाता है। पहले रमन फिर अकबर और अब विजय पर राज्य की बड़ी जिम्मेदारियां हैं। तीनों नेता अपने समय में कद्दावर रहे हैं, फिलहाल विजय शर्मा कद्दावर नेता बन चुके हैं। जाहिर सी बात है जिम्मेदारी बड़ी तो कार्यक्षेत्र का दायरा भी बढ़ जाता है। लेकिन जब यह दायरा बढ़ता है तो क्षेत्र के लिए समय घटता चला जाता है। रमन कवर्धा से निकलकर राजनांदगांव पहुंच गए। अकबर ने कवर्धा से ज्यादा राजधानी से मोहब्बत की। कुल मिलाकर बीते कई वर्षों में कवर्धा की जनता को स्थानीय विधायक का सुख नहीं मिल पा रहा। कवर्धा की जनता के लिए अपने विधायक से मिलना तीर्थ यात्रा करने के समान है। क्योंकि यहां से निकला नेता सीधा कद्दावर बन जाता है। इसी पर कबीर दास जी कहते हैं **'बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर, पंथी को भी छाया नहीं फल लगे अति दूर'**।

रेरा से जादा जीएसटी का खौफ

बिल्डरों पर नकेल कसने और आम जनता के हितों के लिए रेरा का गठन किया गया । लेकिन जटिल नियम प्रक्रिया के चलते आम जनता अपनी शिकायत रेरा तक नहीं लेकर जाते। लाख परेशानियां हों लेकिन रेरा में उपभोक्ता जाना ही नहीं चाहता। शायद इसी का फायदा बिल्डरों को मिल रहा। नियम प्रक्रिया जटिल होने के कारण बिल्डरों में भी रेरा का दबाव न के बराबर देखा जा रहा है। लेकिन जीएसटी विभाग ने बिल्डरों की नब्ज पकड़ ली है। कहा जा रहा है कि कच्चे-पक्के के खेल में भारी-भरकम सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने की खबर से जीएसटी विभाग सक्रिय हो चुका है। शायद इसी कारण राज्य के बिल्डरों पर जीएसटी की लगातार कार्यवाही जारी है। दरअसल में प्रदेश के लगभग सभी बिल्डर कच्चे-पक्के का कारोबार करते हैं जिसमें एक बड़ी रकम कच्चे में यानि की नगदी ले ली जाती है। शेष रकम सरकारी गाइड लाइल यानि कि पक्के में ली जाती है। इस खेल में बिल्डरों द्वारा सरकारी राजस्व को अच्छा खासा चूना लगाया जाता है। सरकारी करों में हो रहे नुकसान के कारण अब जीएसटी विभाग के टारगेट में राज्य के बिल्डर हैं। जाहिर सी बात है ऐसे में रेरा से ज्यादा खौफ इन दिनों जीएसटी का दिख रहा है।

निगम-मंडल के पहले दो मंत्रियों की छुट्टी

छत्तीसगढ़ में लोकसभा के लिए सभी सीटों पर मतदान सम्पन्न हो चुके हैं। चुनाव सम्पन्न होते ही निगम-मंडलों की नियुक्तियों को लेकर खींच-तान शुरु हो गई है। नए-पुराने नेता अपने-अपने दांव लगाना शुरु कर दिए हैं। अपने पसंदीदा और करीबी चेहरों को कुर्सी में बिठाने की जुगत चालू हो चुकी है। इस बीच यह कहा जा रहा है कि निगम मंडल की नियुक्यिों से पहले दो मंत्री बदले जाएंगे। इसमें कितनी सत्यता है यह तो आने वाले दिनों में ही स्पष्ट हो सकेगा। वैसे भी वर्तमान में एक मंत्री का कोटा रिक्त है। वहीं केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल यदि चुनाव जीतकर आते हैं तो एक और मंत्री पद रिक्त हो जाएगा। ऐसे विष्णु मंत्रीमंडल में चार और नए चेहरे देखने को मिल सकते हैं। सम्भव है कि इसमें रमन सरकार में मंत्री रहे कुछ नेताओं को भी जगह मिल जाए।

आचार संहिता में भी करोड़ों का वारा न्यारा

कहने को तो आचार संहिता के दौरान सभी सरकारी काम रुक जाते हैं। लेकिन राज्य में एक ऐसा विभाग हैं जो आचार संहिता के दौरान भी 100 रुपए के स्टाम्प में एमओयू करके करोड़ों का वारा न्यारा कर दिया है। इस विभाग के अफसरों ने न ही आचार संहिता की परवाह की और न ही भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम छेड़ने वाली विष्णु सरकार की चिंता की। 26 अप्रैल 2024 को विभाग के अफसर और कम्पनी ने एमओयू साइन किया गया, इस दौरान आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। आरोप यह भी है कि इसमें बड़े अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों के वारे न्यारे कर दिए गए हैं। खैर यह तो जांच का विषय है, लेकिन प्राथमिक रुप से आचार संहिता के दौरान ही एमओयू साइन कर दिया गया है। जिसकी वजह से बड़ी गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है। लोग मामले का दस्तावेज खंगालना शुरु कर दिए हैं। देर सबेर इस मामले का खुलासा होगा जिससे विभाग की जमकर फजीहत हो सकती है।

editor.pioneerraipur@gmail.com

स्कूल की गर्मी छुट्टी में समय का सदुपयोग

बच्चों को रचनात्मकता की ओर ले जाने के लिए बेहतर प्रयास है समर कैम्प : डॉ. गौरव

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर जिले में छात्र-छात्राओं के लिए समर कैंप 2024 का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने समर कैंप 2024 का शुभारंभ किया जिसमें अब तक 600 से ज़्यादा छात्र-छात्राओं ने निःशुल्क पंजीयन करा लिया है। इस समर कैंप को लेकर बच्चों में भारी उत्साह है, काफी बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा भी ले रहे है। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने कहा कि स्कूल की गर्मी छुट्टी में समय का सदुपयोग करते हुए बच्चों को रचनात्मकता की ओर ले जाने के लिए बेहतर प्रयास है समर कैम्प। उन्होंने कहा कि जून में चिल्ड्रन मार्केट के माध्यम से समर कैम्प से बच्चों द्वारा निर्मित वस्तुओं का विक्रय करेंगे इसका उद्देश्य होगा बच्चों में इंटरपिन्योर्शिप की भावना लाना एवं लोगो से सीधा संवाद करने की विधा में निपुर्णता लाना। उल्लेखनीय है कि जे.आर. दानी शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कालीबाड़ी में पंजीयन सुबह 7 से 10 बजे के मध्य करा सकते है। जिसमें स्पोकन इंग्लिश, कैलीग्राफी, रूबिक्स, साईस मॉडल, हैंडीक्राफ्ट, योगा एवं ध्यान, बेस्ट आउट ऑफ़ बेस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंट, पेंटिग, बांसुरी वादन, नृत्य गायन, कठपुतली, मेहंदी, शतरंज, रोप स्कीपिंग, बॉलीबॉल, खो-खो, फुटबॉल, ताईक्वाण्डो जैसे अनेक विधाओं को शामिल किया गया है। शुभारंभ अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, ज़िला पंचायत सीईओ विश्वदीप, रायपुर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नंदकुमार चौबे सहित भारी संख्या में पालक एवं बच्चे उपस्थित रहें।

एक खदान पर कार्यवाही के बाद शिकायतों का दौर शुरू, माहूद से भी चैन माउंटेन को किया गया जब्त

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

चारामा क्षेत्र में इन दिनों रेत खदानों में चैन माउन्टेन मशीनों से रेत निकालने वालों पर धड़ाधड़ कार्यवाही की जा रही साथ ही बिना रॉयल्टी के रेत का परिवहन कर रहे वाहनों पर भी कार्यवाही की जा रही है। बता दे कि चारामा क्षेत्र में लगभग 6 से सात खदानें संचालित हो रही है जहाँ नियमों को ताक पर रख रेत का उत्खनन किया जा रहा हालांकि यह कार्य काफी दिनों से चल रहा है लेकिन समय-समय पर खनिज विभाग व राजस्व विभाग शिकायत के आधार पर कार्यवाही करती है। बता दें कि भिरौद रेत खदान में शुक्रवार को एसडीएम द्वारा कार्रवाई कर चैन माउंटेन मशीन और चार हाइवा जब्त करने के बाद एक ही खदान में कार्रवाई होने की खबर लगने से दूसरे दिन क्षेत्र में अन्य रेत खदानों में चैन माउंटेन मशीन जब्त करने के लिए खनिज विभाग की टीम सुबह से ट्रेलर लेकर मुस्तैदी से तैयार खड़ी थी। जिसके बाद शनिवार सुबह 11 बजे माहूद रेत खदान में पहुंचकर चैन माउंटेन मशीन को जब्त किया गया। जिसके बाद चैन माउंटेन क्रमांक 21 SY210C000048 को थाना लाया गया।

राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का नाम बदलना भाजपा की घटिया राजनीति : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

साय सरकार द्वारा राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना का नाम बदले जाने का कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह भाजपा की स्तरहीन राजनीतिक सोच है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश के खेतिहर भूमिहीन मजदूरों तथा पौनी पसारी का काम करने वाले ग्रामीण जनों के कल्याण के लिये राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना शुरू किया था। जिसके तहत भूमिहीन ग्रामीणों को पहले 7000 वार्षिक बाद में 10 हजार वार्षिक दिया जाता था। दुर्भाग्यजनक है कि साय सरकार 5 माह में जनकल्याण की कोई नई योजना शुरू नहीं कर पाई पुरानी सरकार की योजना का नाम बदलकर दीनदयाल भूमिहीन मजदूर न्याय योजना कर दिया। इस योजना से पौनी पसारी के लोगो को अलग करने का भी षड्यंत्र किया जा रहा है। योजनाओं का नाम बदलना सरकार के मानसिक दिवालियेपन को दर्शाता है। 5 माह में एक भी मौलिक योजना शुरू नहीं कर पाई भाजपा सरकार अब नाम बदल रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद जनकल्याणकारी योजनायें दम तोड़ चुकी है। किसानों को मिलने वाली राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त नहीं दिया गया।

19 May 2024 Pride Of Raipur

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403